वैदिक काल के प्रारम्भिक समय में कृषि कार्य व पशुपालन प्रमुख कार्य था। कालान्तर में अनेक अन्य उद्योगों का भी विकास हुआ। वेदों में लगभग 400 वृत्तियों का उल्लेख पाया जाता है। आर्य अनेक प्रकार के अन्य उद्यमों में संलग्न थे जिनमें हाथ के कौशल व कारीगरी की विशेष आवश्यकता पड़ती थी जिन्हें शिल्प उद्योग के नाम से जाना गया। ऋग्वेद के सूक्त (1.112.3) में एक ही परिवार के विभिन्न पेशेवालों की स्वाभाविक प्रवृत्तियों का वर्णन है। वैदिक कालीन शिल्पकला निम्न रूपों में परिलक्षित थी– वस्त्र निर्माण करने वाले वाय कहे जाते थे। वस्त्र निर्माण में ताने–बाने का उपयोग था। सूत्री वस्त्र का उल्लेख नहीं मिलता पर रेशम के वस्त्र बनाए जाते थे। लकड़ी के विभिन्न वस्तुएँ बनाने वाले को तक्षा कहा जाता था। ऋग्वेद में वर्णित पोत, नाव व रथों को निर्मित करने में इनका प्रमुख योगदान था। ऋग्वेद में काषणामस (लोहा या ताँबा), रजत (चाँदी), त्रपु (टिन) आदि धातुओं का ज्ञान था। मिट्टी के बर्तन एवं विभिन्न मुर्त्तियों को ये निर्मित करते थे। कुम्हार शिल्प के माध्यम से गृहस्थ संस्कृति का पता चलता है। इसके अतिरिक्त शिल्पियों में चमड़े का काम करने वाले, चटाई बनाने वाले इत्यादि अन्य शिल्पकार भी मौजूद थे। अतः कहा जा सकता है कि वैदिक युग शिल्प वाणिज्य के विकास का युग था।

# 39
# ऋग्वेद संहिता में नाट्यकला

**डॉ. अनामिका**
अस्टिेन्ट प्रोफेसर, गार्गी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: anamikarsh@gmail.com*

वेद भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व हैं। जनमानस में एक भ्राति धारणा है कि वेद में केवल धर्म, यज्ञ का विवेचन है या तो देवताओं की स्तुति भरी हुई है। परन्तु यदि हम सूक्ष्म दृष्टि से देखें तो वेद ज्ञान, विज्ञान एवं सौन्दर्यकला से पूर्ण है। 'कला' शब्द अच् प्रत्ययान्त कल् धातु से स्त्रीलिंग में टाप् प्रत्यय जोडकर बना है। कला का निरुक्तिलभ्य अर्थ है–*'कलयति वृद्धितो धर्म संगहृणति संचिनोति।'* इस तरह कला को सुख का साधन बताया गया है। काव्य की दृष्टि से, साहित्यिक दृष्टि से, नाट्यकला की दृष्टि से वैदिक साहित्य की गुणवत्ता असन्दिग्ध है। भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र की वैदिक उपजीव्यता को उद्घाटित करते हुए कहा है–*'जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च। यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि'*। इसके अनुसार ऋग्वेद से संवादों का, सामवेद से गीतों का, यजुर्वेद से अभिनय का तथा अथर्ववेद से रसों का ग्रहण कर नाट्य रचना सम्पन्न हुई। अभिप्राय यह है कि अथर्ववेद को रस स्रोत मानना चाहिए और अथर्ववेद में ऋग्वेद के बहुत मंत्र हैं। इसलिए ऋग्वेद में भी रस उपलब्ध है, यथा पुरुरवा एवं उर्वशी सदर्भ। वेद में सौन्दर्य कला ना सिर्फ काव्य के रुप में उपलब्ध होती है परंतु प्रकृति के वैभव एवं जीवन को आनन्दमय बनाने वाले सौन्दर्यपरक वस्तुओं का भी उल्लेख हमें ऋग्वेद में प्राप्त होता है जो नाट्यकला में सहयोग करते थे। इससे बढ़कर और नाट्य प्रसंग क्या होगा कि

ऋग्वेद में जो नन्दन उद्यान का चित्रण है, जहाँ स्वयं देवगण एवं ऋषिगण नाना भाव भूमिका में नाट्याचार्य नटराज भगवान की लीला देखते हैं और करते है। इस प्रकार प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य ऋग्वेद के उन सूक्तों को बताना है, जिसमें संवाद अथवा कथोपकथन है। ये सूक्त उन सबसे अधिक प्राचीन प्रणाली के रूप में लिखे गए है, जिसके आधार पर परवर्ती नाट्य कृतियों की रचना संभव हुई।

## 40
# ललित कलाओं का उत्तम निदर्शन : वैदिक यज्ञ

**डॉ. अनिता खुराना**
सह आचार्य–संस्कृत, स.पृ.चौ. राजकीय महा., अजमेर (राजस्थान)
*E-mail: khurana.anita5@gmail.com*

वैदिक साहित्य में वेद और यज्ञ का सम्बन्ध मुख्य रूप से शरीर एवं प्राण की भाँति है। वेद देहरूप है तो यज्ञ उसका प्राण। वेदों में यज्ञ को केन्द्र रूप में मानकर इसका सर्वाधिक्य प्रकट किया गया है। "*यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म*" सहस्राब्दियों से चली आ रही शतपथ ब्राह्मण की यह सूक्ति यज्ञ संस्कृति का वैशिष्ट्य दर्शाती है। ललित कला में काव्य, संगीत तथा चित्रकला का समावेश होता है। यज्ञ में ललित कलाओं का पूर्ण रूप से समावेश है। यज्ञों में काव्य, संगीत, चित्रण और सजावट का पूर्ण प्रबन्ध होता है। इससे मनुष्य का हृदय प्रफुल्लित होता है।

मनोरंजन का सबसे उत्तम साधन संगीत है। यज्ञों में साम गायन के लिये उद्गाताओं की नियुक्ति होती है जो सदैव वीणा द्वारा सामगायन किया करते हैं जिससे अलौकिक आनन्द प्राप्त होता है। संगीत के आदि ललित कला का दूसरा मनमोहक विषय काव्य है। वेद स्वयं काव्य रूप है। वेदों की सी छायामयी और भावमयी कविता, वीणा के साथ ताल, स्वर और अनेक प्रकार की तानों के साथ गाई जाने वाली इतनी उत्कृष्ट कविता के श्रवण सुख का आनन्द बिना सुने कैसे वर्णित किया जा सकता है? ललित कला की तीसरी महान् वस्तु चित्रकला है। गृह प्रवेश और महादेवों की प्रतिष्ठा के समय अनेक रंग के अन्नों से यज्ञवेदियाँ चित्रित की जाती थीं। यज्ञों में अनेक पक्षियों की शक्ल के कुण्ड, ध्वजा, पताका, तोरण और बन्दनवारों से यज्ञवेदी, मण्डप, यज्ञप्रदेश को दिव्य, चित्ताकर्षक और मोहक बनाया जाता था जिससे आँखों को पूर्ण तृप्ति मिलती थी। इस प्रकार यज्ञ में मनुष्य की पाँचों इन्द्रियों की तृप्ति होती थी। संगीत से कान, चित्रकला और सजावट से नेत्र, हवन की सुगन्धि से नासिका, नाना प्रकार के हविष्यान्न, मधुपर्क, फलों के पुरोडाश (भोजन) से जिह्वा, सायं–प्रातः आग्नेय हवन की गर्मी से त्वचा को तृप्ति होती थी। इस प्रकार वैदिक यज्ञ ललित कलाओं के उत्तम निदर्शन हैं।

## 41
# वैदिक एवं जैन चित्रकला : एक परिचय

**डॉ. अनुभा जैन**
अस्टिेन्ट प्रोफेसर, संस्कृत, गुरु नानक गर्ल्ज़ कॉलेज, यमुनानगर (हरियाणा)
*E-mail: dranubhajain@gmail.com*

वैदिक कालीन ऋषि किसी भी विषय या कृत्य में निहित कौशल को ''कला'' मानते थे। तत्त्कालीन समाज में सामान्यतः रूप से उपयोगी और ललित–दोनों प्रकार की कलाएँ कला–कोटि में ही

परिगणित होती थीं। ऋग्वेद के एक मन्त्र में '*यथा कलां यथा शफम्.....*' 'कला' शब्द प्रयुक्त हुआ है। यजुर्वेद के 30वें अध्याय में 64 कलाओं का नाम वर्णित है। इन्हीं कलाओं का उल्लेख वात्स्यायन में अपने ग्रन्थ कामसूत्र में किया है। स्पष्ट रूप से कहा जाता सकता है कि भारतीय कला का इतिहास भारतीय सभ्यता के उदय के साथ ही प्रारम्भ हुआ क्योंकि कला ही मानव की आत्माभिव्यक्ति को प्रकट करने का सशक्त साधन है। इस प्रकार मौखिक एवं लिखित रूप से अपने उद्गारों को पूर्णतया स्पष्ट करने में असमर्थ मानव ने चित्रकला के माध्यम से व्यक्त करने की चेष्टा आरम्भ की। आदिमकाल में जब भाषा और लिपि–चिन्हों का अविर्भाव नहीं हुआ था, रेखाओं के संकेत से ही व्यक्ति स्वयं को अभिव्यक्त करता था। गुफाओं के अन्दर आज जो शिलाचित्र मिलते हैं, वे चित्रकला कला के आदि प्रमाण हैं। शनैः शनैः भारतीय चित्रकला का पर्याप्त विकास हुआ, समयानुकूल परिस्थितियों के अनुरूप उसकी अनेक विधाएँ, प्रकार एवं परम्पराएँ विकसित हुईं। वात्स्यायन ने इस चित्रकला को 'आलेख्य' पद के द्वारा वर्णित किया है एवं चौथे स्थान पर रखा है। विभिन्न कलाओं के क्षेत्र में ई0 पू0 दूसरी सदी से जैन धर्म में कला का व्यापक रूप से प्रचार हुआ। जैन चित्रकला की अपनी विशिष्ट परम्परा रही है जिसमें ताड़पत्रों, वस्त्रों, कागजों पर बने चित्र अत्यन्त प्राणवान, रोचक और कलापूर्ण हैं। जैन भित्ति चित्रकला का सबसे प्राचीन उदाहरण तंजौर के समीप सित्तनवासल की गुफा में मिलते हैं जिनका निर्माण पल्लवनरेश महेन्द्रवर्मा प्रथम के राज्यकाल (625 ई0) में हुआ था। विभिन्न प्राचीन जैन ग्रन्थों में जैन चित्रकला के विविध पक्षों का वर्णन मिलता है। कागज की सबसे प्राचीन चित्रित प्रति सन् 1427 में लिखित कल्पसूत्र है जो लन्दन की इन्डिया आफिस लाईब्रेरी में स्थित है। जैन चित्रकला में भावाभिव्यक्ति, रंग योजना सौन्दर्य की अनुपम सजीव कृतियाँ चित्रित हैं। अतः जैन साहित्य एवं कला का अध्ययन भारत की प्राच्य संस्कृति को जानने के लिए नितान्त आवश्यक है।

# 42
# वेद में वास्तुकला

**श्री अनुज कुमार शुक्ल**
शोधच्छात्र, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.)
*E-mail: taurusanuj07@gmail.com*

वैदिक वाङ्गमय में वास्तु का सामान्य अर्थ गृह या भवन है तथा विशेष अर्थ–गृह निर्माण हेतु उपयुक्त भूखण्ड। 'वास्तु' शब्द की व्युतिपत्ति 'वस्' वासे धातु से हुई है। यह 'वस्' धातु किसी स्थान में वास करने की द्योतक है। उणादि सूत्र {वसेस्तुन् 1–78} के अनुसार इसमें 'तुन्' प्रत्यय लगाया गया है क्योंकि इस प्रत्यय को 'णित्' माना जाता है। {अगारे णिच्च 1–79}। वास्तु का व्युत्पत्तिलभ्यार्थ है–*वसन्त्यस्मिन्नितिवास्तुः* अर्थात् वह भवन जिसमें मनुष्य निवास करते है, उसे वास्तु कहते है। वास्तु के वैदिक देवता का नाम वास्तोष्पति है। ऋग्वेद के दो सूक्त में वास्तु तथा भवन पर शासन करने वाले देवता 'वास्तोष्पति' से अपने सकल कल्याण की कामना से बार–बार प्रार्थना की गई है। वैदिक काल में वास्तुकला अपने विकसित रूप में थी। वैदिक वाङ्गमय में वास्तुकला से संबन्धित अनेक प्रसंग एवं शब्द इस बात के साक्ष्य हैं, जैसे–स्कम्भ {घरों की छत आदि को टिकाने वाले स्तम्भ}, इन्द्र को स्कभीयान अर्थात् सर्वश्रेष्ठ स्तम्भ या खम्बे का स्वामी कहा है। घर के भिन्न–भिन्न भागों को खम्भों पर {स्तम्भें पर} टिकाते थे। एक मन्त्र में मजबूत आधार पर स्थापित किये गये तीन खम्भों का वर्णन है, उनके ऊपर तिकोनी या ढोलकाकार छत बनाई जाती थी। स्तम्भ की नींव को 'धरूण' के नाम से जाना जाता था।

वैदिक वास्तु विन्यास– वेदों में भवन या घर के पर्याय के रूप में कई शब्दों का प्रयोग हुआ है। जैसे–गृह, हर्म्य, सदन, दम, दुरोण, अस्त, शरण तथा पस्त्या। इस भवन के चार प्रमुख भाग होते थे।

प्रथम भाग सामने के ऑगन सहित गृह द्वार, दूसरा भाग सदस या स्थायिका {बैठक} थी जिसे सभा और कालान्तर में आस्थान मण्डप भी कहा गया है। राजमहलों का यह वह भाग था जिसमें राजदरबार का लगना तथा अतिथिस्वागतस्थल होता था। घर का तृतीय भाग पत्नी सदन हुआ करता था बाद में जिसे अन्तःपुर कहा गया जाने लगा। घर का चौथा भाग अग्निशाला या यज्ञशाला कहलाता था, जहॉ श्रौत अग्नियों का आधान किया जाता था इसीलिए इसे अग्निशरण भी कहते थे। कालान्तर में यही अग्निशरण देवगृह की संज्ञा से अभिहित हुआ। गृह या प्रसाद निर्माण की यह स्पष्ट योजना भारतीय परम्परा में निरन्तर चलती रही। गृह–निर्माण छोटे या बड़े अनेक रूपों में किया जाता था। बड़े गृह को बृहत्मान {*बृहन्तंमानंवरूण स्वधावः*} तथा छोटे गृह को शाला कहा जाता था। अथर्ववेद के दो शाला सूक्तों में घर के अन्य भागों का वर्णन किया गया है। घर के समस्त सौन्दर्य की पराकाष्ठा की अभिव्यक्ति के लिए उसकी तुलना {*सद्यः विवाहिता*} नववधू से की गई है। उस युग में जब कोई गृहपति घर का निर्माण करवाता था तो उसके मानस में यही होता था कि यह शाला गोमती, अश्वावती, पयस्वती, घृतवती, ऊर्जस्वती और सुनृतावती बनकर मेरे लिए कल्याणकारी और महान सौभाग्य को प्रदान करने वाली होगी।

# 43
# शतपथ ब्राह्मणकालीन कला–विमर्श

**डॉ. अपर्णा (धीर) खण्डेलवाल**
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, इन्स्टिटयूट ऑफ ऐड्वान्स्ट साइान्सीस, डार्टमोथ, यू.एस.ए.
एवं सचिव (प्रशासन), वेव्ज़
*E-mail: dhir.aparma@gmail.com*

'*सर्वज्ञानमयो हि सः*' (मनुस्मृति 2/7) कहकर आचार्य मनु ने वेदों को सभी प्रकार के ज्ञान की खान माना है। वैदिक वाङ्मय के अध्ययन से अनेक प्रकार की तत्कालीन समाज में प्रचलित कलाओं को ज्ञात किया जा सकता है। प्रस्तुत अध्ययन के लिए शुक्लयजुर्वेदीय वाजसनेयी–संहिता की माध्यांदिन शाखा से सम्बद्ध शतपथ ब्राह्मण को ग्रहण किया है। विपुलकाय शतपथ ब्राह्मण में विविध कलाओं की चर्चा यत्र–तत्र उपलब्ध है। सामान्यतः कला से अभिप्राय युद्धकला, वास्तुकला, नृत्यकला, संगीतकला, लेखनकला, अभिनयकला, वस्त्रकला, काव्यकला, चित्रकला आदि के ज्ञान से माना जाता है।

शतपथ ब्राह्मण के कई सन्दर्भों (3/3/3/1, 12/8/3/13) में 'सोलहवें भाग' के रूप में 'कला' शब्द प्राप्त है परन्तु कला–कौशल अर्थ में विभिन्न कलाओं की अभिव्यक्ति प्रस्तुत ब्राह्मण में कर्मकाण्डीय शैली में कही गई है। वास्तुकला विषयक ईंटों, दिशा–ज्ञान, खनन–क्रिया, मापने की विधि, गृहवाचक पद, वेदी–निर्माण के सिद्धान्त यहाँ अनेकाशः हैं। अभिनय कौशल के लिए संवादों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण मानी गई है। शतपथ ब्राह्मण के चतुर्दश काण्ड में मिलने वाले याज्ञवल्क्य का जनक, मैत्रेयी, गार्गी इत्यादि के साथ संवादों अभिनय की पृष्ठभूमि के रूप में देखा जा सकता है। वस्त्र की बुनाई के विषय में कुशा घास के उदाहरण शतपथ में द्रष्टव्य है– '*कौशं वासः परिधिपयति*' (5/2/1/8)। सुई–धागे से सिलाई एवं कढ़ाई (3/6/1/25) एवं ऊनी वस्त्रों (12/5/1/13) का प्रचलन था। यज्ञ प्रधान संस्कृति में गीत–संगीत के प्रति जागरूक्ता को '*नासामा यज्ञोऽस्तीति*' (1/4/1/1) अर्थात् बिना सामगान के यज्ञ नहीं होता, इस विचारधारा से ज्ञात किया जा सकता है।

संगीत–यन्त्रों (14/5/4/7–9) यथा– दुन्दुभि, वीणा तथा शंख का उल्लेख तत्कालीन समाज में संगीत की लोकप्रियता की ओर ध्यान आकृष्ट करता है। लयमय गान हेतु स्वरों की ऊँची–नीची गति का विचार भी शतपथ में किया गया है (11/4/2/6)। इन सबके अतिरिक्त भी प्रस्तुत ब्राह्मण ग्रन्थ में विभिन्न शिल्पकारों यथा– रथकार, धातुकार, मणिकार, हिरण्यकार तथा ज्योतिषशास्त्र विशेषज्ञ, चिकित्सीय–कौशल के ज्ञाता आदि कलाओं की तत्कालीन समाज में व्यवाहरिकताओं को जाना जा सकता है।

# 44
# वैदिक वाद्ययंत्रों का क्रमिक विकास

**डॉ. अर्चना चौहान**
असि. प्रोफेसर, चित्रकला, श्री सनातन धर्म प्रकाश चन्द्र कन्या पी.जी. कॉलेज, रूड़की (उत्तराखण्ड)
*E-mail: mrsingh46464@gmail.com*

मानव के कल्पनाशील मन ने प्रकृति प्रदत्त साधनों के आधार पर वाद्यों की संरचना की और परमब्रह्म ईश्वर के समक्ष नतमस्तक हो वैदिक काल में ये उसे ही समर्पित किये। तमोगुणी रूद्र ने डमरू को ग्रहण किया। सात्विक गुणी शंख को विष्णु ने धारण किया। इन्द्र अर्थात इन्द्रियों का राजा को इनके अनुरूप रजोगुणी वाद्य 'मेघ' गर्जन प्रदान किया गया। भारतीय संगीतशास्त्र में अब तक प्राप्त अनेकानेक वाद्यवर्गीकरण में भरतमुनि वाद्य वर्गीकरण ही सार्वधिक प्राचीन सर्वश्रेष्ठ एवं वैज्ञानिक आधार युक्त है। अन्य संगीत विद्वानों ने इसी विभाजन को थोड़े बहुत रूपांतर के साथ, मान्यता प्रदान की है। अभिनवगुप्त ने नाट्यशास्त्र की टीका ये तत्, अवनद्ध तथा घन शब्दों की सुस्पष्ट व्याख्या की है। इनके अनुसार तन्त्रियों के कारण तत् चर्मबन्धन के कारण अवनद्ध तथा ताल वाद्य की सुस्पष्टता सघनता एवं सुन्दरता की चिरस्थाई बनाने के लिए घन वाद्य विशेष की संरचना हुई।

विष्णु धर्मोत्तर पुराण में तत् सुषिर, घन और अवनद्ध यही वाद्य वर्गीकरण उल्लिखित है। वाद्यों के सृजन के मूल में प्रकृति के अन्य उल्लास आनंद का शाश्वत प्रवाह था। सहस्त्र वर्ष पूर्व भी संगीत सदैव आत्मस्वरूप दिव्य अनुभूति के रूप में मानवरहित प्रकृति के कण–कण में गुथा हुआ था। उल्लास, पक्षियों की करलव, तरूणावस्था का सृजित सौन्दर्य, ऋतुओं का आल्हाद, नदियों का उन्मत जलनिनाद, स्त्रोतों का वेगवान प्रवाह, इस प्रकार सौन्दर्यात्मक दिव्यानुभुतियाँ अचेतन मन में सुप्तावस्था में थी। अतः प्रकृति आनंदमय स्वरूप का सुधावर्णन मानव अन्तराल को स्पर्श करता था। जब मनुष्य अपनी साधना से प्रवाहमान करने लगा संगीत की रसानुभूति स्पष्ट से स्पष्टतर होने लगी। कण्ठ संगीत और वाद्य इस स्पष्ट अनुभूति के सुरीले हस्ताक्षर बना।

# 45
# पुराणों में संगीत कला

**डॉ. अर्चना रानी दुबे**
सीनियर फेलो (आईसीएसएसआर), संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन संस्थान, जे.एन.यू, दिल्ली
*E-mail: dr.archana.dubey61@gmail.com*

संगीत मानव के लिए नैसर्गिक है। यह मानव के लिए उतना ही स्वाभाविक है जितना रुदन। फिर भी इसका उद्‌भव कैसे हुआ, इस पर विद्वानों ने गहन चिन्तन किया है। '*गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं*

*संगीतमुच्यते* (संगीत रत्नाकर 1/21) – अर्थात् जिसमें गीत, वाद्य तथा नृत्य का लयात्मक समन्वय दृष्टिगोचर होता है, वह संगीत कला है। अन्य अनेक विद्याओं की भाँति संगीत कला की उत्पत्ति भी वेदों से ही स्वीकार की जाती है। मानव जीवन का ऐसा कोई भी पक्ष नहीं है, जिसका दर्शन हमें वेदों में न होता हो। हमारी संस्कृति की कला, ज्ञान और आध्यात्मिक आस्था आदि जीवन के सभी तत्त्वों का सम्बन्ध वेदों से है। भारतवर्ष का सबसे प्राचीन, नियमित और सुसम्बद्ध संगीत जो मिलता है, वह वैदिक काल का है। वैदिक संगीत की परम्परा वैदिक संहिताओं के गायन से प्रारम्भ होकर ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, सूत्र ग्रन्थों तक प्रवाहित होती हुई शिक्षा तथा प्रातिशाख्य ग्रन्थों तक उपलब्ध होती है। इसी प्रकार पुराणों में भी संगीत कला के दर्शन होते हैं।

पुराणों के रचनाकाल के विषय में अनेक भ्रान्तियाँ हैं। पुराणों के रचनाकाल का कोई प्रबल प्रमाण नहीं मिलता। जहाँ तक संगीत कला का प्रश्न है, उसका दर्शन हमें पुराणों में भी प्राप्त होता है। वैदिक संगीत की जो परम्परा ऋक् पाठ व सामगान से प्रारम्भ हुई थी उसी का विकास पुराणों में भी दिखाई देता है। पुराणों से हमें ज्ञात होता है कि भारतीय संगीत का प्राचीन स्वरूप क्या था? और इस विद्या का आविर्भाव किस लक्ष्य को लेकर हुआ है? इसका सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक उद्देश्य क्या रहा है? अगर गहनता से अध्ययन करते हैं तो पाते हैं कि पुराणों में कला के प्रधान अंग के रूप में संगीत का महत्त्व रहा है। पुराणों में संगीत विषयक क्या–क्या सामग्री उपलब्ध होती है, विशेष रूप से इसी की चर्चा प्रस्तुत शोधपत्र में की जाएगी।

# 46

# गृह–निर्माण कला का वैदिक स्वरूप

**डॉ. अरुणा शुक्ला**

एसोसिएट प्रोफेसर, बी. एल. एम. गर्ल्ज़ कॉलेज, शहीद भगतसिंह नगर, नवांशहर, (पंजाब)

*E-mail: arunashukla71@yahoo.co.in*

गृह–निर्माण के विषय में चर्चा करने से पूर्व हमें कला के वास्तविक स्वरूप के विषय में जान लेना अपेक्षित होगा। 'कला' शब्द स्त्रीलिंग धातु 'कल् + अच्–टाप्' से निष्पन्न है जिसका अर्थ है– किसी वस्तु का छोटा अंश अथवा टुकड़ा। वेद में 'कला' शब्द 'टुकड़े' या 'खण्ड' के अर्थ में आया है– '*यथा कलां यथा शफं* (ऋ. 8.47.17; अथर्व. 6.46.3; 19.57.1; तै.सं. 6.1.10; मै.सं. 3.7.7; श.ब्रा. 3.3.3.1, 3; 12.8.3.13)। मनुस्मृति में भी 'कला' शब्द का प्रयोग भाग के अर्थ में किया गया है– '*सर्वे ते जपयज्ञस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्* (मनु. 2.86) अर्थात् चारों पाकयज्ञ जपयज्ञ के सोलहवें भाग के बराबर भी नहीं है। पंचतन्त्र में 'कला' शब्द का प्रयोग भागरूप अर्थ में ही किया गया है– '*सर्वे ते मित्रगात्रस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम्* (पंचतन्त्र, 2.61)। कलाएं चौंसठ मानी गई हैं। भागवत की श्रीधरी टीका में चौंसठ कलाओं की सूची दी गई है। डॉ. रामबली पाण्डेय ने अपने ग्रन्थ 'हिन्दू–धर्मकोश' में लिखा है कि – कला का एक अर्थ जिह्वा भी है। हठयोग–प्रदीपिका (3.37) में कथन है– '*कलां पराङ्मुखो कृत्वा त्रिपथे परियोजयेत्*' अर्थात् जिह्वा को उल्टी करके नाड़ियों के मार्ग कपाल–गह्वर में लगाना चाहिए। उन्होंने कला को शिव की शक्ति का एक रूप माना है। शिव द्वारा विश्व की क्रमिक सृष्टि अथवा विकास की प्रक्रिया का ही नाम कला है। सभी कलाओं में शक्ति की ही अभिव्यक्ति है। शैव ग्रन्थों में भी चौंसठ कलाओं का उल्लेख है। 'कला' के विषय में परवर्ती कवि भर्तृहरि का कथन है– '*साहित्यसङ्गीतकलाविहीनः साक्षात् पशुः पुच्छविषाणहीनः*।'

प्रस्तुत शोध–लेख में गृह–निर्माण से संबंधित सन्दर्भों को आधार बनाकर चर्चा की गई है। यास्ककृत निघण्टु के तृतीय अध्याय के अन्तर्गत द्वाविंशति गृह नामों का उल्लेख मिलता है जो इस

प्रकार हैं– 'गयः, कृदरः, गर्त्तः, अस्तम्, पस्त्यम्, दुरोणे, नीडम्, दुर्य्याः, स्वसराणि, अमा, दमे, कृत्तिः, योनिः, सदमे, शरणम्, वरूथम्, छर्दिः, छाया, शर्म्म, अज्म'। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है उसे अपने निवास के लिए गृहादि की आवश्यकता होती है। इस व्यवस्थित गृह–निर्माण का निर्देश देते हुए अथर्ववेद 9.3.1 के सायण भाष्य में कहा गया है कि– 'उपमिताम्' अर्थात् शाला सबको दे। कौशिक सूत्र 8.7 में भी कहा गया है कि– '*उपमितां इति यच्छालयाः सह दास्यन् भवति तदन्तर्भवत्यपिहितम्*' अर्थात् 'शाला' घर को कहते हैं और दाता प्रतिग्रहीता को बांस आदि से भली प्रकार बंधी हुई शाला को खोलकर दे।

# 47
# वेदों में चित्रकला का एक अध्ययन

**डॉ. अशोक कुमार**
पी.डी.एफ., संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन केन्द, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
*E-mail: ashokscss@gmail.com*

कला शब्द की रचना कल्+अच्+टाप् धातु एवं प्रत्ययों के संयोग से हुई है। 'कल्' शब्द का अर्थ है ऐसा पदार्थ जो मन को प्रफुल्लित करे, आनन्दित करे अथवा सौन्दर्य की ओर उन्मुख करे। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा है कि जो सत् है, जो सुन्दर है वही कला है। भारतीय ग्रन्थों में विविध कलाओं के विषय में उल्लेख मिलते हैं। संस्कृत के प्राचीन ग्रन्थों में कलाओं की संख्या 64 मानी गयी है। उन सभी कलाओं में से चित्रकला भी एक प्रमुख कला है। चित्रकला का उल्लेख हमारे प्राचीन ग्रन्थों, शास्त्रों और साहित्य में उपलब्ध होता है। 'कामसूत्र' के प्रथम अधिकरण के तीसरे अध्याय की टीका करते हुए यशोधर पंडित ने आलेख्य (चित्रकला) के छह अंग बताये हैं:– (1) रूपभेद, (2) प्रमाण, (3) भाव, (4) लावण्य–योजना, (5) सादृश्य और (6) वर्णिका भंग।

वेदों में भी हमें चित्रकला से सम्बन्धित प्रचुर जानकारी प्राप्त होती है। ऋग्वेद में चमड़े पर बने अग्नि देवता के चित्र का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद के मंत्र में कलात्मक अभीत्साओं का मूर्धाभिषिक्त साक्ष्य प्रस्तुत करने वाले प्रसंगों के इन्द्र के घोड़े की शाल भंजिकाओं (ऋग्वेद, 4/32/36) से उपमा देना और विशाल सुनहरी द्वारेदेवियों को यज्ञशालाओं की चारों चौखट पर अंकित (ऋग्वेद, 1/5/5) अलंकृत स्त्री आकृतियों के विषय में उल्लेख मिलते हैं। ऋग्वेद के दो ऋचायें (9/5/5, 10/110/5) से पता चलता है कि उन ऋषियों ने उषादेवी और रात्रिदेवी की श्रीमुक्त उज्ज्वल आकृति को निहारा और उन दृहती मही (बृहत् एवं महान्) नक्तोषसा (रात्रि और उषा) की पर बडे गौर से विचार किया। वेदों के कई मंत्रों में 'चित्त' शब्द का प्रयोग मिलते हैं।

# 48
# ऋग्वेद में ललित–कला

**डॉ॰ धर्मा**
पूर्व उपाचार्या, लक्ष्मीबाई महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: drdharama@gmail.com*

ऋषियों की अन्तःप्रज्ञा से सम्प्रसूत, सर्वज्ञानमय वैदिकवाङ्मय के प्रथम प्रसून ऋग्वेद को कला का आदि स्त्रोत माना जाता है। विविध विद्वानों द्वारा प्रदत्त परिभाषाओं के परिशीलन के पश्चात् निष्कर्षतः

कहा जा सकता है कि कला मानव को आत्माभिव्यक्ति एवम् आत्मगौरव का अवसर प्रदान कर विशिष्ट आनन्द की अनुभूति कराती है। कलाकार स्वयम् आनन्दित होकर दूसरों को भी आनन्दित करता है। इसके द्वारा वह समाज में व्याप्त व्यग्रता, अनुताप, असन्तोष, वेदना, अभावादि संवेगों को ग्रहण कर अपने मन रूपी जगत् में ग्रथित कर, अपनी अनुभूति का बिम्ब बनाकर जब उसकी अभिव्यक्ति करता है तब वही कला का स्वरूप बनकर समाज में प्रतिबिम्बित होता है। प्रमुख रूप से कला को दो उपरूपों में विभाजित किया गया है–ललित–कला तथा उपयोगी कला। ललित–कला मनुष्य के सौन्दर्य–बोध, मानसिक–शक्ति एवं आनन्द की प्रतीक है। यह सुकुमारता तथा सौन्दर्य को व्यक्त करने वाली कला है। कुछ विद्वानों के अनुसार सङ्गीत, नृत्य, काव्य, चित्रकला, मूर्तिकला तथा वास्तुकला का सामूहिक नाम ललित–कला है। वेद तथा परवर्ती साहित्य में ललित–कलाओं के लिए 'शिल्प' शब्द का प्रयोग प्राप्त है। कौषीतकी ब्राह्मण में शिल्प में तीन वस्तुओं का समावेश स्वीकृत है–'*नृत्यं गीतं वादित्रमिति*' शतपथ–ब्राह्मण में भी शिल्प में नृत्य, गीत तथा वाद्य को ही लिया गया है। सम्प्रति विद्वान् शिल्प–विज्ञान को तकनीकी–विज्ञान से सम्बद्ध करते हैं।

ऋग्वेद में सभी ललित कलाओं का चित्रण अनेकत्र उपलब्ध है। सप्त–स्वर तथा 'उद्गाता' आदि का उल्लेख गायन का संकेत करता है। उषा देवी की तुलना सुन्दर एवं विविध–वर्णों के वस्त्र धारण करने वाली नर्तकी से की गई है। इन्द्र को 'नृत्त' तथा 'अश्विनौ' को नृत्य करने वाला कहकर सम्बोधित किया गया है। 'अश्विनौ' देवों ने 'बकुर' नामक वाद्य–यन्त्र बजाकर दस्युओं को भगा दिया। इसी प्रकार 'कर्करि' नामक वाद्य की चर्चा प्राप्त है। यद्यपि कतिपय विद्वान् काव्य को कला मानने के पक्ष में नहीं हैं। परन्तु इसे 'चारुशिल्प' भी कहा गया है। यह कलाकार की महती साधना, अन्तः–प्रज्ञा, प्रभा एवं अभ्यास से प्रसूत होती है। सौन्दर्य एवम् आनन्द की सृष्टि ही इसका मूल लक्ष्य है। ऋग्वेद में उच्चकोटि के काव्य के सभी गुण हैं। वहाँ भाव–सौन्दर्य, अर्थ–गाम्भीर्य, उदात्त कल्पनाएँ, रस, छन्द, अलंकार आदि सभी काव्य–तत्त्वों का प्रचुर मात्रा में समावेश है। अतः इसमें उत्कृष्ट काव्य के दर्शन होते हैं। प्रस्तर एवं काष्ठ की मूर्तियों का उल्लेख मूर्तिकला की पुष्टि करता है। चित्रकला का सम्बन्ध धार्मिक विद्वानों के साथ प्रस्तुत हुआ है। लौहमय नगर तथा सहस्रस्तम्भ युक्त प्रासादों का वर्णन वास्तुकला की ओर संकेत करता है।

# 49
# वेदों में संगीत का महत्व

**डॉ. बी.एस. धुर्वे एवं डॉ. किरण अग्रवाल**
सेवानिवृत्तप्राध्यापक, अर्थशास्त्र, शहडोल (म.प्र.)

वेद एवं संगीत का घनिष्ठ सबंध है। वेदों में आदर्श भावनाएँ, नैतिक द्रष्टिकोण, वैज्ञानिक विवेचन, आध्यात्मिक चिंतन के साथ संगीत कला का सुन्दर समन्वय दिखाई देता है। ऋग्वेद में गीत के लिए गीर, गातु, गाथा, गायत्र, गीति आदि शब्दों का प्रयोग मिलता है। इस वेद में ऋचाओं का पाठ किया जाता है। गेय ऋचायें स्त्रोत कहलाती है। स्त्रोत का गान उद्गाता ऋत्विक् करता था। स्त्रोत का आवृत्तिपूर्वक पाठ स्त्रोत कहलाता था जो तीन ऋचाओं के ऊपर आधारित है। डॉ. राधावलल्भ मिश्र के अनुसार 'जिस प्रकार आप स्थाई और अन्तरे को गायन स्वर तथा लय भेद करके बार–बार गाते हैं। सम्भवतः उसी प्रकार स्त्रोतगान होता था। गाथा एक विशिष्ट प्रकार का गीत था, जिसका गायन धार्मिक और सामाजिक समारोहों के अवसर पर होता था।' गाथाओं का गायन ब्राह्मण तथा क्षत्रिय दोनों के ही द्वारा यज्ञों के पश्चात् किया जाता था। ऋग्वेद काल में सातों स्वर अपने अस्तित्व में आ चुके थे, ऐसा

प्रतीत होता है। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के मंत्र– *'तदित्तथस्यंयभि चारूं दीघम गावो यच्छासंन्वहतुं न धनवं:...सप्ताधातुरिज्जनः।'* ऋग्वेद काल में गायन, वादन के साथ नृत्य का रूप भी मिलता है। नृत्य के कार्यक्रम खुले में होते थे। जिसमें नर व नारी दोनों भाग लेते थे। वैदिक काल में गर्गर, पिंगा और गोथा वाद्यों के नाम मिलते हैं। ये तीनों रण वाद्य थे। इसी काल में दुंदुंभी तथा आदम्बर युद्व में प्रयुक्त होने वाले प्रमुख वाद्य थे।

'यजुर्वेद' उन मंत्रो का संकलन है जिनका गायन यज्ञादि के अवसर पर कर्मकांड के लिए होता था। यज्ञ के कार्यों का संचालन अध्वर्यु नामक ऋत्विक् के द्वारा किया जाता था। अथर्ववेद में धार्मिक अनुष्ठानादि में सांय गान का प्रयोग होता था साथ ही विभिन्न विवाहादि अवसरों पर मंगल गीत गाने की प्रथा प्रचालित थी। डॉ. राधावलल्भ मिश्र के अनुसार 'अथर्ववेद में गाथा तथा नाराशंसी के अतिरिक्त रैभी–लौकिक गीत प्रकार का भी उल्लेख है। विवाह आदि प्रसंगों पर इनका गान होता था। आमोद–प्रमोद, यात्राओं तथा कपड़ा बुनने जैसे अवसरों पर भी गायन का वर्णन है।' सामवेद में भी मंत्र यज्ञों में देवताओं की स्तुति करते गाये जाते थे। ऋचाओं के ही संगीतमय परायण से सामगान का प्रथम विकास ऋषियों द्वारा किया गया। इस प्रकार वैदिक काल में संगीत का विशेष महत्व था। वैदिककाल संगीत की सबसे बड़ी विशेषता पवित्रता और अध्यात्मिकता ही रही है।

# 50
# वेदों में नाट्य का स्वरूप

**डॉ. दिव्या मिश्रा**
अंसिस्टेन्ट प्रोफेसर (तदर्थ), कालिन्दी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: divyamishra2k8@gmail.com*

नाट्य ज्ञात मानवीय इतिहास में मनोरंजन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं प्रिय साधन रहा है और आज भी है। प्रारम्भिक नाट्य में दर्शकों की रुचि के अनुकूल जिस विषयवस्तु का चयन किया गया उसमें धार्मिकता का प्राधान्य था। तत्कालीन नाट्य के लिए धर्म ने न केवल प्रेरक की भूमिका निभाई अपितु धर्म एवं मनोरंजन ही नाट्य के प्रधान उद्देश्य भी माने गये। यह तथ्य भारत, ग्रीस आदि उन सभी देशों के सन्दर्भ में सत्य है, जहाँ नाट्य का लम्बा इतिहास प्राप्त होता है। अन्य कलाओं की अपेक्षा नाट्यकला की प्राचीनता और लोकप्रियता के पर्याप्त प्रमाण प्रकाश में आ चुके हैं। भारत में नाट्यकला के लक्षण प्रागैतिहासिक युग से ही प्रकट हो चुके थे। वेदों के युग में तो इस कला का व्यापक प्रयोग दृष्टिगत होता है। नाट्यशास्त्र के रचयिता भरतमुनि ने स्वतः नाट्य की उत्पत्ति वेदों से स्वीकार की है तथा नाट्यवेद को पंचमवेद की संज्ञा दी है। संभवतः नाट्यवेद का वेदत्व यही है कि यह विद्या भी अनादि एवं अनन्त है क्योंकि यह विद्या जीवन से जुड़ी हुई है। जहाँ जीवन है वहीं नाट्य है। नाट्यवेद के निर्माण के लिए ऋग्वेद से पाठ्य, सामवेद से संगीत, यजुर्वेद से अभिनय तथा अथर्ववेद से रस संकलित किये गये हैं। विश्व के नाट्य इतिहास के समान ही भारतभूमि पर भी नाट्यावतरण को वेदों से जोड़कर देखना उसकी आध्यात्मिकता को उजागर करता है। वेदों के नाटकीय तत्त्वों के ग्रहण तथा उसके कलात्मक संश्लेष का तात्पर्य ही यह है कि जो पवित्रता, मांगलिकता एवं प्रतिष्ठा वैदिक ज्ञान की है वही पवित्रता, धार्मिकता, मांगलिकता एवं प्रतिष्ठा नाट्यवेद की भी है। प्रस्तुत शोध पत्र में इन्हीं बातों का विवेचन किया जायगा।

# 51
# वैदिक परिप्रेक्ष्य में सौन्दर्य

**डॉ. दिव्या त्रिपाठी**
अध्यक्ष, संस्कृत, डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद (हरियाणा)
*E-mail: divya16tripathi@yahoo.co.in*

संसार में प्रायः सभी देशों में मानव का सौन्दर्य के प्रति रुझान पाया जाता है। मात्राभेद होने पर भी वह प्रत्येक को आकर्षित व स्पन्दित करता है। पशु–पक्षियों में भी इस संस्कार के कुछ संकेत मिलते हैं जैसे नर पक्षी द्वारा अपने सुन्दर, आकर्षक परों को फैला–फैला कर या मधुर स्वर द्वारा मादा पक्षी को आकर्षित करना आदि। लेकिन मानवीय सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ–साथ मनुष्य का सौन्दर्यबोध प्रौढ़ व विकसित होता आया है। मानव की नैसर्गिक प्रवृत्ति जीवन की प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति होते ही आनन्द को प्राप्त करने की है तथा जिन वस्तुओं के सम्पर्क में आकर व्यक्ति को आनन्द की प्राप्ति होती है वही उसके लिए सुन्दर है। अतः सौन्दर्यानुभूति में रुचि का बड़ा हाथ है और यह रुचि हमारी परम्परागत संस्कृति व विभिन्न परिस्थितियों की देन है। इसलिए सांस्कृतिक उत्कर्ष रुचि–परिष्कृति के उत्तरोत्तर विकास के साथ–साथ मानव की सौन्दर्य–चेतना का स्तर भी उत्कृष्ट होता जाता है। पाषाण–युग में जो मानव आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कच्चे मांस व कन्द–मूल, वल्कल वस्त्र, गुफा–कन्दरा का आसरा लेता था। परन्तु संस्कृति के उदय के साथ उसकी सौन्दर्य–चेतना भी उद्‌बुद्ध हुई। फलतः उसने अपने हथियारों तथा गुफाओं को चित्रों से, शरीर को पक्षियों के रंग–बिरंगे परों, फूल–पत्तों तथा हड्‌डी–काँच–पत्थर के मनकों से अलंकृत करना प्रारम्भ किया। उसका उद्देश्य दैनिक उपकरणों में सौन्दर्य की खोज भी हो गया। परिणाम स्वरूप सजावट के लिए पहले प्रयुक्त रंगदार व चमकीली वस्तुओं से उसका झुकाव कला व भाव व्यञ्जना की ओर बढ़ता गया। रुचि के परिष्कार के साथ–साथ उसकी सौन्दर्य–भावना भी सूक्ष्म होने लगी और भवन–निर्माण, मूर्ति–रचना, चित्रकला, संगीत, काव्यकला आदि सभी कलाओं की उन्नत अवस्था मानव की इसी परिष्कृत अन्वेषी मन के कारण है, सौन्दर्य चेतना के परिणाम हैं। लौकिक संस्कृत साहित्य में उपलब्ध सौन्दर्य के स्वरूप के सम्यक् ज्ञान के लिए सर्वप्रथम 'सौन्दर्य' शब्द का अर्थ द्रष्टव्य है। सुन्दर की व्युत्पत्ति 'सुष्ठु उनत्ति आर्द्री करोति चित्तमिति' अथवा 'सु + उन्द् क्लेदने + अरः' की जाती है। जिसका अर्थ है मन को आर्द्र करने वाला अथवा नेत्रों को सिक्त अर्थात् सुख देने वाला। आधुनिक भाषा साहित्यों में 'सौन्दर्य' शब्द का अर्थ रूप के आन्तरिक और बाह्य सभी पहलुओं के आकर्षण को द्योतित करता है। प्रस्तुत शोधपत्र में संस्कृत साहित्य में वर्णित सौन्दर्य विषयक अवधरणा, सौन्दर्य के उपमान, बाह्य–आन्तरिक सौन्दर्य, सौन्दर्य के मानदण्ड आदि की विवेचना सामुद्रिक–शास्त्र तथा वैदिक परिप्रेक्ष्य में की गई है।

# 52
# वेदों में ललित कलाएँ

**डॉ. हेमबाला शुक्ला**
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, अलिगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलिगढ़ (उ.प्र.)
*E-mail: shukla477@rediffmail.com*

भारत की प्राचीनतम संस्कृति के उदात्त चिंतक के मूलाधार वैदिक संहिताएँ हैं जो अनन्त ज्ञान राशि के स्रोत स्वतः सिद्ध है। वैदिक साहित्य में भारतीय कला का विशेष स्थान है। 'कला' शब्द

पाणिनीय धातु पठ के अनुसार कल गति संख्याने अर्थात् गति और संख्याल अर्थ में पठित धातु से निष्पन्न हुआ है कलनम् इति कला धातु से भाव अर्थ में धञ् एवं टाप् प्रत्यय करके कला शब्द बना है। कला के माध्यम से मानव अपनी उपलब्धियों को सर्वोत्कृष्ट रूप में प्रस्तुत करने में समर्थ होता है भारतीय चिन्तन धारा में कला साधना का इतिहास अत्यंत समृद्ध हैं। 'कला' शब्द का सर्वप्रथम ऋग्वेद में प्रयोग किया है–'यथा कलां यथा शफम् यथा ऋणं संनयामसि' ऋग्वेद–8/47/17 अर्थात् किसी भी विषय या कृत्य में निहित कौशल को ही कला समझा जाता है। निरुक्तकार ने 'कला' शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए कहा *'कं सुखं लातीति कला'* अर्थात् कला सुख या आनन्द प्रदान करने वाली है। कला आत्मा की अभिव्यक्ति है। कला वह शक्ति है जो मानव को संकीर्णता से ऊपर उठाकर देवत्व की प्राप्ति कराती है। कला ही जीवन को *सत्यं शिवम् सुन्दरं* से साक्षात्कार कराती है।

मानव सनातन काल से ही विभिन्न कलाओं का पुजारी रहा है। वैदिक काल में जीवन को सुखमय बनाने के लिए विविध ललित कलाओं का वर्णन किया है। ललित कलाएँ सौन्दर्याभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम रही है, जिनमें चित्रकला, संगीतकला, काव्यकला, नाट्यकला, शिल्पकला आदि मुख्य हैं। वेदों में संगीतकला को मोक्ष का साधन मानते हुए इसको आध्यात्मिकता से जोड़ा जाने लगा है। नाट्यकला की समस्त सामग्री को आचार्य भरत ने वेदों से ही ग्रहण किया है–*'नाटय वेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदाङ्ग संभवम्'*।

# 53
# वेदों में वास्तु विद्या

**श्री ज्योति प्रसाद गैरोला**
श्री.ला.ब.शा.रा.संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली
*E-mail: jyotiprasad4889@gmail.com*

भारतवर्ष उन गिने–चुने देशों में से एक है जहाँ पर सांस्कृतिक परम्परायें अत्यन्त प्राचीन हैं। अतएव वास्तुकला–परम्परा भी इतनी अधिक प्राचीन है कि उसका ज्ञान हम पुरातत्व विज्ञान के अन्वेषणों तथा प्राचीनतम साहित्य के गहन अनुशीलन से ही प्राप्त कर सकते हैं। यदि हम सिन्धु नदी के समीपस्थ क्षेत्र के उन सांस्कृतिक प्राचीरों पर एक दृष्टि डालें जिनका अस्तित्व ईसा से तीन हजार वर्ष पूर्व माना जाता है। तो यह स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है कि उतने प्राचीन काल में वास्तु, मूर्ति तथा लौहवस्तुरचना आदि अनेक भौतिक कलायें विख्यात थीं। वर्तमान में उपलब्ध संसार की साहित्यिक रचनाओं में वेद सर्वाधिक प्राचीन हैं। वर्तमान सुसंस्कृत एवं सभ्य राष्ट्र जिन कलाओं के बारे में आज जानते हैं उनमें से वास्तु, मूर्ति, चित्रा एवं भाण्डनिर्माणादि मुख्य कलायें वैदिक युग में प्रसिद्ध थीं। यह वेदों में उन कलाओं से जुड़े विभिन्न संदर्भों के उल्लेख से ज्ञात होता है। वैदिक काल में वास्तु विद्या अपने विकसित स्वरूप में थी। वैदिक वाङ्मय में वास्तु कला से सम्बन्धित अनेक प्रसंग एवं शब्द इस बात के साक्ष्य हैं, जैसे – स्कम्भ (घरों की छत आदि को टिकाने वाले स्तम्भ)– इन्द्र को स्कम्भीयान अर्थात् सर्वश्रेष्ठ स्तम्भ या खम्बे का स्वामी कहा है। घर के भिन्न–भिन्न भागों को खम्भों पर टिकाते थे। एक मन्त्र में मजबूत आधार पर स्थापित किये गये तीन खम्भों का वर्णन है, उनके ऊपर तिकोनी या ढोलकाकार छत बनाई जाती थी।

वेदों में भवन या घर के पर्याय के रूप में कई शब्दों का प्रयोग हुआ है। जैसे– गृह, हर्म्य, सदन, दग, दुरोपण, अस्त, शरण तथा पस्त्या। भवन के चार प्रमुख भाग होते थे। प्रथम भाग सामने के आँगन सहित गृह द्वार, दूसरा भाग सदस या स्थायिका थी, जिसे सभा और कालान्तर में आस्थान मण्डप भी कहा गया है। राजमहलों का यह वह भाग था, जिसमें राजदरबार का लगना तथा अतिथि

स्वागत स्थल होता था। घर का तृतीय भाग पत्नी सदन हुआ करता था बाद में जिसे अन्तःपुर कहा जाने लगा। घर का चौथा भाग अग्निशाला या यज्ञशाला कहलाता था, जहाँ श्रौत अग्नियों का आधन किया जाता था इसीलिए इसे अग्निशरण भी कहते थे। कालान्तर में यही अग्निशरण देवगृह की संज्ञा से अभिहित हुआ। गृह या प्रासाद निर्माण की यह स्पष्ट योजना भारतीय परम्परा में निरन्तर चलती रही। अथर्ववेद वेफ दो शाला सूक्तों में घर के अन्य भागों का वर्णन है। घर के समस्त सौन्दर्य की पराकाष्ठा की अभिव्यक्ति के लिए उसकी तुलना नववधू से की गई है।

वैदिक काल में गृहपति वधू को अपने घर की लक्ष्मी समझकर उसका मान–सम्मान करता था इसीलिए उस युग में जब कोई गृहपति घर का निर्माण करवाता था तो उसके मानस में यही होता था कि यह शाला गोमती, अश्वावती, पयस्वती, घृतवती, उफर्जस्वती और सुनृतावती बनकर मेरे लिए कल्याणकारी और महान सौभाग्य को प्रदान करने वाली हो। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार घर के दो भाग होते थे, एक पूर्वार्ध या सद्स जहाँ प्रायः पुरुषों का उठना–बैठना रहता था। इसी सदस से एक बड़ा स्तम्भ खड़ा किया जाता था, जिसे वसिष्ठ स्थूणाराज का नाम दिया गया है। घर के पीछे वाले हिस्से में पत्नी सदन या अन्तःपुर बनाया जाता था। इसको रचना भी पर्याप्त लम्बाई–चौड़ाई में की जाती थी। घर की नींव बहुत पक्की होती थी अर्थात् आधार या बुनियाद को अत्यधिक मजबूती दी जाती थी। इस प्रकार उपरोक्त प्रमाण वचनों से स्पष्ट है कि गृह–निर्माण कला के समस्त मूलतत्त्व वैदिककाल में विद्यमान थे।

# 54
# वेदेषु स्थापत्यकला

**प्रो.कमलाभारद्वाजः**
आचार्या, व्याकरण, श्रीलालबहादुरशास्त्रिराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्, देहली
*E-mail: kamlabhardwaj55@gmail.com*

भारतीयवास्तुविद्यायाः निदर्शनं सर्वप्रथमं वेदेष्वैव प्राप्यते। सर्वविद्यामयरूपेभ्यः सर्वविधज्ञानविज्ञानस्योद्गमस्थानं वेदेभ्य इति सर्वविदितं तथ्यम्। वर्तमानावासानां प्रादुर्भावः वैदिकयज्ञवेदीनिर्माणकलयैव अभिमतः। वैदिक युगेऽपि यज्ञवेदिनिर्माणार्थं वास्तुशास्त्रीयाः नियमाः प्रयुज्यन्ते स्म। एवमेव स्थापत्यवेदस्य प्रणयनम् अथर्ववेदस्योपवेदत्वेन जातम्। यद्यपि सर्ववेदेषु तत्कालीनवास्तुकलायाः सङ्केताः यत्र–तत्र सर्वत्रानुस्यूताः तथापि ऋग्वेदे वास्तुकलायाः विशिष्टतत्त्वानि विद्यन्ते। कलायाः जीवनोपयोगिनी कला ललितकला चेति द्वैविध्यं वर्णितम्। वैहारिककलासु स्थापत्यकलायाः प्रमुखस्थानम्। क इत्यनेन शब्दब्रह्म, सुखकामसुन्दरकोमलमधुराद्यर्थाणां प्रत्ययः। कलाशब्दस्य प्रथमप्रयोगः ऋग्वेदे प्राप्यते। स्थपति शब्दात् ष्यञ् प्रत्ययेन स्थापत्य शब्दो निष्पद्यते वास्तुविद्या अथवा भवन निर्माणकलैव स्थापत्यशब्देनावगम्यते। भूमिहर्म्ययानपर्यङ्केति चत्वार एव वास्तु अथवा स्थापत्येन बोध्यः। वास्तुशब्दः ग्राम–पुर–दुर्ग–पतन –पुटभेदन–आवासभवनानां वाचकः।

वास्तुपरम्परायाः यन्निदर्शनं वेदेषुल्लिखितभवननिर्माणस्य या प्रविधिः वर्णिता वर्तमानयुगेऽपि सैव परम्परा अनुपाल्यते। वास्तुशास्त्रीयग्रन्थेषु विश्वकर्माद्वारा प्रवर्तिता। परम्परा देवपरम्परारूपेण उत्तरीयक्षेत्रेषु, मयप्रवर्तिता आसुरीपरम्परा च दक्षिणीयक्षेत्रेषु प्रसिद्धा जाता। धर्मिकलौकिकभेदाभ्यामपि स्थापत्यं द्विधा विभक्तुं शक्यते। धर्मसम्बद्धाः वास्तुकृतयः यज्ञवेदिकाः, शाला, विमानानि, यूपाः,मन्दिराणि, विहारादयश्चाभिमताः। गृहम्–ग्रामः पुरं–नगरं–दुर्गमित्यादयः लौकिकवास्तुकृतयः वर्णिताः। वैदिककालेऽपि धार्मिकलौकिकोभयविधे स्थापत्यकले प्रचलिते। आवासीयव्यवस्थासन्दर्भे आदौ तु पर्णशालानामनन्तरं ग्राम–पुर–गृहादीनामुल्लेखः वैदिकसंहितासु प्राप्यते। विशेषतः वैदिकभवनानाम् अङ्गत्रयमावश्यकरूपेण

वर्णितम्। प्रथमं गृह–द्वारं द्वितीयं सभा आस्थानमण्डपम् अतिथिस्वागतगृहं तृतीयञ्च पत्नीसदनमुच्यते। ऋग्वेदे गृहस्य कृते वास्तु–शरण–शर्म–क्षय–वरुथ्य–सदनादयः विशिष्टशब्दाः प्रयुक्ताः। वैदिकवाङ्मये वास्तुपुरुष विकल्पना, पुरनिवेशः, प्रासादः देवमन्दिराणि, ध्वजोच्छ्रितिः, राजवेश्मः, जनभवनम्, यज्ञवेदिकाः सम्बद्धाः शालाश्च, राजशिविरदुर्गादयः स्थापत्यस्य अष्ट भेदोल्लिखिताः। यजुर्वेदे वास्तुकलायाः प्रयोगः यज्ञपरक एव विद्यते, तत्र यूपनिर्माणाय, स्तूपनिर्माणाय, आसदपर्यकादिनिर्माणाय च वर्णितः। गृहाथवा शालानां परिकल्पना सर्वप्रथमं देवैरेव कृता वास्तुः परमेष्ठी प्रजापति विरचितं चेति अथर्ववेदे निर्दिष्टम्। शालासूक्तेषु गृहस्थान्येषामपि भागानां वैशिष्ट्यमपि प्रतिपादितम्। ब्राह्मणग्रन्थेषु विशेषतः शतपथब्राह्मणे उल्लिखितं नगरनियोजनं तत्कालीनविश्वे सर्वश्रेष्ठायाः स्थापत्यकलायाः दृष्टान्तः। विद्यते तत्र यूपवेदिश्मशानादीनां संरचनार्थमपि उत्कृष्टवास्तुकलां निदर्शनम्। उत्तरवैदिकवाङ्मये सूत्राग्रन्थेषु विशेषतः कल्पशूल्वसूत्रायोः यज्ञार्थं भूमिचयनं संस्कारः–मानं–रचनादीनाम् आवश्यकाङ्गानां सम्बन्धे विस्तृतं विवरणमुपलभ्यते वैदिककाले भवनानां चतुर्दिक्षु प्राचीरस्य निर्माणमपि निर्दिष्टम्।

ऋग्वैदिककाले ग्राम्यजीवनपरम्परा प्रचलितासीत्। परं नगराणां प्राथम्येन परिचयः तैत्तिरीयारण्यके प्राप्यते। वैदिककाले न केवलं मृण्मयग्रहाणामपितु इष्टिकानिर्मितग्रहाणां शालानामपि स्थापत्यकलाविषये सम्यक्तया प्रतिपादितम्। लौहपाषाणनिर्मितदुर्गाणां प्रासादानां शतभित्तिनिर्मिताणां दुर्गाणामुल्लेखोऽपि विद्यते। तत्र अन्नागार–यज्ञशाला–गौशालादीनामपि निर्माणस्य वैशिष्ट्यं प्राप्यते। वस्तुतः वैदिकस्थापत्यकलाविषयशैलीदृष्ट्या उत्कृष्टासीत्। तत्कालीनस्थापत्येपरवर्तिन्याः सुविकसितस्थापत्यकलायाः निर्देशनार्थं सर्वाण्यावश्यकतत्त्वानि निहितानि।

# 55
# भारतीय शिल्पकलाओं का वैदिक स्वरूप


**डॉ. कामना विमल शर्मा**

सहायक प्रवक्ता, संस्कृत, दौलत राम महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, दिल्ली

*E-mail: kavi30sh@gmail.com*


भारतीय कलाएं अपनी बारीकी, विविधता और श्रमसाध्यता के लिए विश्वविख्यात हैं। बिहार की मधुबनी चित्रकारी, पंजाब की फुलकारी, कश्मीर की पश्मीना बुनकरी, लकड़ी पर की गयी बारीक नक्काशी, मृत्तिका–शिल्प, चर्म–शिल्प के उदाहरण के रूप में कोल्हापुर का चप्पल उद्योग, जुटे उद्योग, सीपी उद्योग, धातु उद्योग, जरदोजी, कपडा उद्योग – ये सभी भारत आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख कारण होते हैं। ये सभी शिल्प वर्तमान में ही नहीं वरन सदैव से ही विश्व में भारत की पहचान और प्रसिद्धि का कारण बने रहे हैं। मानव सृजनात्मक अभिरुचि की सुरुचिपूर्ण अभिव्यक्ति की पर्याय इन शिल्पों का सिंधु घाटी सभ्यता के समय से होना तात्कालिक अवशेषों से सिद्ध है। वैदिककाल में 'शिल्प' शब्द का ऋग्वेद के कई मन्त्रों में उल्लेख पाया जाता है यथा– *सुशिल्पे बृहती मही पवमानो वृषण्यति, नक्तोषासा न दर्शते* और *देवी दिवो दुहितरा सुशिल्पे उषा नक्ता सदतां नियौनौ।* ऋग्वेद में ही इन शिल्पों का व्यवसायों के रूप में विकास द्रष्टव्य है। यजुर्वेद में इन शिल्पों को विश्वदेवा और विश्वदेवी कह कर सम्बोधित किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि शिल्प और शिल्पियों को समाज में सम्मान प्राप्त था। यजुर्वेद तथा अथर्ववेद में विभिन्न शिल्पों की सूचियाँ प्राप्त होती हैं जैसे *तक्षा, रथकार कुलाल लोहार धातुशिल्पी मणिकार इषुकार, हिरण्यकार* इत्यादि। परवर्ती वैदिक वाङ्मय में इन शिल्पों के अतिरिक्त भी अन्य कई शिल्पों का वर्णन प्राप्त होता है। उपनिषदों में शिल्प के लिए 'कला' शब्द का प्रयोग करना इनके उच्च सामाजिक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। वैदिककाल से प्रारंभ इनके विकास की यह सुदृढ परंपरा वर्तमानकाल में विभिन्न क्षेत्रीय परम्परों के रूप में पल्लवित और पुष्पित होकर भारत की

प्रसिद्धि का कारण बनती है। ये शिल्प वर्तमान समय में व्यक्तित्व के समग्र विकास के अचूक माध्यम और आजीविका की समस्या के एकांतिक समाधान के रूप में सहायक हो सकते हैं। अतः यथासंभव शिल्पों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

# 56
# ऋग्वेद में वर्णित आभूषण व उनका वैज्ञानिक महत्व

**सुश्री खुशबू भारती**
शोध छात्रा, संस्कृत, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
*E-mail: khushbooamualigarh@gmail.com*

आभूषणों का प्रयोग वैदिक समय में भी किया जाता था, उस समय में स्त्री तथा पुरुष दोनों ही आभूषण पहनते थे ऋग्वेद के कुछ मंत्रों में इन्द्र, मरुत आदि देवताओं को आभूषण पहने हुए वर्णित किया गया है। विवाह के समय वर को भी गहनों से सजाया जाता था (ऋ. 8/97/1)। अनेक प्रकार के आभूषणों का वर्णन प्राप्त होता है जिनमें कण्ठ, कटि, मस्तक, हस्त तथा पैरों में पहिने जाने वाले आभूषणों का उल्लेख हमें प्राप्त होता है (ऋ. 5/60/4)। ऋग्वेद में ही एक स्थान पर मरुत्गण को स्वर्ण निर्मित कंगन पहने हुए वर्णित किया गया है (ऋ. 9/168/3)। आभूषण पहनने का उद्देश्य केवल स्वयं को सुसज्जित करने से ही नहीं था आभूषण हमारी बाहरी शोभा को बढ़ाने के साथ–साथ आन्तरिक शरीर को भी तेज से युक्त करते थे तथा शरीर में ऊर्जा उत्पन्न करते थे। अथर्ववेद में वर्णित है कि स्वर्ण के आभूषण पहनने से मनुष्य दीर्घ आयु को प्राप्त होता था तथा अकाल मृत्यु से बचकर वृद्धावस्था तक जीवित रहता था (अथर्ववेद का सांस्कृतिक अध्ययन, पृ0 101)।

वर्तमान काल में भी विज्ञान ने आभूषणों को धारण करने के विभिन्न लाभ बताये हैं। हम देखते हैं कि हिन्दू धर्म में स्वर्ण आभूषणों को शरीर के निम्न भाग में पहनना अशुभ माना जाता है इसके पीछे कोई अपशकुन न होकर वैज्ञानिक कारण छिपा हुआ है। चाँदी धरती की शक्ति के साथ अच्छी प्रक्रिया करती है जबकि सोना शरीर की शक्ति और वातावरण के साथ। इसीलिए चाँदी को पायल या बिछियों के तौर पर पैरों में पहना जाता है और सुवर्ण को शरीर के ऊपरी भाग में। इस प्रकार वैदिककालीन मनुष्य भी आभूषणों के पहनने के पीछे के लाभ से अभिज्ञ थे इसीलिए आम मनुष्यों से लेकर देवता तक को वेदों में आभूषण पहने हुए वर्णित किया गया है।

# 57
# वेदों में स्वर कला

**कोमल सिंह**
ए.एम. ज्योतिर्विज्ञान, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
*E-mail: taurusanuj07@gmail.com*

स्वर विद्या के मूल प्रवर्तक भगवान सदाशिव हैं। इसे सर्वसिद्धि प्रदायक विज्ञान कहा गया है। इसमें ज्योतिष योग तथा तन्त्रागम का समवेत मूलाधार प्रयुक्त होने से शिव–पार्वती सवांद के रूप में इसे अत्यन्त महत्वपूर्ण मनाने की परम्परा प्राचीन है।

स्वरोदय विज्ञान अपने आप में एक सम्पूर्ण विज्ञान है। स्वरोदय अर्थात नासिका के छिद्रों से ग्रहण किया जाने वाला श्वास जो कि वायु की शक्ल में होता है। विज्ञान अर्थात जॅहा पर किसी विषय

की गूढ़तम बातें एंव प्रयोग कहे जाते है। संसार का प्रत्येक जीव अपनी नासिका के छिद्रों द्वारा सॉस अर्जन करता है एंव उसका विर्सजन करता है। इसी सॉस के द्वारा प्रत्येक जीव के प्राण स्थिर रहते है।

मध्यमा नाड़ी क्रूर है और सभी कार्यो के लिए दुष्ट है बॉयी नाड़ी सभी शुभ कार्यो को पूर्ण करती है। मध्यमा अर्थात सुषुम्ना जब नाक के दोनों छिद्रों से स्वर चल रहा हो तो प्रत्येक कार्य में विघ्न आते है। बॉई अर्थात इड़ा नाड़ी यानि जब नाक के बॉयें छिद्र से स्वर चल रहा होता है तो उस दौरान प्रारम्भ किया गया प्रत्येक कार्य सफल होता है।

घर से जाते वक्त बॉये स्वर का चलना शुभ होता है और घर वापसी करते समय दाहिना स्वर चलना उत्तम रहता है।

सूर्यनाड़ीप्रवाहेण रौद्रकर्माणि कारयेत्। सुषुम्नायाः प्रवाहेण भुक्तिमुक्तिफलानि च।।

सूर्य नाड़ी के चलते समय रौद्र कार्य करें। सुषुम्ना नाड़ी भोग और मोक्ष प्राप्त करवाती है।

स्वर एवं ब्रह्माण्ड–अक्षर को अविनाशी कहा है। शब्द ब्रह्म से विश्वोत्पत्ति की अवधारण निराधार नहीं है। भगवान शिव के अनुसार तत्वों से ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति, तत्वगत परिवर्तन से ही परिवर्तन तथा में ही ब्रह्माण्ड का क्षय अथवा लय आदि समस्त क्रियायें तत्वों पर ही आधारित हैं। इस तथ्य की पुष्टि में वेद, आगम, सांख्य, दर्शन, योग दर्शन, पौराणिक वांगमय प्रभृति अनेक प्रबल प्रमाण है।

# 58
# वैदिककालीन वास्तु–कला

**सुश्री क्षमा मिश्रा**
शोधच्छात्रा, संस्कृत, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ.प्र.)
*E-mail: madhukarmishratc@gmail.com*

भारतीय कला तथा सांस्कृतिक परम्परा का आदिकालीन स्रोत वैदिक संहिताएँ तथा उनका अनुवर्ती साहित्य है। ऋग्वेद विश्वसाहित्य का सर्वप्राचीन ग्रंथ है। यजुर्वेद एवं सामवेद उसी के समकक्ष और तत्सम्बन्धी यज्ञ–कृत्यों अनुष्ठान–परक उपयोग और गान के लिए संकलित संहिता ग्रन्थ हैं। इन तीन प्रमुख वेदों का एकत्र नाम 'त्रयी' है। अथर्ववेद इस 'त्रयी' से कुछ अलग ढंग के मंत्रों का संग्रह ग्रन्थ है, जिनका प्रयोग गृह्य कर्मों एवं जीवन के विविध व्यापक क्षेत्रों से सम्बन्धित था; जैसे– शान्ति, स्वस्ति, भारण, उच्चाटन, अभिचार, विवाह, श्राद्ध, शाला निर्माण, चिकित्सा आदि। इनके समुचित अध्ययन, विश्लेषण एवं मूल्यांकन से वैदिक युग में भारतीय संस्कृति और कला के अनुपम विकास को प्रमाणिक ढंग से जाना जा सकता है।

# 59
# ऋग्वेद में शिल्पकला

**सुश्री मनु आर्या**
शोधार्थिनी, संस्कृत, कु. वि., कुरुक्षेत्र (हरियाणा)
*E-mail: aryamanu303@gmail.com*

वेद विश्व के प्राचीनतम ग्रन्थ होने के साथ ही समस्त ज्ञान–विज्ञान के आधार भी हैं। 'वेद' शब्द विद्/ज्ञाने धातु से घञ् प्रत्यय करने पर व्युत्पादित होता है। वैसे तो ज्ञान एवं विज्ञान दोनों शब्दों में

अभेदान्वय सम्बन्ध है फिर भी स्वरूप भेद के कारण दोनों को पृथक्–पृथक कहते हैं। जैसा कि अमरसिंह ने कहा है– *'मोक्षे धीर्ज्ञानमन्यत्र विज्ञानं शिल्पशास्त्रयोः'* (अमरकोश धीवर्ग श्लोक 6) अर्थात् मोक्ष प्राप्त्यर्थ ब्रह्मज्ञानादि में प्रवृत्त बुद्धिज्ञान तथा शिल्पादि शास्त्रों में प्रवृत्त बुद्धि विज्ञान की द्योतक है। वेद का प्रयोजन मानवमात्र को समस्त दुखों से मुक्त करना है। पूर्णदुखनिवृत्ति मोक्ष प्राप्ति के बाद ही सम्भव है। संसार में रहते हुए भी दुख मानव को कम से कम पीड़ित करें एतदर्थ ऋषिमुनियों ने वेद से शिल्पविद्या का आविष्कार किया।

'शिल्प' शब्द अपने आप में बहुत व्यापक है। जिसके अन्तर्गत बत्तीस विद्या चौंसठ कलायें समाहित हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो प्रत्येक वस्तु का निर्माण, संस्कार, रख–रखाव, सौन्दर्यीकरण, व्यापार सब 'शिल्प' शब्द से गृहीत होते हैं। भृगु ऋषि ने शिल्प को परिभाषित करते हुए कहा है– *'नाना विधानां वस्तूनां यंत्राणां कल्पसंपदाम्......धातूनां साधनानां च वास्तूनां शिल्पसंज्ञितम्'* (प्रा0 हि0 शिल्पशास्त्रसार पृ 8)। अर्थात् विविध प्रकार के पात्र, वस्त्र, दैनिक व्यवहार में प्रयोग आने वाली वस्तुएं, अनेक प्रकार के यंत्र, रथ, विमान, नौका, शस्त्रास्त्र, औषधियां, कृषिकर्म, उपयुक्त कल्प, समस्त प्रकार की धातुयें, खनन के साधन, निर्माणार्थ प्रयुक्त लकडी, भवन निर्माण, जल प्रबन्धन इत्यादि कर्म शिल्प संज्ञक हैं अर्थात् शिल्प का क्षेत्र बहुत व्यापक है जिसके अन्तर्गत व्यापार, पशुपालन, कृषि, राज्यव्यवस्था के विविध आयाम (राजनीति, दण्डनीति, युद्धनीति आदि), सभी आश्रम एवं वर्णों के आचार धर्मादि विषय, चिकित्सा सम्बन्धी ज्ञान, संगीत के सभी पक्ष इसमें समाहित हो जाते हैं। इस पत्र में ऋग्वेद में विद्यमान शिल्प के इन सूत्रों का अन्वेषण किया जायेगा, जिससे भारतीय वैदिक वाङ्मय की लोकोपयोगिता पुनः सिद्ध हो सकेगी।

## 60
## शतपथ ब्राह्मण में वस्त्रकला के विविध आयाम

**डॉ. नन्दिता सिंघवी**
एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, संस्कृत, राजकीय डूँगर महाविद्यालय, बीकानेर (राजस्थान)
*E-mail: nanditasinghvisns@gmail.com*

ब्राह्मण ग्रन्थों में सर्वाधिक बृहत्काय शतपथ ब्राह्मण में विविध कलाएँ यत्र–तत्र वर्णित हैं, जिनमें से एक वस्त्रकला है। वस्त्र के लिए वेद में सामान्यतः 'वासस् व वस्त्र' शब्द मिलता है। ऋग्वैदिक काल से ही वस्त्र मानव के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि वस्त्र शरीर को ढकने के साथ ही शरीर को सजाने में भी उपादेय है। कहा भी गया है कि वस्त्र मानव का स्वरूप है और भोजन उसका जीवन (ऋ. 8/3/24)। वस्त्र रेशम, ऊन और चर्म के होते थे। इन्हें स्त्रियाँ अथवा बुनकर बुनते थे। विशिष्ट धार्मिक या सामाजिक अवसर पर रेशमी वस्त्र धारण किये जाते थे, जिसे 'तार्प्य' कहा जाता था। यह तृपा या त्रिपर्ण पौधे के धागे से तैयार किया जाता था। राजसूय यज्ञ के अवसर पर राजा 'तार्प्य' वस्त्र पहनते थे, जिस पर यज्ञ के उपादानों के रूप में डिजाइन कढ़े होते थे (शतपथ ब्राह्मण 5/3/5/20)। 'अजिनवासिन्' (वही, 3/9/1/12) शब्द का प्रयोग बतलाता है कि उस समय वस्त्र के रूप में चमड़े का प्रयोग किया जाता था। स्त्रियों के कौशेय वस्त्र धारण का उल्लेख मिलता है (वही, 5/2/1/7–8)। आर्यो के परिधान के रूप में 'अधोवासस्' तथा 'अधिवासस्' शब्द मिलते हैं। राजा के चार प्रकार के परिधान का कथन है–नीचे की रेशमी धोती (तार्प्यवासम्), उपर पहनने का कुर्ता (पाण्ड्व), ओढ़ने की चादर (अधोवासस्) तथा सिर की पगड़ी (उष्णीष) (वही, 5/3/5/20–23)। चण्डातक (चडड़ी) नामक अधोवस्त्र स्त्रियाँ दीक्षित वस्त्र के नीचे पहनती थी (वही, 5/2/1/7–8)। स्त्रियों के

भी उष्णीष का वर्णन है (वही, 14/2/1/8)। आर्य रंग–बिरंगी वस्त्र धारण करते थे। बहुरंगी उष्णीष का उल्लेख मिलता है–'*उष्णीषो विश्वरूपतमः*'। इस प्रकार शतपथ ब्राह्मणकालीन वस्त्रकला समुन्नत थी।

# 61
# वैदिक साहित्य : सामवेद में संगीत

**डॉ॰ नीरजा दास**
निदेशक, स्वरनीर संगीत शिक्षा केन्द्र, कंकड़बाग, पटना (बिहार)
*E-mail: 19nirja79das@gmail.com*

सृष्टि के निर्माणकाल से ही संगीत की उत्पत्ति हुई है। भारतीय वैदिक मतानुसार सृष्टि परमात्मा की रचना है। संसार में जब पंचभूतों का अस्तित्व नहीं था तब केवल ओंकार था अर्थात वैदिक मत 'संगीत' की उत्पत्ति को 'पंचभूतों' से भी प्राचीन मानता है। 1500 ई॰ पूर्व से 600 ई॰ पूर्व के कालखण्ड में रचित वैदिक साहित्य में संगीत की चर्चा है। संगीत ईश्वरीय रूप में मनुष्य में विद्यमान है। वैदिक साहित्य में संगीत के तीनों अंग गीत वाद्य और नृत्य का उल्लेख मिलता है। गायक के लिए 'गातुवित' शब्द का प्रयोग है। गाथा के गायक गाथिन तथा साम के गायक 'सामक' कहलाता है। गीत के लिए 'गयत्रा' शब्द का प्रयोग होता है। वैदिक शास्त्रीय संगीत का दूसरा नाम 'साम' है। जिसका गायन विशेष कर धार्मिक अवसरों पर होता है। साम के बिना कोई भी यज्ञ पूरा नहीं होता। अतः यज्ञों में 'सामगान' का अनिवार्य स्थान रहा है। 'साम' पर शास्त्रीय संगीत के सभी लक्षण घटित होते है। शास्त्रीय संगीत की प्रथम विशेषता यह है कि व अलापादि नियमों से निबद्ध रहता है और उसकी विशिष्ट गायन शैली होती है।

साम भी आलापादि नियमों से नियंत्रित होता है तथा उसकी भी अपनी विशिष्ट गायन पद्धति है, जिसका उल्लेख सामवेद के प्रतिशाख्य ग्रंथों में मिलता है। जैसे शास्त्रीय संगीत का सर्वप्रथम प्रयोग भरत आदि ऋषियों ने किया जो वृहदद्वेशी ग्रंथ में उल्लेखित है, वैसे ही वैदिक साम का गान भी सर्वप्रथम ऋषियों द्वारा किया गया। संगीताचार्य मतंग मुनि के अनुसार सामवेद से ही स्वरों की उत्पत्ति हुई और स्वरों से ग्राम बने। संगीत की दृष्टि से 'वेद चतुष्टयी' में 'सामवेद' का एक महत्वपूर्ण स्थान है। साम साहित्य में उद्गीध का संबंध उच्च्व स्वर में गाए जाने वाले 'ओंकार' तथा 'प्रणव' से बतलाया गया है। साम को विभिन्न स्त्रोभों से गाया जाता था इन स्त्रोभों को वैदिक गायन का अलंकार कहा गया है। विभिन्न देवी–देवताओं की स्तुति में भी साम गायन प्रचलन था। जैसे सूर्य, अग्नि की स्तुति में सामगान होता था। यज्ञ की समाप्ति भी सामगान से ही होती थी।

वैदिकाल का संगीत काफी उन्नत था। गीत के साथ अनेक वाद्य यंत्रों का उल्लेख है – तंत्री, सुषिर, अवनद्य वाद्यों का वादन होता था (शतपथ ब्राह्मण 13/1/5/1)। स्त्रियों में भी वीणा–वादन की कला का पूर्ण प्रचार था। ब्राह्मण एवं क्षत्रिय अपनी स्वरचित गायन भी यज्ञ के अवसर पर गाते थे। इस काल की यह विशेषता रही है कि ब्राह्मण गायक गायन करता था तो उसकी गायकी का विषयवस्तु यज्ञ होता था। इसके विपरीत जब क्षत्रिय गायन करता था तो उसकी रचनाओं का वर्ण्य विषय युद्ध एवं विजय संबंधी सफलताओं से संबंधित होती थी। इस प्रकार वैदिक कालीन समाज पूर्ण रूप से संगीतमय था।

# 62
# साम गान

**डॉ. ओम नाथ व्यास**
एसोसिएट प्रोफेसर, संगीत, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राजस्थान)
*E-mail: omvyas7892@gmail.com*

शिव, ब्रह्मा, सरस्वती गंधर्व और किन्न्र को हम संगीत का आदि प्रेरक मानते हैं। सरस्वती शक्ति की यह शक्ति है जो गतिशीलता प्रदान करती है। इसी शक्ति से ब्रह्मा विश्व की रचना करते हैं। इस शक्ति का पर्याय शब्द या नाद है। अतः सरस्वती संगीत इत्यादि ललित कलाओं की जननी है। वेद मंत्रों के संग्रह को संहिता कहते हैं। ऋक का अर्थ है स्तुति मन्त्र। यजु का अर्थ है यज्ञ या पूजन करना। साम का अर्थ है गान या स्वर। अथर्व संहिता में शान्ति, स्वस्त्ययन और रक्षा के मंत्रों का संग्रह है। वेदों में साम को संगीत माना गया है, तथा भारत के समस्त संगीत–शास्त्र साम को संगीत का मूल मानते हैं। ऋग्वेद की ऋचाऐं सामवेद की योनि अथवा आधार कहलाती है।

सामवेद ने मातु ऋग्वेद से लिया तथा धातु स्वयं दिया है। अतः साम की विशेषता मंत्र या पद नहीं बल्कि गान अथवा स्वर है। आर्चिक ग्रन्थों में ऋचाओं का संग्रह है। सामवेद के संहिता पाठ में पांच प्रकार के स्वर आते हैं – उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, प्रथम और सन्नतर। ऋचाऐं ही गान का आधार हैं। पूर्वार्चिक की ऋचाओं पर जो साम बने उन्हें ग्राम गान, प्रकृति गान कहते हैं। उत्तरार्चिक की ऋचाओं के आधार पर जो साम बने उन्हें ऊह गान कहा गया। जब ऋचाओं को एक ही स्वर में गाते है। तो उसे आर्चिक गान कहते हैं। दो स्वरों में गाथाऐं गायी जाती थी। तीन स्वर का गान सामिक कहा जाता था। सामवेद के स्वर अवरोही क्रम में हैं – क्रुष्ठ, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र और अतिस्वार्य। साम गान में पहले तीन फिर चार इस प्रकार धीरे–धीरे सात स्वरों के साम भी मिलते हैं। ऋग्वेद के मंत्रों में परिवर्तन अर्थात् विकार पैदा करके गान होता है, जो कि छः हैं – विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम और स्तोम।

साम गीत के प्रायः पांच भाग होते हैं– 1. हुँकार अथवा हिंकार, 2. प्रस्ताव, 3. उदगीथ, 4. प्रतिहार, 5. निधन। साम के गायक तीन होते हैं– प्रस्तोता, उद्गाता और प्रतिहर्ता। मुख्य गायक उद्गाता होता है। प्रस्तोता व प्रतिहर्ता उसके सहायक होते हैं। तीनों गायक मिलकर प्रारम्भ में हुँकार स्वर का उच्चारण करते हैं, जैसे आजकल अकार में स्वर भरते हैं। इसके बाद प्रस्तोता साम गीत के प्रस्ताव भाग को ऊँकार के सहित गाता है। यह भाग मुखड़ा जैसा होता है। इसके बाद उद्गाता गीत के उद्गीथ को गाता है, जो कि गीत का मुख्य एवं अधिकांश भाग होता है। उदगीथ ऊँचे स्वरों में गाना होता है। इसके उपरान्त प्रतिहर्ता उदगीथ के अन्तिम पद से गान को पकड़ लेता है, और प्रतिहार भाग को लेकर आगे बढ़ता है। अन्तिम भक्ति या भाग को निधन कहते हैं, यह गीत का उपसंहार या अन्तिम भाग होता है। निधन भाग को प्रस्तोता, उद्गाता व प्रतिहर्ता तीनों एक साथ गाकर अनन्तर ओउम का स्वरोच्चार करते हैं। यह माना जाता है कि कालान्तर में प्रबन्ध या ध्रुवपद के गान में हिंकार या हुँकार का विकास नोम तोम में हुआ, प्रस्ताव का उदग्राह या स्थायी में, उदगीथ का अन्तरा में, प्रतिहार का संचारी में तथा निधन का आभोग में।

# 63
# नाट्यकला : वैदिक परिप्रेक्ष्य में

**सुश्री पूजा**
शोधार्थी, संस्कृत, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
*E-mail: pooja051086@gmail.com*

ललित कलाओं के इतिहास में नाट्यकला का महत्वपूर्ण स्थान माना गया है। अन्य कलाओं की अपेक्षा नाट्यकला की प्राचीनता और लोकप्रियता अधिक है। इसकी प्राचीनता और लोकप्रियता की आधारभूत सामग्री अनेक रूपों में उपलब्ध एवं सुरक्षित है। उसकी ये उपलब्धियाँ इतनी प्रचुर, पुष्ट और व्यापक हैं कि उनके आधार पर नाट्यकला का वैदिक युग से लेकर अब तक का क्रमबद्ध इतिहास प्रस्तुत किया जा सकता है। संस्कृत वाङ्मय के विभिन्न क्षेत्रों में नाट्यकला के बीज बिखरे हुए हैं, उनमें वेद और वैदिक साहित्य का प्रमुख स्थान है। वेद ऋचाओं के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वैदिक काल में नाट्यकला को पर्याप्त लोकप्रियता प्राप्त हो चुकी थी। पंचमवेद नाट्यवेद के रूप में उसकी मान्यता का आधार भी उसकी यही लोकप्रियता रही है। नाट्यशास्त्र के रचियता आचार्य भरत ने पंचम नाट्यवेद की उत्पत्ति चारों वेदों से बतायी है नाट्यवेद के चार तत्वों पाठ्य (संवाद), गीत (संगीत) अभिनय और रस का संग्रह क्रमशः ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद से किया। इस दृष्टि से चारों मन्त्र–संहिताओं में तत्सम्बन्धी प्रचुर सामग्री का सुरक्षित होना सिद्ध होता है। शुक्ल यजुर्वेद की वाजसनेयी संहिता के पुरूष सूक्त (30/6) में कहा है कि 'शैलूष' जाति के लोग व्यावसायिक दृष्टि से नाटकों का आयोजन किया करते थे। इस प्रसंग में कहा गया है कि यज्ञ के विभिन्न अवसरों पर नृत्त (ताल–लयबद्व अभिनय) के लिए सूत को, गीत के लिए शैलूष (नट) को (*नृत्ताय सूतं गीताय शैलूषम्*), धर्मव्यवस्था के लिए सभाचतुर को, मनोरंजन के लिए विनोदशीलों (मसखरों) को श्रृंगार–रचना (साज–सज्जा) के लिए कलाकारों (निर्देशकों) को समय–यापन के लिए राजकुमारों को और धैर्ययुक्त कार्यों के लिए बढ़ई को नियुक्त किया जाता था। इस उद्वरण मे नाट्यकला के प्रायः सभी तत्व विद्यमान हैं। इससे ज्ञात होता है कि वैदिक युगीन समाज में नाट्यकला का व्यापक प्रचार–प्रसार हुआ। इन उल्लेखों से ज्ञात होता है कि वैदिक युग में कलाकारों और कलाओं का एक निश्चित स्थान बन चुका था। उस युग के समाज का जो स्वरूप संहिताओं और परवर्ती वैदिक साहित्य में देखने को मिलता है, उससे यह भी विदित होता है परमार्थ प्राप्ति के साधनों में नाट्यकला को भी एक साधन माना गया था। इस प्रकार नाट्यकला न केवल ऐहिक जीवन के मनोविनोद एवं मनोरंजन तक ही सीमित थी अपितु उसे धर्म, अध्यात्म और परमार्थ प्राप्ति का भी माध्यम माना जाता था।

# 64
# वेद में संगीत–कला

**डॉ. प्रतिभा शुक्ला**
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत साहित्य, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)
*pratibhashukla.up@gmail.com*

मानव जीवन में संगीत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। वैदिक साहित्य में संगीत के तीनों अंग– गायन, वादन एवं नृत्य का उल्लेख है। ऋग्वेद के द्वितीय मण्डल में एक पक्षी को सम्बोधित करते हुए कहा गया है कि हे पक्षी तू सामगान करने वाले के तुल्य मधुर गान करता है '*उदगातेव शकुने साम गायसि* ( 8/69/9)'। ऋग्वेद के आठवें मण्डल में कहा गया है कि 'गर्गर' बाजा बज रहा है और

वीणा की ध्वनि गूंज रही है। इसी मण्डल के अन्य सूक्त में कहा गया है कि इन्द्र के लिए मन्त्रगान हो रहा है और पिंग बाजा बज रहा है '*पिङ्गा परि चनिश्कदद् इन्द्राय ब्रह्मोद्यतम्* (8/55/3)'। एक स्थान पर इन्द्र को सौ बांसुरी देने की बात कही गई है (ऋ. 10/32/4)। ऋग्वेद के दसवें मण्डल में बताया गया है कि वीणा के सात तारों में सात स्वर होते हैं (ऋ. 10/146/2)। नवम् मण्डल में उल्लेख है कि वीणा के तार ठीक मिलाये जाते हैं जिससे स्वर मिल जाये '*इयमस्य धम्यते नाडीरयं गीभिः परिष्कृत। (ऋ. 9/97/8)*'। इसी मण्डल में सामूहिक वीणावादन का उल्लेख हुआ है। द्वितीय मण्डल में कहा गया है कि हे पक्षी! तू उड़ता हुआ बीन बाजे के समान बोलता है (ऋ. 1/92/4)। इसी प्रकार नृत्य के सम्बन्ध में ऋग्वेदीय उदाहरण प्राप्त होते हैं। प्रथम मण्डल में उषा को नर्तकी के समान नाना रूपों को धारण करने वाली कहा गया है। दसवें मण्डल में वर्णन है कि काले मृग अपनी मांद के पास नाचते हैं '*आखरे कृष्णा इषिरा अनर्तिषुः* (ऋ. 10/94/4)'। इसी प्रकार अन्यत्र वर्णित है कि नर्तक अपने पैरों से पृथिवी को झंकृत कर देते हैं (अथर्व. 20/92/6)। अथर्ववेद में भी संगीत के उदाहरण अनेकत्र मिलते हैं। बीसवें काण्ड में उल्लेख है कि वीणा बज रही है, तम्बूरे ने उससे स्वर मिलाया (अथर्व. 20/132/8)। एक स्थान पर कहा गया है कि इनमें से कौन वीणा बजाएगा (अथर्व. 4/37/5)। प्रस्तुत शोधपत्र मे वेदोक्त संगीत-कला पर विचार करने का लघु प्रयास किया गया है।

## 65
## ऋग्वेद में प्रहेलिका–कला

**डॉ. प्रवेश सक्सेना**
पूर्वाचार्या, ज़ाखिर हुसैन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: praveshsaxena45@gmail.com*

'प्रहेलिका' जो हिंदी में पहेली तथा अंग्रेजी में रिडल (Riddle) कहलाती है वह एक कला भी कही जा सकती है। यह कुछ आश्चर्यकर लगता है। पर यह सत्य है कि कामशास्त्र के लेखक वात्स्यायन ने इसे 64 कलाओं में परिगणित किया है। वहां इस कला की संख्या 28वीं है। प्र उपसर्ग सहित √हिल् धतु (अभिप्राय सूचने) क्वुन् और टाप् प्रत्यय लगकर 'प्रहेलिका' शब्द सिद्ध होता है, किसी तथ्य को गुप्त या रहस्यमय रूप में प्रकट करना फिर श्रोताओं (या पाठकों) से उसके उत्तर की अपेक्षा करना एक प्रिय मनोरंजन का कार्य होता है। वैदिक ऋषि तो प्रहेलिका शैली में अपनी बात कहने में बहुत कुशल रहे हैं। वैदिक देवता जैसे 'परोक्ष प्रिय' होते हैं वैसे ही प्रहेलिका भी परोक्षप्रधान या गूढ़ार्थ वाली होती है। ऋषियों ने इसलिए प्रहेलिका शैली को अपनाया है। संस्कृत के काव्यशास्त्रियों जैसी दण्डी, भोज आदि ने प्रहेलिका को परिभाषित भी किया है। क्रीड़ा–गोष्ठियों में मनोरंजन, जनाकीर्ण स्थान में परस्पर गुप्त भाषण तथा पर व्यामोहन के लिए उनकी उपादेयता सिद्ध है। यही कारण है चिरकाल से आजतक प्रहेलिका के विभिन्न रूप प्रचलित रहे हैं। हिंदी भाषा में आज तक पहेलियां लिखी–बूझी जाती रही हैं। प्रायः समाचार पत्र में सप्ताह के किसी विशिष्ट दिन एक कोना पहेली के लिए सुरक्षित रहता है तो बाल–पत्रिकाओं में तो अनिवार्यतः पहेलियां प्रकाशित की जाती हैं। पहेली बनाना या रचना एक प्रतिभाशील का ही काम होता है। प्रहेलिका का आदिस्रोत तो ऋग्वेद व अन्य वैदिक संहिताएं ही हैं। ब्राह्मण ग्रंथों से पता चलता है कि अश्वमेध के अवसर पर तथा दशरात्र के अवसर पर प्रहेलिका–प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता था। वहां उपस्थित ब्राह्मणों से यज्ञ–आयोजक पहेली पूछते थे, विजयी ब्राह्मण को 'विप्र' की उपाधि दी जाती थी। वहां इस कला को 'ब्रह्मोद्यम्' कहा गया है। इसमें ब्रह्मज्ञान विषयक पहेलियां पूछी जाती थीं। अनेक अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का महत्त्वपूर्ण अंग थीं प्रहेलिकाएं। ऋग्वेद के मंत्र में प्रहेलिकाएं यत्र–तत्र विकीर्ण है। वास्तव में वे लोक

साहित्य का अंग हैं। ऋग्वेद के कुछ सूक्त तो प्रहेलिकात्मक ही हैं जैसे प्रथम मण्डल के 95, 105, 162, 163, 164 तथा दशम मण्डल के 27, 28, 55, 106, 114, सबसे सरल पहेली यूं हैं।

द्वादशारं न हि तज्जराय वर्वत्ति चक्रं परिद्यामृतस्य।
आ पुत्रा अग्ने मिथुनासो अत्र सप्तशतानि विंशति श्चतस्थुः।। (1.164.48)

यहां संवत्सर का वर्णन है जिसे ऐसा चक्र कहा गया है जिसके 12 आरे हैं तथा 720 पुत्र हैं। हिंदी में भी इससे मिलती–जुलती पहेली है–

एक संदूक जिसमें बारह खाने।
बारह खानों में तीस–तीस दाने।।

# 66
# जैनकला : एक विमर्श

**डॉ. रजनीश शुक्ल**
प्राध्यापक पालि–प्राकृत, मुक्तस्वाध्यायपीठम्, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, दिल्ली
*E-mail: rshuklaps@gmail.com*

कला रूपों का निर्माण करती है, वे रूप हमारे जीवन में भरते हैं। जीवन रूपों का समुदाय हैं। वस्त्र, घर, बर्तन–भाड़े, घर के भीतर और बाहर की अनेक जीवनोपयोगी वस्तुएं रूप हैं। इनमें कला के द्वारा सुन्दरता भरना कला का लोकोपयोगी पक्ष है। सुन्दरता देवों का अपना लक्षण है। उस सौन्दर्य को मूर्त वस्तुओं में साक्षात् देखना और जीवन में अधिकाधिक उसे लाना यही मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति और आवश्यकता हैं। कलात्मक रूपों का ही नाम संस्कृति है। कला के द्वारा जो रूप उत्पन्न होते हैं उससे संस्कृति का क्षेत्र भरता है और संस्कृति की काया पुष्ट होती है। कला कुतहल या विलास मात्र नहीं हैं। यह वर्तमान और भावी जीवन की विशेषता है। कालिदास ने गुप्तकालीन नर–नारियों के कला विषयक दृष्टिकोण को रखते हुए कुमारसंभवं में लिखा है *'न रूपं पापवृत्तये'* अर्थात् हमें रूप तो चाहिए, किन्तु पाप की भावना नहीं। निष्पाप रूप ही जीवन की सुन्दरता है।

भारतीय कला तत्त्वतः धार्मिक है। कला के विभिन्न माध्यमों में मुख्यतः धार्मिक भावनाओं एवं आराध्य देवों को ही स्थूल अभिव्यक्ति प्रदान की गयी है। विभिन्न धर्मों से सम्बन्धित कला ही अपने समष्टि रूप में भारतीय कला है। आशय यह कि विभिन्न धर्मों से सम्बन्धित कलाएँ भारतीय कला की ही वृक्ष की अलग–अलग शाखाएँ हैं। शैली की दृष्टि से धार्मिक कलाओं से भिन्नता दृष्टिगत नहीं होती, उनका साम्प्रदायिक स्वरूप केवल विषयवस्तु के विवरण में ही देखा जा सकता है।

जैनधर्म भारत के प्रमुख प्राचीन धर्मों में एक है। जैन धर्म पर पर्याप्त कार्य हुआ हैं, पर जैन–कला पर अभी तक विस्तार से कार्य नहीं हुआ है। अधिकांश राजवंशों के शासकों को जैन धर्म के प्रति दृष्टिकोण उदार था। इसके तीन मुख्य कारण थे, प्रथम भारतीय शासकों की धर्म सहिष्णु नीति, दूसरा, जैनधर्म का अन्य धर्मों के प्रति आदर का भाव एवं उसकी ग्रहणशीलता और तीसरा जैनधर्म को व्यापारियों, व्यवसायियों एवं सामान्य जनों के मध्य विशेष लोकप्रियता। जैन धर्म एवं कला को शासकों से अधिक व्यापारियों, व्यवसायियों एवं सामान्य जनों का समर्थन और सहयोग मिला। आठवीं से बारहवीं शती ई. के मध्य उत्तर भारत में जैनकला के प्रभूत विकास के मूल में भी इस क्षेत्र की सुदढ़ आर्थिक पृष्ठभूमि का महत्त्व था। जैनकला स्थापत्य की दृष्टि से कुषाण, गुप्त, प्रतिहार, चन्देल और चौलुक्य राजवंशों का शासन काल विशेष महत्त्वपूर्ण था। इन राजवंशों के काल में उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में मथुरा, देवगढ़, अकोटा, खजुराहो, ओसिया, ग्यारसपुर, कुमारिया, अबू, जालोर, नवमुनि–बारभुजी

गुफाएँ एवं अन्य महत्त्वपूर्ण जैन कलाकेन्द्र पल्लवित और पुष्पित हुए। जैनकला की दृष्टि से उत्तर भारत का विविधतापूर्ण अग्रगामी योगदान रहा है। ईसवी की प्रथम शताब्दी से ही जैन साहित्य में कला विषयक सामग्री का वर्णन प्राप्त होता है। जैन साहित्य में कला से सम्बन्धित महत्वपूर्ण प्रारम्भिक ग्रन्थ, कल्पसूत्र, पउमचरियं, अंगविज्जा, वसुदेवहिण्डी आदि इसी क्षेत्र में लिखे गये।

## 67
# वेदों में गान–कला का महत्त्वः मानसिक सन्तुलन के विशेष परिप्रेक्ष्य में

**प्रो. रामसेवक दुबे**
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ.प्र.)
*E-mail: dr.rsdubeyau@gmail.com*

श्रीमद्भगवद्गीता (10/22) में मानसिक सन्ताप से पीड़ित अर्जुन के द्वारा यह पूछे जाने पर कि आखिर किन–किन भावों में भगवान् का चिन्तन किया जाय तब अपनी विभूतियों को बतलाते हुए भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा *'वेदानां सामवेदोऽस्मि'*। यह अत्यन्त ही रोचक बात है कि अन्य स्थलों पर ऋग्वेद या यजुर्वेद को महत्त्व दिया जाता है किन्तु यहाँ पर स्वयमेव भगवान् श्रीकृष्ण सामवेद को प्रमुखता दे रहे हैं। यहाँ सामवेद की प्रशंसा की गयी है क्योंकि भक्तिधर्म भजन को सबसे अधिक महत्त्व देता है और भजन हमेशा संगीतमय ही होता है। चूँकि वेदों में सामवेद ही संगीतमय है, अतः भारतीय संगीत का आधार सामवेद है। वस्तुतः महाभारत का नारायणीय भाग जो भक्ति के बारे में है वह भक्ति और भजन पर अधिक बल देता है और इसलिए भजन तथा संगीत का विचार वेदों में सामवेद को प्रधान बनाते हुए स्वयं में गौरवशाली बन जाता है। भरतमुनि ने भी नाट्यवेद की रचना करते समय सामवेद से ही संगीत को ग्रहण किया था– *'जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च।'* सामवेद वास्तव में संगीत से आप्लावित है।

*अंजते व्यंजते समंजते क्रतुं रिहन्ति मध्वाभ्यंजते।*
*सिन्धोरुच्छ्वासे पतयन्तमुक्षणं हिरण्यपावाः पशुमप्सु गृभ्णते।। (16/4/10)*

अर्थात् ऋत्विज् लोग गाय के दूध के साथ अनेक श्रेष्ठ विधियों से मिश्रण वाले इस मधुर सोमरस का पान करते हैं। मीठे दूध के साथ मिश्रित होने वाले, जल के उच्च भाग से गिरने वाले एवं सबके दर्शन में समर्थ सोम को स्वर्ग सदृश शुद्ध जल में शुद्ध करके पुनः जल से मिश्रित करते हैं। लोकाधिपति तथा श्रेष्ठ गुणों से युक्त ये इन्द्रदेव सेवक की तरह जिस यज्ञनिधि की रक्षा करते हैं, ऐसे यज्ञ अर्य (स्वामित्व) रुशम (नियन्त्रण शक्ति) और पवि (दण्ड–शक्ति) से युक्त होकर भी हे इन्द्रदेव! आपके लिए ही आहुतियाँ प्रदान करते हैं।)

ध्यातव्य है कि ऋषियों ने 'वेद' सम्बोधन किसी पुस्तक विशेष के लिए नहीं किया बल्कि वेद से उनका आशय दिव्य साक्षात्कार से उद्भूत ज्ञान से रहा है। इस प्रकार 'वेद' कोई पुस्तक नहीं, ज्ञान की दिव्य परिष्कृत धारा है। अतः *'वेदानां सामवेदोऽस्मि'* से भगवान् श्रीकृष्ण का आशय है कि वैदिक सामधारा को समझ लेने से परमसत्ता को समझना आसान हो जाता है। यद्यपि ईश्वर की प्राप्ति ज्ञान से हो सकती है किन्तु यहाँ ज्ञान के साथ भावना के संयोग का महत्त्व समझाया गया है क्योंकि भावना के बिना ज्ञानदृष्टि भी अपूर्ण ही रहती है। तद्यथा– *'भावे हि विद्यते देवः तस्मात् भावो हि कारणम्।'* किन्तु भावना भी एक उबाल और उफान सदृश है उसे भटकाव से बचाकर सही दिशा में लगाने का कार्य ज्ञान ही करता है। इस प्रकार ज्ञान और भावना दोनों की भगवत्प्राप्ति में अपनी–अपनी अहम भूमिका है।

आज का मानव वास्तव में मानसिक तनाव और विचलन से जूझ रहा है। प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत छोटे बच्चों से लेकर देश में बड़े–बड़े पदों पर आसीन लोग मानसिक तनाव से परेशान हैं।

ऐसे में तमाम शारीरिक और मानसिक रोगों के मामलों में हो रही वृद्धि सहजतया हम देख सकते हैं। इस मानसिक विचलन या असन्तुलन का सामना करने में गान–कला अर्थात् संगीत का आश्रय लेना बहुत ही लाभप्रद है। जर्मनी के मनोरोग चिकित्सक डॉ. वाल्टर क्यूग के अनुसार मनोविकारों के शमन हेतु संगीत को सफल उपचार के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है। गायन–वादन का प्रभाव मनुष्य मात्र तक ही सीमित नहीं है वरन् प्राणिमात्र तक उसका विस्तार देखा जा सकता है। पशु–पक्षी भी संगीत को बड़े चाव से पसंद करते हैं। ये संगीत की अद्भुत महिमा है कि बड़े–बड़े विषधर सर्पों को सपेरा अपने बीन की मधुर ध्वनि व संगीत से मदमस्त कर देता है। अतः संगीत सुनकर मन का प्रसन्न होना उसका आनन्द लेने के लिए ठहर जाना संगीत की उपयोगिता को सिद्ध करता है। पशु मनोविज्ञानी डॉ. जार्जकेर विल्स ने संगीत–कला का छोटे जीवजन्तुओं की शारीरिक और मानसिक स्थिति पर पडने वाले प्रभावों का लम्बे समय तक अध्ययन करने के उपरांत यह सिद्ध किया है कि बेहिसाब उछल–कूद करने वाली चूहों की चांडाल चौकड़ी मधुर संगीत से प्रभावित हो किस तरह बिलों में शान्ति से पड़ी रहती है। उपर्युक्त विषयों को आधार बनाकर ही प्रस्तुत शोधपत्र को प्रस्तुत किया गया है।

# 68
# वेद में वर्णित 'शिल्पकला' का ऐतिहासिक पर्यालोचन

**डॉ. रीना कुमारी**
अतिथि प्रवक्ता, भगिनी निवेदिता महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: reenakumariskt3@gmail.com*

वैदिक वाङ्‌ग्मय की बहुधा विद्याओं में से शिल्पशास्त्र का विशेष महत्त्व है। भारतीय संस्कृति में 'शिल्प' पर आधारित अनेक स्वतंत्र ग्रन्थ मिलते हैं। इसके साथ ही इस विषय पर ब्राह्मणग्रन्थ, धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं पुराण आदि में भी विचार किया गया। 'शिल्प' विषय का प्रतिपादन निगम एवं आगम तथा अन्य ग्रन्थों में भी हुआ है। प्राचीन काल में शिल्प धर्म के साथ अभिन्न रूप से सम्बद्ध था। भारतीय संस्कृति के मूल ग्रन्थ ऋग्वेद में 'स्कम्भ' तथा 'स्थूण' आदि का उल्लेख मिलता है एवं भवन–निर्माण से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण सन्दर्भ भी प्राप्त होते हैं। इस काल में ही निर्माण के स्थान को 'वास्तु' की संज्ञा दे दी गई और 'वास्तोष्पति' नामक वास्तु के देवता की परिकल्पना कर ली गई थी। ऋग्वेद में भवन–निर्माण से सम्बन्धित अनेकशः मन्त्र मिलते हैं। जिनसे ज्ञात होता है कि भवन, खम्भे आदि लकड़ी से बनते थे। इन्हें 'स्थूण', 'स्तम्भ', 'स्कम्भ' एवं विष्कम्भ आदि नाम दिए गए। यह विभिन्न प्रकार के होते थे। इन सब उदाहरणों से परिज्ञात होता है कि ऋग्वैदिक काल में ही शिल्प का रूप बन गया था तथा व्यवहार में 'कला' एवं शास्त्र में 'विद्या' के स्वरूप में प्रतिष्ठित हो गई थी।

वैदिक संहिताओं के अनेक उल्लेखों से पता चलता है कि उस समय में विशाल भवन बनाए जाते थे। जिनमें सहस्रों स्तम्भ तथा द्वार होते थे। पाषाण प्रसादों तथा सहस्त्रों भित्तियों वाले भवनों, यज्ञवेदियों, यज्ञकुण्डों एवं यज्ञशालाओं के भी उल्लेख मिलते हैं। साथ ही शिल्पियों के पास ताँबे के बने हुए 'आयशीवाशी' नामक औजार होते थे। काष्ठ द्वारा बड़े–बड़े प्रासाद बनाने की प्रथा थी। इन प्रासादों को 'सहस्र स्थूण' कहा गया है। भवन निर्माण करने से पहले लकड़ी का प्रबन्ध कर लिया जाता था (अथर्व. शालासूक्त)। निर्माणों की सामग्री प्रदान करने के कारण 'देवी अरण्यानी' की स्तुति ऋग्वेद में मिलती है (10/146)। वैदिक संहिताओं में करघे पर कपड़ा बुनने वाले तथा सोने चाँदी के आभूषण बनाने वालों का भी उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद में कहा है जैसे लुहार अपनी भट्टी के सामने बैठकर धातुओं को गलाता है वैसे ब्रह्मणस्पति प्रजापति सब देवताओं के रूपों को ढालता है (ब्रह्मणस्पतिरेताः

सकर्मार इवाधमत 10/72/2)। वैदिक काल में शिल्प–कला का विकास जिन शिल्पियों द्वारा हुआ, उनमें कतिपय नाम इस प्रकार हैं– कृषक, कुर्मार (लुहार), केवर्त (मछुवारे), वृष्टा (बढई), वयतृ (बुनकर), हिरण्यकार (सुनार) इत्यादि। वैदिक वाङ्‌मय में वर्णित शिल्प–कला सम्बन्धी चर्चा से यह निष्कर्ष निकलता है कि वैदिककाल में शिल्प–कला स्थापित हो चुकी थी और कला व्यवसाय एवं अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ माध्यम बन चुकी थी।

# 69
# वेदसङ्केतषु नृत्यकला

**सुश्री रेशमा एन. एस.**
शोधार्थी (यू.जी.सी जे.आर.एफ), संस्कृत, केरल विश्वविद्यालय, केरल
*E-mail: reshmans1991@gmail.com*

अमरकोशे कलां शिल्पमित्यभिधीथते। सौन्दर्यस्य बोधः, आविष्कारः, भावना चमत्कारः सर्गात्मकता आनन्ददायि इत्यादि विभिन्नैः अर्थैः व्याहरति। वर्णरूपशब्दादीन् तथा मूर्तरूपवस्तून् उपाधीकृत्य सर्गशक्त्या आत्मानुभूतिं या प्रददाति सा कला भवति। चतुषष्टि कलासु प्रमुखासु अन्यतमा भवति नृत्तकला। सा सुकुमारकलास्तु अन्तर्भवति। वात्स्यायन मतानुसारं सर्वानपि नटनभेदाः नृत्यकलायां अन्तर्भवति। तालात्मकं एव प्रपञ्चस्य तथा चलनस्यैव आधारः। एतत् तालं अस्ति चेत् सर्वैः संगीतस्यापि साहायेन नृत्तं कर्तुं शक्यते। एवं ताललयस्य नृत्तस्य परमोत्कृष्टसङ्कल्पः भवति ईश्वराराधना। समर्पणं च। प्रकृतिकानां ईश्वरसङ्कल्पानां सङ्केतः ऋग्वेदः नृत्तस्यापि अस्तित्वं आराधनासन्दर्भेषु प्रदर्शयति। यज्ञतुल्यं सर्वोत्कृष्टं पूजनं भवति नृत्तं इति परामर्शः ऋग्वेदे भवति। आराधनस्य भक्तपारवश्यस्य च आविष्कारः भवति तदा नृत्तम्। प्रकृत्याराधना सर्वान्यपि वस्तून् ईश्वरदर्शनं च तस्मिन् समयै वैदिककाले आसीत्। नृत्ते अपि तदानीमारभ्य ईश्वरस्य सञ्कल्पः एव प्रचलितम्। *'यस्यां गायन्ति नृत्यन्ति'* इत्यादीषु ऋग्वेदसूक्तेषु नृत्तं परामृशति। उपः, इन्द्रः, अश्विनि, मरुतः आदी देवानां नृत्तसम्बद्धः आसन्। ऋग्वेद देवानां प्रीत्यर्थं सूक्तानि स्वीकृतम्। तत्रापि तेषां आनन्दस्य, क्रियमाणानां जनानां आनन्दस्य च विवरणे 'नृत्तं' परामृश्यति। यजुर्वेदे यथा आत्मार्पणं उपदिशति तत्रापि नृत्तकरणैः स्वयं अर्चयति इति भावः दृष्टं शक्यते। अर्घमिदं, वेदमिदं, वाद्यमिदं, नृत्तमिदं, गानमिदं इत्यादयः यजुर्वेदमन्येद् अपि पश्यामः। सामवेद देशी, मार्गी शैली भेदयोः भारतीय पारम्पर्य शैली भेदयोः च चर्चा च विधते। नृत्तं तत्र प्राधान्यतया एवं प्रस्तौति। अथ आनन्दस्य आविष्कार रूपे नृत्तं करोति। तत्र आनन्दजीवनमं कृत्वा नृत्तादि विनोदोपादीन् कुर्वन्तः जन परिच्छेदः दृष्टुं शक्यते एवं वैदिककालादारभ्य अस्माकं भारतवर्षे नृत्तसम्प्रदायस्य प्रामुख्यं आसीत् इति अवगन्तुं शक्यते। गन्धर्वकिन्नरादयः अप्सराः एतस्य प्रचारकाः आसन्। गीतवाध नृत्तानां साहाय्येन ईश्वरार्चनं कृत्वा तेषां अनुग्रहैः ऐश्वर्यं प्राय एते नृत्तादीनां कृत्वा, आनन्द जीवनं कुर्वथः पूर्वजाः आनन्दाय सर्वदा कलानां साहाये स्वीकृतवन्तः आसन्। कला समाजस्य परिच्छेदः भवति एवं नृत्तकलायाः स्वाधीनता तदानींतन वैदिककालस्य समाजस्य जीवने दृष्टुं शक्यते। एतादृश कलारूपैः समूहेरपि मैत्री जाता, संघकेधः, धर्माधर्म विचारः भक्ति आदयः जनानां मनसि जाताः। एतत् संस्कृते नैर्मल्यं सर्वदा पोषयति च।

## 70
# वेद में काव्यसौन्दर्य

**डॉ. सन्ध्या राठौर**
एसोस्यिेट प्रोफेसर, हंसराज महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: sandhya2068@yahoo.co.in*

विश्व का प्राचीनतम वाङ्मय वेद है। वेद का सामान्य अर्थ है 'ज्ञान'। विद्वानों ने विद् ज्ञाने, विद् सत्तायाम्, विद् लाभे और विद् विचारणे – इन चार धातुओं के आधार पर वेद की व्यापक व्याख्या की है। लौकिक वस्तुओं के साक्षात्कार के लिए जिस तरह नेत्र की उपयोगिता है उसी प्रकार अलौकिक तत्त्वों के रहस्य को जानने के लिए वेद की उपादेयता है। वेद विविध बहुमूल्य विचाररूप रत्नों के रत्नाकर हैं। कहीं ईश–स्तुति की दिव्य तरंग है, कहीं गुरु–शिष्य की आचारसंहिता है, कहीं धर्म–अर्थ–काम–मोक्ष की मंजुल कथा है, कहीं यज्ञ की पावनता है, कहीं त्याग, दान और तपस्या की परम्परा है, कहीं विश्वशान्ति का संगीत है, कहीं गम्भीर दार्शनिक–चिन्तन है–सर्वत्र काव्यमयी शैली के दर्शन होते हैं। किसी भी काव्य का शरीर उसकी भाषा होती है जिसे कवि अपने वाक्चातुर्य द्वारा निरूपित करता है तथा ज्ञान के अन्य क्षेत्रों से पृथक् कर काव्य क्षेत्र में ले आता है। भारतीय काव्य ने कवि, काव्य और कवित्व की अवधारणा वेदों से ही प्राप्त की है। रस–भाव, छन्द–अलंकार, गुण, रीति–वृत्ति आदि काव्यात्मक उपादानों का प्रथम प्रयोग हम ऋग्वेद में ही पाते हैं। भले ही इन्हें शास्त्रीय रूप हजारों वर्षों बाद काव्यशास्त्र में प्राप्त हुआ है। काव्य–शिल्प रथ–शिल्प के समान है। दोनों ही तक्षण–कला के उदाहरण हैं। एक तक्षण भौतिक है तो दूसरा मानसिक। जैसे कुशल शिल्पी या तक्षा आकारहीन काष्ठ को वांछित आकार देता है, उसे तराशकर मनोज्ञ अलंकरणों की रचना करता है, तीव्रगामी रथ की सृष्टि करता है उसी प्रकार कवि या ऋषि शब्दों को तराशकर मनोवांछित अर्थ, रस, भाव और दृश्य की सृष्टि करता है। रथचक्र के समान छन्द काव्य को लयात्मक गति देते हैं, तो अलंकार उसे चारु और मनोज्ञ बनाते हैं। वेदों में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से काव्य–सृष्टि के सम्बन्ध में कतिपय ऐसे सूत्र दिए गए हैं जो वैश्विक, सार्वभौम और सार्वकालिक हैं।

## 71
# अथर्ववेद के शत्रुनाशन मन्त्रों का युद्धकला में अनुप्रयोग

**श्री सर्वेश कुमार मिश्र**
वरिष्ठ अनुसन्धाता, अद्वैतवेदान्त, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठ, कटवारिया सराय, दिल्ली
*sarveshkr_73@rediffmail.com*

युद्ध तीन प्रकार के होते हैं– 1) प्रकाश युद्ध–यह युद्ध घोषणा के साथ प्रारम्भ किया जाता है, 2) कूट युद्ध–जिसमें अपनी थोड़ी सी भी सेना को अधिक दिखाकर शत्रु की सेना का आकलन कर शत्रु की कमजोर स्थिति होने पर उस पर हमला किया जाता है, 3) तुष्णि युद्ध–शत्रु का विनाश औषधि या गुप्तचरों के माध्यम से धोखे का प्रयोग करते हुए कर देना तुष्णि युद्ध कहलाता है। आज के समय में युद्ध के मापदण्ड भले ही बदल गये हों तरीके बदल गये हों किन्तु प्रत्येक युग में साम–दाम–दण्ड–भेद किसी भी रीति से युद्ध को जीतना ही राजाओं का चरम लक्ष्य रहा है। कहा भी गया है – "Everything is fair in love and war"। युद्ध में मन्त्रों का प्रयोग भी बहुत होता रहा है। राजा दशरथ के पास शब्दभेदी बाणमन्त्र था जिसके अनुप्रयोग से वे शत्रु को बिना देखे ही केवल उसका शब्द सुनकर मन्त्रों से अनुप्रयुक्त यदि बाण चला देते तो वह मन्त्रों के प्रताप से शत्रु का वध अवश्य ही कर

देता था। आधुनिककाल में यह मंत्र विद्या पृथिवीराज चौहान के पास भी थी जिन्होंने मुहम्मद गोरी द्वारा अंधा कर दिये जाने के बाद भी केवल शब्दमात्र के श्रवण से गोरी का वध कर दिया था। महाभारत और रामायण काल में भी मन्त्रों के अनुप्रयोग से युद्धस्थल पर सर्पों की वृष्टि, अग्निवृष्टि, जलवृष्टि आम बात रही है। ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र, पाशुपतास्त्र जैसे बड़े–बड़े अस्त्र–शस्त्र मन्त्र प्रेरित ही हुआ करते थे। यहाँ तक कि रामायणकाल में पुष्पकविमान भी मन्त्रों से ही संचालित था।

आज भले ही इन युद्धमन्त्रविद्याओं पर हमारी सिद्धि न हो किन्तु इन्हें किसी भी तरह से झुठलाया नहीं जा सकता क्योंकि आज भी मन्त्रों के द्वारा बारिश को रोकने और बारिश करवाने की क्षमताएँ कुछ खास लोगों में देखी गयी है और मैं इसका प्रत्यक्षदर्शी रहा हूँ। आदिशंकर के काल तक मारण मोहन जैसे मन्त्र शत्रुओं के विनाश के लिए प्रयुक्त होते रहे हैं। अथर्ववेद में कई जगह शत्रुनाशन सूक्तों के दृष्टान्त उपलब्ध हैं। अथर्वा ऋषि कहते हैं – हे अग्निदेव! आप हमारे शत्रुओं का विनाश करें। हे जातवेदा अग्ने! आप हमारे भविष्य में होने वाले शत्रुओं का नाश करें। हमसे युद्ध के लिए तत्पर जनों का पतन हो। आपकी कृपा में हम आक्रोश शून्य निष्पाप रहकर कभी दीनता को न प्राप्त हों।

## 72
## वेदों में वास्तुकला

**डॉ. सुषमा चौधरी**
असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत, कमला नेहरु महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: sushma.choudhary2@gmail.com*

वेद भारतीय संस्कृति के मूलाधार हैं। वेद ही मानव मात्र के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त करते हुए सुख और शान्ति की स्थापना कर सकते हैं। जीवन में सुख एवं शान्ति बनी रहे इसके लिए 'वास्तु' का व्यवस्थित होना अत्यन्त आवश्यक है। वास्तु का अर्थ है– आवास, निवास परन्तु वैदिककाल में वास्तु के स्वरूप में यज्ञशाला, पर्णशाला, मण्डप–निर्माण, वेदी–निर्माण से लेकर भवनों एवं उसमें रखी जाने वाली वस्तुओं तक की योजना सम्मिलित है। ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में वास्तुकला से सम्बन्धित मन्त्र प्राप्त होते हैं। वसति, दुर्ग, पुर एवं भवन सम्बन्धी संकेतो से ज्ञात होता है कि उस समय वास्तुकला प्रोन्नत अवस्था में थी।

## 73
## महाकवि कालिदास की रचनाओं में वैदिक काव्य सौन्दर्य का प्रभाव

**डॉ. सुषमा कुमारी**
पी.डी.एफ, जे. एन. यू.
*E-mail: sushmatiwari209@gmail.com*

काव्य, साहित्य की वह विद्या है, जिसमें किसी मनोभाव को कलात्मक रूप से किसी भाषा के माध्यम से अभिव्यक्त किया जा सकता है। इसका आरम्भ भरतमुनि से माना जाता है। साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ काव्य की परिभाषा देते हैं– *'वाक्यं रसात्मकं काव्यं'* अर्थात् रसात्मक वाक्य ही काव्य है। रसगंगाधर में *'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यं'* अर्थात् रमणीय अर्थ के प्रतिपादक शब्द को काव्य कहते हैं। काव्य–प्रकाशकार आचार्य मम्मट काव्य के तीन प्रकार बताये हैं– ध्वनिकाव्य, गुणीभूत व्यंग्यकाव्य तथा चित्रकाव्य। इन्हें उत्तम, मध्यम तथा अधम भी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त काव्य के

दो भेद माने जाते हैं– दृश्यकाव्य तथा श्रव्यकाव्य। दृश्यकाव्य के अन्तर्गत रूपकादि को माना जाता है तथा श्रव्यकाव्य के अन्तर्गत गद्य, पद्य तथा चम्पूकाव्यों को माना जाता है।

पद्यकाव्य के दो भेद हैं–महाकाव्य और खण्डकाव्य। काव्य के भेद दो प्रकार से किये जाते हैं– स्वरुप के अनुसार तथा शैली के अनुसार। स्वरुप के अनुसार काव्य के भेद हैं– श्रव्यकाव्य तथा दृश्यकाव्य। श्रव्यकाव्य के दो भेद हैं– प्रबन्धकाव्य तथा मुक्तकाव्य। प्रबन्धकाव्य के दो भेद हैं– महाकाव्य तथा खण्डकाव्य। मुक्तकाव्य एक ही है, जो गीत, दोहा, कविता के रूप में है। शैली के अनुसार, पद्यकाव्य, गद्यकाव्य तथा चम्पूकाव्य माने जाते हैं। महाकवि कालिदास की रचनाओं पर वैदिक काव्य सौन्दर्य का स्पष्ट प्रभाव दिखाई पड़ता है। वेदों में वाक्, उषस् तथा अन्य दार्शनिक सूक्तों में काव्य–तत्व उत्कृष्ट रूप में स्थित है। इनकी सरसता, माधुर्य तथा गंभीरता का प्रभाव महाकवि कालिदास के नाटकों, महाकाव्यों तथा गीतिकाव्यों पर मसृण रूप से पड़ा है। तथ्य के कथन में उचित काव्य–तत्व, अलंकार, छन्द, रीति, गुण तथा औदार्य का यथोचित रूप महाकवि कालिदास की रचनाओं में दिखायी पड़ता है। जिसके कारण इनकी रचनायें विश्व प्रसिद्ध हैं। देशकाल की सीमा से आगे बढ़कर इन्होंने काव्यत्व की सेवा की है। आरम्भ से लेकर अन्त तक एक समरसता इनके काव्यों की विशेषता है। संसार की अनेकानेक भाषाओं में उनकी रचनाओं का अनुवाद हुआ है। साथ ही अनुमोदन भी हुआ है। पाश्चात्य विद्वान भी मुक्तकण्ठ से महाकवि कालिदास के नाटकों एवं काव्यों की प्रशंसा करते आये हैं। यह हर्ष का विषय है कि संस्कृत साहित्य ऐसे जाज्वल्यमान हीरकों के कारण निरन्तर समृद्ध होता चला आया है।

# 74
# वेद में वास्तुकला

**डॉ॰ वर्षा दीपक (द्विवेदी)**
ज्योतिर्विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.)
*E-mail: varsha.deeppak@gmail.com*

भारतीय संस्कृति के आदि स्त्रोंत, अक्षय ज्ञान राशि के भण्डार, हमारे वेद विश्व वाङ्मय की अमूल्य निधि है। समस्त ज्ञान राशि के मूल होने के कारण वास्तुकला सम्बंधी निर्देश भी सर्वप्रथम वेदों से ही प्राप्त होते है। चार वेदों के चार उपवेद हैं। स्थापत्य वेद को अथर्ववेद का उपवेद माना गया है। वास्तुशास्त्र के मूल आधार, वास्तु के वैदिक देवता वास्तोष्पति हैं। जिनका उल्लेख वेदों में अनेक स्थलों में किया गया है (ऋ. 7/54 ,7/55)। ऋग्वेद में सृष्टि प्रक्रिया के क्रम में पृथ्वी पर यज्ञ रूपी वास्तुपुरूष के आविर्भाव के साथ उनकी सत्ता और प्रतिष्ठा का सारगर्भित विवेचन किया गया है (10/61/7)। वास्तुपुरूष का आवाहन् गृहनिर्माण से पूर्व कल्याण की कामना हेतु किया जाता था।

वैदिककाल में 'गृह' शब्द का प्रयोग निवास अथवा घर के अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। जहाँ आवास अत्यंत साधारण परन्तु यज्ञ मण्डप अत्यंत सुन्दर और दृढ निर्मित किए जाते थें। यज्ञशालाओं में पक्की ईटों का प्रयोग एक निश्चित संख्या में होता था। जिन्हें इष्टका नाम से सम्बोधित किया जाता था (यजु. 17/2)। ऋग्वेद प्रथम ग्रन्थ है, जिसमें अर्चा (यज्ञशाला, वेदी) तथा लौकिक वास्तु (नगर, पुर आदि का निर्माण) वर्णित है। कालान्तर में वेदी निर्माण की प्रक्रिया ही वास्तुकला के वर्तमान स्वरूप का आधार बनी। वास्तुकला का और अधिक विकास अथर्ववेद के मंत्रों में दिखाई पड़ता है। जिसमें वास्तुकला के अनेक प्रकारों का सैद्धान्तिक विवेचन किया गया है ( अथर्व. 9/3/1–31)। शाला–सूक्त में द्विपक्षा से लेकर दशपक्षो वाली विविध शालाओं का उल्लेख प्राप्त होता है। मान (प्रमाण) का अनुपालन करने के कारण शाला को मानपत्नी की संज्ञा से अभिहित किया गया है। शाला के सौन्दर्य

की उपमा नवविवाहित अलंकृत वधू से तथा सुदढ़ स्तम्भों से युक्त शाला की तुलना हथिनी के उत्तम पैरों से की गयी है। इस प्रकार वैदिककाल में भवननिर्माण कला अपने उन्नत स्वरूप में विद्यमान थी।

# 75
# उपनिषदों में देवजन–विद्या

**डॉ. वेदवती वैदिक**
पूर्वाचार्या, संस्कृत, श्री अरविन्द महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: dr.vaidik@gmail.com*

साक्षात्कृत ऋषियों की ऋतम्भरा–प्रज्ञा की देन है प्रमुखरुपेण यह अलौकिक वाङ्मय है। यूं तो उपनिषदों का प्रमुख उद्देश्य ब्रह्मविद्या, परमपद, ब्रह्मपद की प्राप्ति ही था। परंतु ऋषि महाश्रोत्रय ब्रह्मिष्ठ होते हुए भी महाशाल (महागृस्थ थे) एतदर्थ इस वाङ्मय में लगभग अट्ठारह विद्याओं का संदर्भ उपलब्ध होता है। देवर्षि नारद, ब्रहमर्षि सनत्कुमार को बताते हैं कि वे मन्त्रवेत्ता तो हैं परंतु आत्मवेत्ता नहीं हैं। एतदर्थ वे उनके पास आत्मातत्त्व को जानने हेतु पहुंचे। देवर्षि नारद ने ऋग्वेदादि अट्ठारह विद्याओं का अध्ययन किया था। उनमें देवजन–विद्या का भी उल्लेख किया है। शंकराचार्य जी ने इस संदर्भ में देवजन–विद्या में गन्धयुक्ति तथा नृत्य, गान, वाद्य–वादन और शिल्पादि विज्ञान आदि को भी अपने भाष्य में समन्वित किया है। यमाचार्य नचिकेत को आत्मतत्त्वविषयक प्रश्न पूछने को मना करते हुए उसे भौतिक प्रलोभन देते हुए कहते हैं कि 'मनुष्यलोक' में जो भोग दुर्लभ हैं उन्हें इच्छानुसार मांग लो। ये रथों और विविध प्रकार के वाद्य सहित जो स्वर्ग की सुंदर अप्सरायें हैं उन्हें मांग लो। इसका तात्पर्य यह है कि वाद्य का वादन स्त्रियां करती थीं। ब्रहमवेत्ता महर्षि याज्ञवल्क्य, दुन्दुभि, वीणा और शंख जैसे वाद्यों का संदर्भ देते हैं। इससे ज्ञात होता है कि इस समय में भी नृत्य और संगीत मनोरंजन के साधन थे। छांदोग्योपनिषद सामोपासना के माध्यम से मानो सङ्गीतशास्त्र की अद्वितीय पृष्ठभूमि का निर्माण करता है। संगीत में जैसे सात स्वर होते हैं वैसे ही सामोपासना में सात विधायें होती है। पञ्चविध सामोपासना में– हिंकार, प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार और निधन ये पांच होते हैं। साम की विशेषता 'गान' या 'स्वर' में है। अतः गीति को ही साम कहते हैं। साम अर्थात संगीत का आधार स्वर है। साम की गति स्वर है। 'साम' का 'स्व' अर्थात् आत्मा स्वर ही है। यज्ञों की सफलता के लिए स्वरसम्पन्न गायन अपेक्षित था। साम का धन 'स्वर' को माना गया। स्वर कष्ठगत मधुरता है। 'स्वर' ही साम का 'सुवर्ण' है। पुरुष का रस वाणी है। वाणी का रस 'ऋक्' है। ऋक् का रस 'साम' है, साम का रस 'उद्गीथ' है। ओङ्कार का उच्च स्वर में गायन ही उद्+गीथ है। वह रसों का रस है, परम रस है, रसतम है। परम रस को ब्रह्म कहा गया है– *रसो वै सः*।

# 76
# वैदिक वाङ्मय में उपलब्ध 'वज्र' आयुध का विश्लेषण

**श्री विकास शर्मा**
शोधछात्र, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: joshi.vikas7@gmail.com*

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने कहा है–
*जहाँ शस्त्र बल नहीं, वहाँ शास्त्र पछताते और रोते हैं।*

*ऋषियों को भी तप में सिद्धि तभी मिलती है,*
*जब पहरे में स्वयं धनुर्धर श्रीराम खडे होते हैं ।।* – परशुराम की प्रतीक्षा

शस्त्रों के बिना शांति की कल्पना आप शांतिकाल में भी नहीं कर सकते। शान्ति की इच्छा भी उसी की सार्थक होती है, जो शस्त्र बल से सम्पन्न हो। वैदिक काल से लेकर आज तक के सभी युद्धों में प्रयुक्त किये गए तरह–तरह के अस्त्र शस्त्रों ने मानव जाति का ध्यान न केवल अपनी और आकर्षित किया है बल्कि विश्व इतिहास पर गहरा प्रभाव भी डाला है। छोटे से छोटा देश आज अपनी आवश्यकता से अधिक नवीनतम एवं विध्वंसक अस्त्र शस्त्रों की प्राप्ति में लगा हुआ है। इन अस्त्र शस्त्रों का उल्लेख वैदिक वाङ्मय में आयुध के रूप में आता है। वैदिक समय में युद्ध विद्या और आयुधों का पूर्ण विकास हो चुका था। अथर्ववेद का एक मन्त्र तो शीशे की गोली के निर्माण की सूचना भी दे रहा है –

*यदि नो गां हंसि यद्यश्वं यदि पुरुषं ।*
*तं त्वा सीसेन विध्यामो यथा नोऽसोऽवीरहा।।* – अथर्ववेद (१/१६/४)

इस प्रकार प्रस्तुत शोधपत्र में वैदिक वाङ्मय में उपलब्ध आयुध एवं उसके प्रकार विशेषतः वज्र का निर्माण, स्वरूप और क्षमता का विश्लेषण किया जायेगा।

# 77
# ऋग्वेद में शिल्प कलाएँ

**डॉ. विरमा कुमारी**
अतिथि प्रवक्ता, संस्कृत, स्वामी श्रद्धानन्द कॉलेज, अलीपुर, दिल्ली
*E-mail: virmasharmadu@gmail.com*

*त्वं नो अग्ने सनये धनानां यशसं कारू कृणुहि स्तवानः।*
*ऋध्याम कर्मापसा नवेन देवैर्द्यावापृथिवी प्रावतं नः।।*

ऋग्वेद (1/31/8) के प्रस्तुत मंत्र में 'कारु' शब्द का प्रयोग 'शिल्पी' के अर्थ में हुआ है। वेद में 'कारु' का अन्य अर्थ 'स्तोता' भी है। शिल्पी हो अथवा स्तोता दोनों की सृजनात्मकता उनका यश दिलाती है। इस कला में शारीरिक और मानसिक श्रम दोनों ही अपेक्षित होते हैं। शिल्प कला अर्थात् इनमें हाथ की कुशलता एवं कारीगरी (नक्काशी) की विशेष उपयोगिता होती है। वेद में काष्ठकार, लोहकार, कुंभकार, बुनकर आदि का उल्लेख प्राप्त होता है। *वासोवायोऽवीनामा वासांसि मर्मृजत्* (ऋ. 10/26/6) में 'वासो–वाय' शब्द से स्पष्ट है, कि धोती बुनने वालों का अन्य वस्त्र बुनने (चादर, दुपट्टा, कम्बल आदि) वालों से भेद होता होगा। परुष्णी नदी के किनारे बहुत ही सुन्दर रंगीन ऊनी वस्त्र बनते थे। *सर्वाहमस्मि रोमशा गंधारीणामिवाविका* (ऋ. 1/126/7) में गांधार की भेडें अपने चिकने ऊनी वस्त्र के लिए प्रसिद्ध थीं। वेद कालीन लोग इन कलाओं को स्वाभाविक रुचि और प्रवृत्ति के अनुसार कार्य करने में स्वतन्त्र थे। सूत कातकर, वस्त्र तैयार करने का कार्य प्रायः मध्यकालीन भारत में 8वीं शताब्दी तक बन्द हो गया था। जिससे शिल्पीगण तन ढकने के लिए वस्त्र तथा आजीविका के अभाव से पीड़ित थे। यही दृश्य चम्पारण (बिहार) सन् 1917 में महात्मा गाँधी और कस्तूरबा गाँधी ने देखा था। तभी से गाँधी जी स्वयं सूत कातने और लोगों को भी प्रेरित करने लगे। सन् 1970 के दशक तक यह कार्य हुआ था अब चरखा स्मृति शेष है। वर्तमान में सभी शिल्प कलाऐं विकसित हुई हैं, किन्तु कुंभकार के शिल्प कला की उपेक्षा हो रही है अब हमारे घरों में फिल्टर, ऑरो, एकवागार्ड आदि का प्रयोग हो रहा है।

# **SECTION III** (Unicode Font)

## 78
## वेदों में नृत्य कला

**सुश्री आरती**
शोधच्छात्रा, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ , दिल्ली
*E-mail: aartigodara0@gmail.com*

नृत्य का इतिहास, मानव इतिहास जितना ही प्राचीन है। इसका प्राचीनतम ग्रंथ भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र है। सिंधुघाटी की सभ्यता के पश्चात् नृत्यकला के इतिहास में वैदिक काल का प्रवेश होता है, इस काल में चार वेदों की रचना भी हुई। सबसे पहले ऋग्वेद में फिर यजुर्वेद, अथर्ववेद और सामवेद के आचार्यों एवं ऋषियों द्वारा इसकी स्थापना हुई। ऋग्वेद संसार के प्राचीनतम ग्रन्थों में से एक है। इसमें नृत्य से सम्बधी सामग्री प्रचुर मात्रा में प्राप्त होती है। ग्रंथों में चौंसठ कलाओं का वर्णन किया गया है, उसमें से एक "नृत्य कला" है। नृत्य भी मानवीय अभिव्यक्तियों का एक रसमय प्रदर्शन है। यह एक सार्वभौम कला है, जिसका जन्म मानव जीवन के साथ हुआ है। बालक जन्म लेते ही रोकर अपने हाथ, पैर मार कर अपनी भावाभिव्यक्ति करता है कि वह भूखा है - इसी आंगिक क्रियाओं से नृत्य की उत्पत्ति हुई है। यह कला देवी–देवताओं, दैत्य-दानवों, मनुष्यों एवं पशु–पक्षियों को अति प्रिय है। भारतीय संस्कृति एवं धर्म के आरंभ से ही मुख्यातंरित्यकला से जुड़ा रहा है। इन्हें दो भागों में बांटा जा सकता है – (1) शास्त्रीय नृत्य (2) लोकनृत्य। हाल ही सिनेमा में नृत्य की एक नई शैली लोकप्रिय होती जा रही है। आधुनिक काल में सिनेमा का प्रचलन बढ़ता जा रहा है क्योंकि एक फ़िल्म में अन्य–2 प्रकार के नृत्य किये जाते हैं और उसको अलग–2 नामों से भी पुकारा जाता है और दिन–प्रतिदिन यह नृत्य का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, क्योंकि लोग नृत्य के प्रति आकर्षित होते जा रहे हैं। अगर हम नृत्य को यजुर्वेद से जोड़े तो वह नृत्य प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। नृत्य करने से स्वास्थ्य ठीक रहता है और इसे व्यायाम के रूप में माना गया है। इससे व्यक्ति रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। जो लगातार औफिश या कहीं काम करते हैं वह अपने लिए समय नहीं निकाल पाते हैं, जैसे– जिम्म आदि के लिए। नृत्य ऐसी कला है जिससे मनोरंजन भी होता है और हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। यह नृत्य कला का प्रचलन प्राचीन काल से चलता आ रहा है। श्रीमद्भागवत पुराण, महा पुराण, शिव पुराण आदि में नृत्य का काफी वर्णन देखने को मिलता है।

## 79
## वेदों में वर्णित युद्धकला तथा विभिन्न शास्त्रों की आधुनिक उपादेयता

**सुश्री आकांक्षा श्री**
शोधच्छात्रा, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली
*E-mail: akankshashree.as@gmail.com*

युद्ध करने एवं लड़ने की प्रवृत्ति प्राणियों में अनादिकाल से ही चली आ रही है। देशकाल एवं परिस्थिति के

अनुसार इसका विकास एवं ह्रास होता जा रहा है। केवल मनुष्य ही नहीं अपितु उनसे इतर प्राणी भी अपनी रक्षा एवं उदर पूर्ति हेतु नख दंत आदि से प्रहार कर युद्ध का सहारा लेते हैं। परंतु मनुष्य अपने बुद्धि कौशल से विविध शस्त्रास्त्रों का आविष्कार कर न केवल हिंसक प्राणियों से अपनी रक्षा करता है अपितु संसार में अपना आधिपत्य भी स्थापित करता है। युद्ध कला का सर्वप्रथम प्रमाण हमें वेदों से ही प्राप्त होता है। इसके पुख़्ता सबूत हमें वेदों में दिखलाई पड़ते हैं की उनके पास युद्ध करने के लिए प्रारंभिक हथियार थे। जिससे वह अपने शत्रु दल पर विजय प्राप्त करते थे। वेदों में अठारह ज्ञान तथा कलाओं के विषयों पर मौलिक ज्ञान अर्जित है। अग्नि पुराण का उपवेद '**धनुर्वेद**' पूर्णतया धनुर्विद्या को समर्पित है। अग्नि पुराण में धनुर्वेद के विषय में पाँच भाग का उल्लेख किया गया है।

मार्शल आर्ट यानी युद्ध की कलाएं। मार्शल आर्ट का जिक्र छिड़ते ही दिमाग में चीन की छवि उभर जाती है। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि भारतीय ग्रंथों व पुराणों में युद्ध की इस कला का विस्तार से वर्णन है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में मार्शल आर्ट के प्रणेता परशुराम माने गए हैं। पुराणों में अस्त्र-शस्त्र ज्ञान के कारण परशुराम को पूरे जगत में सर्वश्रेष्ठ माना गया। इसमें जिक्र है कि उन्हें अस्त्र शस्त्रों, युद्ध कला व मल्ल कला की खास जानकारी थी। उन्होंने आत्मरक्षा की एक खास कला विकसित की। यही मौजूदा दौर का मार्शल आर्ट है।

**नियुद्ध** एक प्राचीन भारतीय युद्ध कला (मार्शल आर्ट) है। नियुद्ध का शाब्दिक अर्थ है 'बिना हथियार के युद्ध' अर्थात् स्वयं निःशस्त्र रहते हुये आक्रमण तथा संरक्षण करने की कला। यह एक निःशस्त्र युद्ध कला है जिसमें हाथ और पाँव के प्रहार शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य आत्मरक्षा है। महाभारत आदि प्राचीन ग्रन्थों में नियुद्ध का उल्लेख मिलता है। वर्तमान में नियुद्ध का अभ्यास मुख्यतः भारतीय नियुद्ध मार्शल आर्ट्स फेडरेशन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक एवं इसके आनुषांगिक संगठनों द्वारा अपने प्रशिक्षण शिविरों तथा शाखाओं में किया जाता है।

इसी प्रकार अन्य युद्ध कलाओं के विषय में विस्तृत चर्चा मेरे लेख में की जाएगी तथा उनका आज के परिपेक्ष्य में उपयोग किस प्रकार हो रहा है या हो सकता है इस पर भी विचार प्रकट किया जाएगा।

# 80
# वेदों मे ंसंगीत कला

सुश्री अंजली
शोधच्छात्रा, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
*E-mail: ap788666@gmail.com*

भारतवर्ष का नृत्य, संगीत, योग, कला आदि (64 कलाओं) से घनिष्ठ संबंध है। चारों वेदों, स्मृति, पुराण और गीता आदि धार्मिक ग्रंथों में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति हेतु सहस्त्रों उपाय दिए हैं। उन उपायों से एक संगीत कला है। संगीत की कोई एक भाषा नहीं होती। इसे अलग-अलग भाषाओं में दर्शाया जा सकता है क्योंकि संगीत हमारे मन, आत्मा के सबसे ज्यादा नजदीक होता है। जिसे हम शब्दों का रूप देते हैं। भारत में संगीत की परंपरा अनादि काल से है। हिंदू धर्म के सभी देवी-देवताओं के पास एक वाद्य यंत्र है जैसे शिव के पास डमरु, नारद मुनि एवं सरस्वती के पास वीणा, विष्णु के पास शंख और श्रीकृष्ण के पास बांसुरी आदि हैं।

सामवेद में गेय ऋचाएँ हैं और सामवेद में संगीत को आधार बनाकर भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र की रचना की। 64 कलाओं में से एक संगीत कला को मोक्ष का एक साधन माना गया है क्योंकि संगीत से ही मन, मस्तिष्क और आत्मा पूर्ण रूप से स्वस्थ, शांत और स्थिर हो जाता है। हमारे ऋषि-मुनियों ने अनेकों वर्ष ध्यान, तप करके

ऐसी ध्वनियों को खोजा जो प्रकृति में ही लिप्त थी उन्हीं से फिर मंत्रों की रचना की और यज्ञ, ध्यान आदि में प्रयोग होने वाली ध्वनियों की रचना की।

भारतीय प्राचीन संगीत के दो रूप हुए – मार्गी तथा देशी। मार्गी संगीत लुप्त हो गया लेकिन देशी संगीत के दो विभाजन हैं- शास्त्रीय संगीत एवं लोक संगीत। शास्त्रीय संगीत शास्त्र पर आधारित और लौकिक संगीत काल और स्थान के आधार पर परिवर्तित और विकसित होता गया। संगीत में सात शुद्ध - सा रे गा मा पा धा नि और चार कोमल स्वर है- रे गा धा नि।

आज भी वैज्ञानिक युग में ध्वनियों के महत्व एवं प्रभाव की खोज चल रही है। आज नासा ने एजर के नाम से ब्रह्मांड में ध्वनि रिकॉर्ड का विश्लेषण किया जिसमे रहस्यमयी आवाज का पता लगाना था। हम मनुष्य 20 से 30 हज़ार हर्ट्ज सुन सकते हैं लेकिन इससे भी कई गुना आवाज़ जिसे डिकोड करके सुना तो ॐ की ध्वनि सुनाई दी जिसे सूर्य की आवाज नाम दिया गया। संगीत मनुष्य के जीवन में एक अलग पहचान रखती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंजलिया ने संगीत गाने पर 6 महीने तक अध्ययन किया। संगीत गुनगुनाते रहने से सेहत खुश रहती है और गाना गाने से अनेक तरह की बीमारियां दूर होती हैं। हृदय संबंधी रोगों को दूर किया जा सकता है गाने से फेफड़े मजबूत होते हैं तथा अस्थमा या सांस फूलने की बीमारी भी दूर होती है श्वसन तंत्र की व्यवस्था और बेहतर हो जाती है। पांडिचेरी के एक बाल संस्थान में हकलाने और तुतलाने वाले बच्चों को संस्कृत के श्लोकों का लगातार लयबद्ध उच्चारण कराया जाता था। लगभग 6 महीनों तक उनकी आवाज में असर दिखाई दिया और उन्हें अब बोलने में तकलीफ नहीं होती। संगीत से आज हम सभी प्रभावित हैं। अनेकों बीमारियों का इलाज भी संगीत के द्वारा हो सकता है एवं यह हमें कलात्मक और विचारात्मक होने पर मजबूर करता है। संगीत ना सिर्फ हमारे मन को शांत करने के काम भी आता है बल्कि यह हमारे चित्त को आनंदित कर देता है| जिस प्रकार एक वृक्ष फलों से भरा होते हुए झुका रहता है वैसे ही संगीत हमें विनम्र बनाती है।

# 81

## स्थापत्य कला—वैदिक एवं आधुनिक परिप्रेक्ष्य

**डॉ. अंजू सेठ**

एसोसिएट प्रोफ़ेसर, सत्यवती महाविद्यालय प्रातः, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*E-mail: dr.anjuseth@gmail.com*

वेद ज्ञान के रत्नाकर हैं, सभी कलाएं एवं विद्याएं वेदनिःसृत हैं जो विविध आयामों एवं अनन्त दिशाओं को प्राप्त कर सर्वाङ्गीणता को प्राप्त करती हैं । मानव अपनी भावाभिव्यक्ति कला के माध्यम से प्रस्तुत करता है एवं कला संस्कृति की संवाहिका होने के साथ ही साथ रागात्मक तथा भावात्मक ऐक्य भी प्रदान करती है। कलाओं की विविधता में स्थापत्य कला का विशिष्ट स्थान है तथा इसके विविध आयाम एवं परिदृश्य वेद में उपलब्ध होते हैं। सभ्यता के विकास के साथ मानवीय मनीषा के उद्भूत एवं विकसित होने के कारण नवचेतना प्राप्ति के उपरान्त वह मानव स्थापत्य में भी अभिरुचि करने लगा। गृहनिर्माण, मन्दिरनिर्माण, भवननिर्माण, ग्राम निर्माण, नगरपरियोजना आदि विषयों पर वैदिक युग में चिन्तन करने लगा। यह स्थापत्य कला 'धार्मिक' एवं 'लौकिक' इन दो रूपों में विकसित हुई। त्रिकालातीत स्थापत्य कला के वैदिक युगीन उपलब्ध तथ्यों को मूल उद्धरणों के माध्यम से विवेचित करना एवं वर्तमान युगीन गृह निर्माण एवं स्थापत्य कला संबंधी तथ्यों का विवेचनात्मक,

विश्लेषणात्मक एवं तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत कर कालजयी वैदिक युगीन स्थापत्य कला की विशिष्टता प्रदर्शित करना तथा वर्तमान स्थापत्य कला के सिद्धान्तों का स्रोत वैदिक मन्त्रों के माध्यम से प्रदर्शित कर विवेचित करना ही इस लेख का परम उद्देश्य है । इस श्रृंखला में ऋग्वेद ४.३०.२०, १.५८.८, ७.३.७, १०.१.८, ६.१५.३१ तथा १.१६६.४ , ७.५५.१ अथर्ववेद ३.१२.१, ९.३.१ आदि में उपलब्ध तथ्यों का एकत्रीकरण स्पष्टीकरण तथा तुलनात्मकदृष्ट्या विश्लेषित कर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से निष्कर्ष पर पहुँचना ही प्रस्तुत लेख का परम उद्देश्य है।

## 82

## भारतीय शिल्प–कला का वैदिक परिप्रेक्ष्य

**श्रीमती अर्चना भार्गव**

सह-आचार्य, संस्कृत, स.पृ.राजकीय महाविद्यालय, अजमेर, राजस्थान

*E-mail: poojabundel2011@gmail.com*

“सर्वज्ञानमयो हि वेद:” अर्थात् आचार्य मनु के अनुसार वेद सभी विद्याओं का मूल है। वेद भारतीय सभ्यता और संस्कृति की आधारशीला है। वैदिक सभ्यता सबसे पुरातन सभ्यता है। मानवजाति के प्राचीन इतिहास, रहन-सहन, आचार-व्यवहार, कला-कौशल आदि के सम्यक् ज्ञान हेतु वेद अद्वितीय ग्रन्थरत्न हैं। भारतीय कला अपनी प्राचीनता एवं विविधता (यथा-शिल्प, स्थापत्य, वास्तु, नाट्य, संगीत आदि) के लिए विख्यात रही है। भारतीय शिल्प कला मानव सभ्यता और संस्कृति के लिए अमूल्य विरासत है। भारतीय शिल्प-कला की अवधारणा उतनी ही प्राचीन है जितना यहां मानव जाति का ज्ञात इतिहास है। शुक्रनीति (४.५८) के अनुसार जिसमें प्रासाद, भवन, प्रतिमा, उद्यान, गृह, वापी आदि का सुन्दर रीति से निर्माण एवं संस्कार करने की विधि वर्णित हो, वह शिल्पशास्त्र कहलाता है। वस्तुत: 'शिल्प' का शाब्दिक अर्थ है- निर्माण अथवा गढन के तत्त्व। भारतीय परम्परा के अनुसार 'कला' उन समस्त क्रियाओं को कहते हैं जिनमें अपेक्षित हो। कला उस क्षितिज की भांति है जिसका कोइ छोर नहीं, इतनी विशाल इतनी विस्तृत, अनेक विधाओं को अपने में समेटे। इसलिए प्रस्तुत लेख में वेदों में उल्लिखित गृह-निर्माण, प्रासाद-निर्माण, भवन-निर्माण, विमान और रथ-निर्माण, शस्त्रास्त्र-निर्माण आदि से सम्बन्धित तत्त्वों पर प्रकाश डालने का पुरजोर प्रयास किया गया है।

## 83

## आचार्य शंकर कृत सौन्दर्यलहरी में तन्त्र-विद्या (तन्त्र-कला)

**सुश्री दीप्ति सिंह**

शोधच्छात्रा, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*E-mail: rydeeptijnu@gmail.com*

भारतीय ज्ञान परम्परा में शक्ति, दुर्गा, काली तथा पार्वती, प्रकृति आदि के रूप में सम्पूर्ण सृष्टि की निर्मात्री है। वैदिक काल से लेकर वर्तमान काल तक देवी के अनेक रूपों की वन्दना तथा ग्रन्थों का प्रणयन विविध प्रकार से किया जाता रहा है, किन्तु उनके मूल स्वरूप तथा शक्ति की महत्ता को समान रूप से स्वीकार किया गया है। किसी

ही राष्ट्र की संस्कृति में दर्शन, कला तथा सौन्दर्य का समन्वय होता है। सौन्दर्य प्रकृति का चेतनात्मक वरदान है। भारतीय संस्कृति की यह विशेषता रही है कि इसका आरम्भ तथा इति दोनों आध्यात्मिक ही है। निरन्तर प्रवाहित इस परम्परा के धारा में आचार्य शंकर ने "सौन्दर्य-लहरी" नामक ग्रन्थ में आराधना तथा भक्ति से युक्त मुक्तक छन्दों में देवी के अद्वैत तत्त्व को स्पष्ट किया है। सौन्दर्यलहरी का मुख्य आधार तन्त्र है, जो साहित्य के मेघों से आच्छादित होने पर भी समय-समय पर विद्युत् प्रभा की भाँति चमक पड़ता है। जगत् गुरु शंकराचार्य ने सौन्दर्य लहरी में अपनी आध्यात्मिक भावना के माध्यम से प्रकृति माँ के जिस सौन्दर्य को उकेरा है, उसमें आध्यात्मिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक तथा साहित्यिक स्वर का गम्भीर स्पन्दन है। साहित्य की यह आनन्दानुभूति ही कला की अमरता है। इसी अमरता में मनुष्य का अमरत्व छुपा है। सौन्दर्य-लहरी के प्रथम श्लोक में ही स्पष्ट किया गया है कि ब्रह्म शक्ति के बिना सृष्टि की रचना करने में असमर्थ हैं- **शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुं, न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि।** सौन्दर्यलहरी में कुल १०३ श्लोक हैं, जिसके मुख्यतः २ भाग हैं -प्रथम श्लोक संख्या से ४१ तक आनन्दलहरी जिसमें अध्यात्म पक्ष का वर्णन किया गया है तथा आगे के श्लोकों को सौन्दर्यलहरी कहा जाता है। द्वितीय भाग में शिव-शक्ति के स्वरूप, ज्ञान एवं भाव योग, स्पन्द शक्ति, श्रीचक्र, वाक्-सिद्धि हादि-कादि विद्याओं के रूप, अर्धनारीश्वर स्वरूप तथा तात्त्विक गूढ विषयों को प्रकाशित किया गया है। आनन्दलहरी में तत्त्व-ज्ञान को मुख्य रूप से वर्णित किया गया है। आचार्य शंकर ने वैज्ञानिक विधि से यह प्रमाणित किया है कि किस प्रकार से महामाया अर्थात् श्रीविद्या का मूल स्थान ब्रह्माण्ड के मध्य के भाँति ही मानव शरीर में श्रीचक्र के रूप में विद्यमान है। शक्ति की कृपा से ही कुण्डलिनी जागृत होने से जीव के नाड़ी में अमृत का संचार होता है तथा शरीर सुगठित, रूप, लावण्य तथा बल से युक्त होता हुआ कायापलट होता है। कुण्डलिनी के जागृत होने के पश्चात् ही वाक्-शक्ति जागृत या वाक्-सिद्धि होती है। वाक्-सिद्धि के लिए शक्ति स्वरूपा सरस्वती की उपासना आवश्यक होती है।

# 84

# नाट्यशास्त्रीय वृत्तियों का आधुनिक चलचित्र में अनुप्रयोग

**श्री देवेन्द्र कुमार**

शोधच्छात्रा, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

*E-mail: devneed2@gmail.com*

नाट्यशास्त्र को लोक में पंचम वेद की संज्ञा से अलंकृत किया जाता है, जो आचार्य भरतमुनि की बैखरी वाणी से स्पष्ट है- "नाट्याख्यं पंचमं वेदं सेतिहासं करोम्यहम्"। लोक में सदैव से ही लोककलाओं का स्थान अद्वितीय रहा है। जब मानव अन्यान्य कार्यों से परेशान होता है, तो उसके चित्त की शान्ति हेतु विविध कलाओं की आवश्यकता होती है और नाट्यशास्त्र इन कलाओं का सागर सदृश है। नाट्यकला इसी रत्नाकर का एक रत्नमात्र है। नाट्यशास्त्र में स्वयं आचार्य ने घोषणा की है-

न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला। नासौ योगो न तत्कर्मनाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते॥

भारतीय सनातन परम्परा का उपदेश है कि नाट्यशास्त्र में पाठ्य, गीत, अभिनय, रस, वृत्ति आदि को वेदों से ही ग्रहण किया गया है। आचार्य भरतमुनि रचित नाट्यशास्त्र में जिन विषयों का विस्तृत वर्णन किया गया है, वो वेदों से ही उद्धृत किये गये है-

जग्राहपाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च। यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि ॥

ऋग्वेदाद् भारती क्षिप्ता यजुर्वेदाच्च सात्त्वती । कैशिकी सामवेदाच्च शेषा चाथर्वणात्तथा ॥

नाट्यशास्त्र में चारों वृत्तियों के स्वरूप के विषय में कहा गया है कि नाट्य में प्रयुक्त पात्रों का व्यवहार "वृत्ति" के नाम से जाना जाता है । नाट्यवृत्तियाँ चार प्रकार की हैं- भारती, सात्त्वती, कैशिकी, तथा आरभटी। इनका प्रधान लक्ष्य सामाजिकों के हृदय में रूपकों के द्वारा रसोद्भावन करना है। यथा -

श्रृङ्गारे कैशिकी, वीरे सात्त्वत्याभरटी पुनः। रसे रौद्रे च बीभत्से, वृत्तिः सर्वत्र भारती ।।

इन वृत्तियों का वर्णन विभिन्न आचार्यों द्वारा अन्यान्य लक्षणग्रन्थों में किस प्रकार किया गया है? वृत्तियों के परस्पर भेद प्रभेद कौन-कौन से हैं? प्राचीन नाटकों में वृत्तियों का प्रयोग किस प्रकार किया गया है? आधुनिक चलचित्र में इन वृत्तियों का समावेश किस प्रकार से हो रहा है? क्या इन वृत्तियों का समावेश नाट्यकला क्षेत्र में ही शेष रह गया है अथवा चलचित्र भी इनका प्रयोग कर रहे हैं? इत्यादि प्रश्नों का विस्तारपूर्वक विश्लेषण व संश्लेषण इस शोधपत्र के माध्यम से किया जाएगा।

शास्त्रों में जिन वृत्तियों के स्वरूप का विवेचन किया गया है, उसका वर्तमान चलचित्र में पूर्ण रूप से प्रयोग कहाँ कहाँ किया गया है? प्राचीन एवं अर्वाचीन नाट्यकला में वृत्तियों का क्या प्रभाव पड़ा है? उनमें परस्पर क्या-क्या साम्य-वैषम्य है? वृत्तियों के समावेश से कैसे नाट्य में सौन्दर्य आता है, और यदि वृत्तियों का समावेश नाट्यकला में न किया जाये तो नाटक किस प्रकार से अपूर्ण रहता है? यदि वृत्तियों का अनुप्रयोग न करने से किस प्रकार समाज प्रभावित हो रहा है? आदि प्रश्नों के समुचित उत्तरों का समावेश इस शोधपत्र के माध्यम से किया जाएगा।

## 85
## वेदेषु काव्यसौन्दर्यम्

**सुश्री हरप्रिया हातिः**
शोधच्छात्रा, पण्डिचेरिविश्वविद्यालयः, पुडुचेरि, तमिलनाडुः
*E-mail: priyahati16@gmail.com*

वेदेभ्यः एव सर्वशास्त्राणाम् उत्पत्तिः, अतः काव्यस्य उत्पत्तिरपि वेदेभ्यः एव समजायत। वैदिकवाङ्मयेषु काव्यसौन्दर्यं सम्यक्तया दृश्यते, परन्तु वैदिकवाङ्मयं तु धर्मादिप्रतिपादनार्थम्। तदर्थम् अत्र सौन्दर्यं यद्यपि अस्ति, तत् अधिकतया न प्रकाशितम्। काव्ये यथा रसाः गुणाः अलङ्काराः च विद्यन्ते, तथैव वैदिकवाङ्मयेषु अलङ्काराणां प्रयोगः कृतः। एतादृशानां रसगुणालङ्काराणां निदर्शनं प्रस्तूयते।

ऋग्वेदः एव भारतीयपरम्परायां सौन्दर्यविषये चिन्तनस्य मूलत्वं भजते। यद्यपि ऋग्वेदे सुन्दरं सोन्दर्यम् इति द्वयोः शब्दयोः प्रयोगः नाभवत्, तथापि एतयोः द्वयोः पर्यायवाचिनां शब्दानां प्रयोगः बहुत्र दृश्यते, यथा- रूपम्, चारु, रुचिरम्, प्रियम्, मधुरम्, स्वादु इत्यादयः। वैदिकसाहित्ये चारु इति शब्दस्य प्रयोगात्मकम् अर्थद्वयं वर्तते- कल्याणरूपम्, सुन्दरं प्रीतिकरं च। चारु इति पदे प्रयुक्ते सति एकः मन्त्रः प्रस्तूयते- *“यमी गर्भमश्तावृधे दृशे चारुमजीजनन्। कविं मंहिष्ठमध्वरे पुरुस्पृहम्”।* अस्मिन् मन्त्रे ‘चारु’ इत्यस्य अर्थः– जगत् धारयते येन चारुणा अर्थात् प्रियप्रभुना इत्यर्थः। “सौन्दर्यमलङ्कारः” इति वामनाचार्येण काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तिग्रन्थे अलङ्कारप्रसङ्गे एतदुक्तम्। यद्यपि संस्कृतवाङ्मये साहित्यतत्त्वानां गभीरतया आलोचनम् एव अलङ्कारशास्त्रम् इति कथ्यते। परन्तु अलङ्कारः इति शब्देन संकीर्णार्थे उपमा, यमकम्, रूपकम्, अनुप्रासः, उत्प्रेक्षा इत्यादयः शब्दार्थालङ्काराः बोध्यन्ते। संस्कृतसाहित्ये सर्वग्रन्थानां मूलं वेदः इति प्रमाणितम्। काव्येषु अलङ्काराणां प्रयोगं दृष्ट्वा निश्चितरूपेण वक्तुं शक्यते यत् वेदे अलंकारस्य प्रयोगः अवश्यमेव द्रष्टुं शक्यत इति। अस्मिन् प्रसङ्गे राजशेखरेण काव्यमीमांसाग्रन्थे द्वितीयोऽध्याये अलङ्कारः सप्तमवेदाङ्गरूपेण स्वीकृतः। शिक्षा-कल्पादीनां वेदाङ्गानां साङ्गवेदपठनेन एव वेदस्य सम्पूर्णज्ञानं भवति। “तस्मात् साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते”। अतः अलङ्कारशास्त्रं यथा सप्तमवेदाङ्गम्, तदर्थम् एतत् व्यतिरिच्य वेदज्ञानं तु असम्भवम्। वैदिकसाहित्ये अलङ्काराणां प्रयोगः कथं विस्तृतः आसीत् तस्य प्रमाणत्वेन श्वेताश्वेतरोपनिषदः मन्त्रः एकः प्रस्तूयते—“द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया।”

“तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययोः”- इति मम्मटाचार्येण उक्ते सति अस्मिन् मन्त्रे रूपकालङ्कारं गृहीत्वा एव जीवात्मपरमात्मनोः कार्यं वर्णितम्। इतोऽपि अत्र एकस्य पक्षिणः सन्तुष्टिः, अन्यस्य फलं न गृहीत्वापि उज्ज्वलता इत्यादि क्षेत्रे व्यतिरेकालङ्कारस्य परिचयः अपि प्राप्यते। एवमेव वैदिकैः वेदे काव्यसौन्दर्यं यथा प्रकाशितं, तस्मिन् प्रसङ्गे अलङ्काराणां प्रयोगं कृत्वा इतोऽपि उत्कृष्टतरं कृतम्। परन्तु वेदे एतेषां वर्णनं पृथक्तया न कृतम्। तत् तु प्रयोगविरहात् एव। परन्तु एतत् सम्यकतया वक्तुं शक्यते यत् वेदः एव काव्यसौन्दर्यस्य मूल-उत्सः। अतः वेदः एव सर्वशास्त्राणां मूलम् इति शम्।

# 86
# वैदिककाले युद्धविज्ञानमायुधवर्णनञ्च

**खुशबू शुक्ला**

शोधच्छात्रा, संस्कृत-प्राच्यविद्याध्ययनसंस्थानम्, जवाहलालनेहरुविश्वविद्यालयः, नव देहली

*E-mail: khus.jnu91@gmail.com*

अपौरुषेयशास्त्रवेदः विविधविद्यानामाकरः संस्कृतवाङ्मयस्याधारश्चाभिधीयते। वेदः भारतीयज्ञानपरम्परायां धर्म-दर्शन-कला-विज्ञानानाञ्च सङ्गमस्थलः स्वीक्रियते। वेदे विज्ञानस्य आद्यावस्था गणित-खगोल-भौतिकी-रसायन-कृषि-आयुर्वेद-युद्धविज्ञान-सैन्यविज्ञानादिरूपे च दृश्यते। युद्धं मानवजीवनस्य अभिन्नाङ्गमस्ति। मानवः यदारभ्य पृथिव्यामागतः सः स्वरक्षायै पशु-दैविप्रकोप-रोग-शत्रुभिश्च सार्धं युद्धमेव कुर्वन्नस्ति। भारतीयपरम्परायां तु युद्धं क्षत्रियस्य परमकर्तव्यमुच्यते। महाभारते उक्तमपि- **धर्मो हि युद्धाच्छ्रेयोऽन्यत्क्षत्रियस्य न विद्यते** (महाभारतम्,भीष्मपर्व – ११७/३२)।

यजुर्वेदेऽपि राष्ट्रनाशः न भवेदिति विवेचितम् – **मा त्वद्राष्ट्रमधिभ्रशत्** (।यजुर्वेदः -१२/११)। अतः ज्ञायते यत् राष्ट्ररक्षणार्थं विध्वंसकायुधाः शक्तिमती सेना च अवश्यं भवेयाताम्। वैदिकवाङ्मये ऋषिभरद्वाजः युद्धविज्ञानस्य प्रणेतृरूपेण स्वीक्रियते। यतो हि ऋग्वेदः सर्वेषु वेदेषु प्रथमः प्रामाणिकश्च मन्यते। ऋग्वेदस्य पूषन् सूक्ते चक्रस्य

वर्णनम् आयुधरूपे प्राप्यते- "**पुष्णश्चक्रं न रिष्यति...**" (ऋग्वेदः – ६/५४/३)। तथा भरद्वाज एवास्य सूक्तस्य ऋषिः वर्तते। ऐतरेयारण्यके (ऐतरेयारण्यक–१/२/२) एवं महाभारते (उद्योग पर्व-१५१/१३) प्राप्तोद्धरणैरप्यस्य पुष्टिर्भवति। भरद्वाजमुनिना विरचितः **यन्त्रसर्वस्वग्र**न्थेऽपि आयुधवर्णनं प्राप्यते। तदनन्तरं वशिष्ठः, विश्वामित्रः, वाल्मीकिः, द्रोणाचार्यः, परशुरामः, बृहस्पतिः, शुकश्च इत्यादयः युद्धविज्ञानस्य आचार्याः अभवन्। ये अतीव नैपुण्येन अस्त्रशस्त्राणां शिक्षां प्रददति स्म। युद्धकारणात् पुराकाले युद्धविज्ञानस्य शिक्षा धनुर्विद्या वा शिक्षासु महत्वपूर्णा आसीत्। तस्मिन् काले युद्धे विविधानि अस्त्रशस्त्राणि प्रयुज्यन्ते स्म येषां विभाजनं वयं चर्मभेदायुध-सन्धिभग्नायुध-अङ्गकर्तनायुधाः इत्यादि रीत्या कर्तुं शक्नुमः। युद्धविज्ञानविषये वैदिकीदृष्टिः महती उन्नता आसीत्। अस्य ज्ञानमनेनैव सन्दर्भेन भवति यत् वेदेषु प्रत्यायुधं नैकाः भेदाः वर्ण्यन्ते। यथा अथर्ववेदे चर्मभेदकायुधस्य बाणस्य अयोमुखाः, सूचीमुखाः, विकङ्कतीमुखाः इत्यादयः प्रकाराः वर्णितास्सन्ति। अनेन प्रकारेण ऋग्वेद-यजुर्वेद-धनुर्वेदादिषु एतादृशाः युद्धकलाप्रसङ्गाः प्राप्यन्ते। येन अनुमीयते यत् वैदिककालेऽपि युद्धकलायाः युद्धविज्ञानस्य वा पूर्णविकासः आसीत्। अथ च वैदिककालीनं युद्धविज्ञानमेव अर्वाचीनयुद्धकौशलस्य बीजभूमिः वर्तते। शोधपत्रेऽस्मिन् भारतीयप्राचीनयुद्धकलायाः समराङ्गणे कुशलप्रयोगनैपुण्यस्य अस्त्रशस्त्रादीनां संरक्षणस्य ¯युद्धविद्यायाः विविधपक्षाणाम् च समीक्षात्मकमध्ययनं प्रस्तोष्यते। अस्मिन् गवेषणासन्दर्भे वैदिकग्रन्थानधिकृत्य प्राचीनयुद्धकलायाः प्रतिपादनं वैज्ञानिकविधिना करिष्यते।

# 87

# वेदों में शिल्पकला

**श्री कृष्णकान्त सरकार**

एम्.फिल् शोधार्थी, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*E-mail: kantakrishna64@gmail.com*

कला को उन्नत प्रज्ञा की अभिव्यक्ति कहा जाता है। शिल्प के साथ कला को हमेशा जोडके देखा जाता है। शिल्प किसी एक वस्तु को निर्माण करने वाले साधनों को कहा जा सकता है और कला मानव प्रज्ञा की सुन्दर अभिव्यक्ति है जिससे निर्मीयमाण वस्तु को सुन्दरतम करने का प्रयास किया जाता है। वेदों में विभिन्न प्रकार के शिल्पकलाओं के वर्णन से वैदिक ऋषिओं के उन्नत प्रज्ञा का बोध होता है। वैदिक ऋषिओं की भी यह कामना थी की 'प्रतार्यायुः प्रतरं नवीयः' अर्थात् हम नए से भी नए तथा श्रेष्ठ जीवन की ओर बढते रहें। सम्भवतः इसीकारण वैदिक शिल्पकला का उत्तरोत्तर विकास होता गया। वेदों में विभिन्न प्रकार के शिल्पकलाओं का वर्णन पाया जाता है। जैसे वस्त्रादि निर्माण के लिये वस्त्र-शिल्पकला, रथादि निर्माण के लिये रथ-शिल्पकला, आवश्यक बर्तन तथा शस्त्रादि निर्माण के लिये विभिन्न प्रकार के धातु-शिल्पकला, विभिन्न प्रकार के आभूषण निर्माण के लिये आभूषण-शिल्पकला, तत्कालीन समय में चमडे से विभिन्न प्रकार के वाद्ययन्त्रों का निर्माण किया जाता था फलतः चर्म-शिल्पकला का भी विकास हुआ था, व्यापार वाणिज्य की सुविधा के विभिन्न प्रकार के यान-शिल्पकला का भी विकास हुआ था। इससे अतिरिक्त अन्यान्य शिल्पकलाओं का भी वर्णन पाया जाता है।

## 88

## मन एवं इन्द्रियों के स्वरुप का विवेचन : वैदिक परिप्रेक्ष में

**सुश्री मणि माला कुमारी**

शोधछात्रा, श्री.ल.ब.श.र.स.विद्यापीठ, दिल्ली

*E-mail: mmani2223@gmail.com*

मनुष्य के द्वारा किये गए व्यवहार एवं उनके समस्त कार्य उनके अन्दर उठाने वाले संवेगों से हुआ करते हैं। ज्ञान प्राप्ति या सिखने की प्रक्रिया में मन एवं इन्द्रियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मनुष्य वर्तमान का ज्ञान इन्द्रियों के माध्यम से प्राप्त करता है। परन्तु भूत, भविष्य एवं वर्तमान का ज्ञान एक साथ मन के माध्यम से प्राप्त करता है। अतःहमारी सभी मानसिक अनुभूतियों का केंद्र मन है। वस्तुतःमन व्यक्ति का वह अंग हैं, जो अनुभव एवं व्यवहार को सूचित करता है। वैदिक ऋषि मन को आत्मा के नाम से संबोधित करते थे। इसलिए मनोविज्ञान को आत्मा का विज्ञान कहा जाता है। ऋग्वेद में मनस् शब्द का अनेक स्थान पर प्रयोग हुआ है। इंद्र को मन की संज्ञा दी गई है। समूचे 'संज्ञान' सूक्त में समाज के सभी व्यक्तियों की क्रियाओं, गति, चिंतन, मनन और बुद्धि के पूर्ण सहयोग एवं सामंजस्य की प्रेरणा दी गई है।

प्रस्तुत शोध पत्र में मन एवं इन्द्रियों के स्वरुप का विवेचन वैदिक परिप्रेक्ष में किया गया है। मन की अवस्थाएं, मन के रूप, मन के लक्षण तथा इन्द्रियों के स्वरुप उनके भेद एवं कार्यो का विवेचन वैदिक सन्दर्भ में किया गया है| मन एवं इन्द्रयों के माध्यम से ज्ञान की प्राप्ति कैसे होती है तथा सुख-दुःख, स्व-अनुभूति का ज्ञान किस प्रकार होता है का वर्णन किया गया है।

## 89

## ऋग्वेद का प्राकृतिक सौन्दर्य

**डॉ. मीना कुमारी**

मिरांडा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*E-mail: meenakumari1964@gmail.com*

प्राकृतिक का अभिप्राय है, 'वह  जो सहज हो, स्वाभाविक हो, जिसमें किसी प्रकार की कृत्रिमता न हो।'इसी प्रकार जो मन को अनायास ही अपनी और आकृष्ट कर ले अथवा जिसमें मन पूर्णतया रम जाये, वही सौन्दर्य है अथवा जिसे देखते, पढते या सुनते ही सहसा ही मुख से 'अद्भुत, अतिसुन्दर' जैसे शब्द निकल पड़े। अतएव कहा जा सकता है कि ऋषियों द्वारा अपने मनोभावों की प्रभावोत्पादक नैसर्गिक अभिव्यक्ति ही ऋग्वेद का प्राकृतिक सौन्दर्य है। इस सृष्टि का कोई भी तत्त्व अथवा जीवन का कोई भी पक्ष उनकी सूक्ष्म काव्यात्मक दृष्टि से अगोचर नहीं रह पाया। उषा का वर्णन करते हुए उसे सबका पालन करने वाली गृहिणी के समान घोषित किया गया है। सूर्योदय होने पर नक्षत्र-गण दिखलाई नहीं देते। ऋषि इन नक्षत्रों की तुलना चोरों से करते हैं, जो कि रात्रि के व्यतीत होते ही अदृश्य हो जाते हैं। दावाग्नि की भयावहता का वर्णन करते हुए कहा गया है कि जिस समय वह ऊपर-नीचे वृक्षादि को जलाता है, उस समय लूटने वाली सेना के समान वह अलग-अलग दिशाओं में जाता है और जब वायु उसके पीछे बहती है, उस समय वह एक नापित की भाँति असीम प्रदेश का मुण्डन कर देता है। बृहस्पति

के लिए विविध प्रकार से की जाने वाली स्तुति की तुलना, सस्य-सम्पन्न क्षेत्र की रक्षार्थ पक्षियों को उड़ाने के लिए, एक कृषक के द्वारा मुख से निकाले जाने वाली विभिन्न प्रकार की ध्वनियों से की गई है। द्यावा-पृथिवी की स्तुति करते हुए कहा गया है कि जैसे अपना कार्य करते-करते पीठ में वेदना होने पर कोई उठ खड़ा होता है, उसी प्रकार मुझे देखकर अरुण-वर्ण वृक (सूर्य) उठ खड़ा हुआ। अन्यत्र भी कहा गया है कि जैसे धूप का मारा मनुष्य छाया का आश्रय लेता है, वैसे ही पापमुक्त होने के अनन्तर यजमान रुद्र-प्रदत्त सुख को प्राप्त करेगा। अश्विनी कुमारों के लिए स्तुति अर्पित करते समय यजमान अपनी अवस्था की तुलना उस पक्षी से करता है, जो भय के साथ इधर-उधर देखते हुए अपने शिशु को वृक्ष पर अपने घोंसले में रखता है। इस प्रकार के असंख्य उदाहरण हैं, जो ऋग्वेद में प्राकृतिक-सौन्दर्य की अवधारणा को परिपुष्ट करते हैं।

# 90

## रसानथर्वणादपि – एक चिन्तन


### डॉ. मीरा द्विवेदी

एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*E-mail: drmeeradwivedi@rediffmail.com*


भारत की आस्थावादी परम्परा प्रत्येक ज्ञान-विज्ञान का उत्स वेदों में अन्वेषित करती आई है। काव्य-नाट्य का मूलतत्त्व रस भी इसका अपवाद नहीं है। नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय में ऋषिगण भरत से नाट्योत्पत्ति के सम्बन्ध में प्रश्न करते हैं- **"नाट्यवेदः कथं उत्पन्नः इति"** अर्थात् नाट्यवेद की उत्पत्ति कैसे हुई है? इस प्रश्न के उत्तर में भरत ने नाट्य-निर्माण के आवश्यक तत्त्वों पर प्रकाश डालते हुये नाट्य की वेदमूलकता प्रमाणित की जिसके अनुसार तत्त्ववेत्ता ब्रह्मा ने स्वयं को एकाग्र करके चारों वेदों का स्मरण किया और ऋग्वेद से पाठ्य, साम से गीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्व से रसों का ग्रहण किया ।

**जग्राह पाठ्यं ऋग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च।**
**यजुर्वेदादभिनयान् रसानथर्वणादपि।।** *(नाट्यशास्त्र-1/17)*

प्रस्तुत शोधपत्र में भरत की उक्त कारिका के चतुर्थ पाद **"रसानथर्वणादपि" का मन्थन किया जायेगा।** अथर्ववेद में वैदिक ऋषियों ने रति, शोक, उत्साह, क्रोध, भय आदि भावों को मार्मिक अभिव्यक्ति दी है। ये ही भाव लौकिक संस्कृत में स्थायी और व्यभिचारी भावों का रूप ग्रहण करते हैं। यहाँ सम्पादित शान्तीकरण, मारण, मोहन , वशीकरण, उच्चाटन आदि आभिचारिक कर्मों में ऋत्विक् नट के समान ही प्रशम, कम्प आदि अनुभावों का प्रदर्शन करता था। शत्रु के मारण, राष्ट्र के रक्षण के प्रति उत्साह स्थायिभाव का ही रूप है। शत्रु, राष्ट्र, प्रजा आदि का वर्णन आलम्बन विभाव सदृश है। मति, धृति, प्रमोद आदि व्यभिचारि भावों की भी विविध प्रसंगों में अभिव्यंजना देखी जा सकती है। इसप्रकार इस वेद में रसनिष्पत्ति की समस्त सामग्री विद्यमान है। **"रसानथर्वणादपि"** में रस शब्द के साथ अपि शब्द का ग्रहण करने से स्पष्ट होता है कि अन्य वेदों से भी रसविषयक सामग्री का आहरण किया गया था किन्तु अथर्व के साथ इसका विशेष सम्बन्ध है। उदाहरण के लिये अथर्ववेद के तृतीयकाण्ड के पच्चीसवें सूक्त का अधोलिखित मन्त्र रसपरिपाक की दृष्टि से द्रष्टव्य है-

उत्तुदस्त्वोत् तुदतु मा धृथाः शयने स्वे।
इषुः कामस्य या भीमा तया विध्यामि त्वा हृदि॥ *(अथर्ववेद,3.25.1)*

हे स्त्री ! उत्कृष्ट होकर पीड़ा पहुँचाने वाले उत्तुद देव आपको व्यथित करें। तीक्ष्ण कामबाण से हम आपका हृदय बींधते हैं, उससे व्यथित होकर आप अपनी शय्या पर सुख की नींद न प्राप्त कर सकें। रस की दृष्टि से इस मन्त्र की विवेचना से स्पष्ट होता है किसी स्त्री की उपेक्षा को सहन करने में असमर्थ वक्ता उस स्त्री के प्रति अमर्ष भाव से युक्त होकर कामदेव से उसके बेधन और निद्रानाश की कामना करता है।

काव्यकला दृष्टि से इसप्रकार के प्रयोग संस्कृत काव्यशास्त्र में रसाभास कहे जाते हैं। अतः शृंगार-रसाभास की अनुभूति कराने वाले उक्त मन्त्र का वक्ता विप्रलम्भरति का आश्रय, न चाहने वाली स्त्री आलम्बन विभाव, उसके द्वारा की गई उपेक्षा उद्दीपन विभाव और निद्रानाश, चिन्ता आदि विप्रलम्म्भ रति के पोषक होने से व्यभिचारी भाव हैं। अनुराग न रखने वाली स्त्री के प्रति प्रीति का प्रकाशन लोकविरुद्ध होने से लौकिक संस्कृत में ऐसे प्रयोगों का उपबृंहण रसाभास के रूप में हुआ है। इसप्रकार अन्य रसों और भावों के प्रचुर उदाहरण भी इस वेद में पदे-पदे उपलब्ध हैं। इसीलिये इस वेद को रसविषयक सामग्री के आहरण का मुख्य आधार मानना अनुचित नहीं है। प्रस्तुत शोधपत्र में अथर्ववेदगत अन्य रसों और भावों के सौन्दर्य का सोदाहरण उद्घाटन किया जायेगा। साथ ही अन्य वेदों से भी रसतत्त्व के सम्बन्ध का अनुसन्धान किया जायेगा।

# 91
# वैदिक परिप्रेक्ष्य में संगीत कला और आनंदानुभूति

**डॉ. नवलकिशोर भाभड़ा**

5/87, पंचशील, अजमेर, राजस्थान

*E-mail: nkbhabhra@yahoo.com*

वैदिक वाङ्मय भारतीय संस्कृति, साहित्य, दर्शन और कलाओं का सनातन एंव शाश्वत स्रोत है। भारतीय जन-जीवन, चिंतन-मनन एंव कलात्मक संवेदन का मूल उत्स वैदिक साहित्य की परंपरा से अनुप्राणित है। वैदिक साहित्य-परंपरा में उपयोगी कलाओं एंव ललितकलाओं का प्रेरणापरक पल्लवन परिलक्षित होता है। भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में काव्य, मूर्ति एंव संगीतकला को रसानुभूति का प्रमुख साधन माना गया है। नाट्यशास्त्र के 28 से 32 अध्यायों में संगीतकला, सप्त स्वर संगम एंव उनसे सम्बद्ध रसानुभूति का विवेचन किया गया है। वैसे संगीत का पारंपरिक अंकुरण ऋग्वेद से ही दृष्टिगत होता है। वैदिक मंत्रो के आरोह-अवरोहमय स्वरबद्ध पाठ एंव आश्वालायन आदि शाखाओं से भी यही सिद्ध होता है साहित्य एंव संगीत का उद्भव वेदों से हुआ है। ऋग्वेद के दसवें मंडल में 'सामन' शब्द का उल्लेख है (ऋग्वेद 10/90/9)। यजुर्वेद में वैराज (18/29) एंव वृहत रथन्तर (15/13) तथा अन्य सामनों (13/54-58) का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद में दुन्दुभि, वीणा, कर्करी, क्षोणी आदि विविध वाद्य यंत्रो का उल्लेख मिलता है ( ऋग्वेद 6/47, 29/31)। सामवेद तो संगीतशास्त्र की व्याख्या करने वाला मुख्य आदि ग्रन्थ है, यह भारतीय संगीत कला का प्रामाणिक एंव प्रेरणापरक उत्स है। इसके उपवेद को गांधर्ववेद के रूप में जाना जाता है। ऋग्वेद में गान के लिए तीन स्वरों का विधान है, जिसे सामवेद में सात स्वरों में निबद्ध किया गया है। तीन स्वरों में उदात्त, अनुदात्त एंव स्वरित है। पाणिनीय शिक्षा के अनुसार सात स्वरों का विकास हुआ। उनके अनुसार निषाद एंव गांधार 'उदात्त' पर ; ऋषभ और धैवत 'अनुदात्त' पर तथा षड्ज, मध्यम और पंचम 'स्वरित' स्वर पर आधृत है।

ब्राह्मण, उपनिषद् आदि ग्रंथों में भी संगीतशास्त्र का विवरण है। पाणिनीकालीन आचार्य नंदिकेश्वर ने संगीत के सात स्वरों के अलावा 'शुद्ध स्वर' एंव 'विकृत स्वर' के भेद का भी प्रतिपादन किया है, उनका स्वर-प्रतिपादन श्रुति

व्यवस्था पर आधारित है। नंदिकेश्वर ने महेश्वर सूत्रों के आधार पर संगीत-स्वरों का विवेचन किया है। प्रथम चार सूत्रों का विश्लेषण स्वर और ताल के अनुसार किया गया है।

भरतमुनि एंव अभिनव गुप्त ने अनेक संगीताचार्यो का उल्लेख किया है – नारद, दत्तिल, कश्यप, शार्दुल आदि। अभिनव गुप्त ने संगीत-तत्वों के साथ उसके दर्शनपरक एंव रसमय स्वरुप का भी सविस्तर विवेचन किया है। ‘तंत्रालोक’ में सोलह कलाओं का वर्णन करते हुए अभिनव गुप्त ने स्वरों का व्युत्पत्तिपरक विवेचन तथा संगीत के भावात्मक एंव रसात्मक संबंध को रूपायित किया है। कला एंव संगीत का उन्मेष अंततः परमानंद में निष्पन्न होता है। संगीत कला की परिणिति लोकोत्तर आह्लाद एंव आनंदाभूति में होती है।

अभिनव गुप्त के काल से ही संगीतशास्त्र के ग्रंथों की परम्परा का प्रवर्तन परिलिक्षित होने लगा। ‘संगीत रत्नाकर’, ‘संगीतसुधाकर’, ‘संगीत दामोदर’ आदि कुछ उल्लेख्य ग्रन्थ हैं। ‘संगीत रत्नाकार’ तो संगीतशास्त्र के मुख्य एंव आधारभूत ग्रन्थ के रूप में प्रतिष्ठित है। इसके लेखक आचार्य शारंगदेव ने भी संगीत एंव नव रसों का उल्लेख करते हुए संगीत के नादपरक आह्लाद, रागात्मक विधान एंव लोकोत्तर आनान्दास्वाद को रेखांकित किया है।

## 92
## वैदिकसंहितासु युद्धविद्या

**डॉ. परांम्बा श्रीयोगमाया**
अध्यापिका, स्नातकोत्तरवेदविभागः, श्रीजगन्नाथसंस्कृतविश्वविद्यालयः, पुरी, ओडिशा
*E-mail: parambasam@gmail.com*

वेदे युद्धविद्या युद्धकला शस्त्रास्त्रविज्ञानमित्यादयः शब्दाः यद्यपि असमञ्जसाः प्रतीयन्ते तथापि सर्वज्ञानमयत्वात् एतज्ज्ञानमपि वेदात् प्रसिद्ध्यति। ब्राह्मणग्रन्थानामाख्यानेषु तत् सम्भावयितुं शक्यते। परन्तु संहितासु अपि देवतानामायुधवर्णनप्रसङ्गे द्रव्यसंयोगप्रसङ्गे च वज्रं शरः शृङ्गं शल्यं पाशः पविः असिः सायकं निष्कः इषुः हेतिः प्रहेतिः इत्यादीनां शस्त्रास्त्राणां वर्णनं संहितासु अवाप्यते। ऋग्वेदे इन्द्रेण सह अहिनामकस्य राक्षसस्य (मेघस्य) बलस्य दासजातेः दस्योः शम्बरस्य दानुपुत्रस्य रौहिणस्य यः संग्रामः वर्णितोऽस्ति तत्र इन्द्रः युद्धस्य तथा विजयस्य देवतेति (ऋक् 2.12) प्रसिद्धः । रुद्रः शत्रुबाधकः शत्रुविध्वंसकः पापतारकः (ऋक् 2.33) इत्यादिरूपेण ऋग्मन्त्रेषु संस्तुतोऽस्ति।

माध्यन्दिनवाजसनेयिसंहितायां चयनप्रकरणात्मकाध्यायेषु पञ्चदशाध्याये ‘नाकसद्संज्ञकानामिष्टकानां चतुर्दिक्षु संस्थापने कस्यां दिशि का देवता शत्रुहेतीनां प्रतिरोधकः तद्वर्णनं पुनः पञ्च पञ्चचूडसंज्ञकानामिष्टकानां संस्थापने सर्वतोभावेन यागरक्षार्थं पूर्व-दक्षिण-पश्चिमोत्तरोर्ध्वदिक्षु देवतानां प्रतिष्ठापरिकल्पनया सह तासां सेनानीग्रामणीनां हेतिप्रहेतीनाञ्च सुस्पष्टं विवरणमवाप्यते। षोडशाध्याये रुद्रायुधानां वर्णनं तथा तस्य बलकृतिनां समुल्लेखः शत्रोः अभिभवितात्वेन तस्य चित्रणं करोति। अथर्वसंहितायामाग्नेयास्त्रं वायव्यास्त्रं (अथर्व. 3.1) धूम्रास्त्रप्रयोगः (11.10) वाणयुद्धं (11.10) जालयुद्धं (8.8) यत्र चतुर्विंशतिसंख्यकाः मन्त्राः सन्ति इत्येतेषां समुन्नतयुद्धप्रयुक्तिविद्यायाः उल्लेखः समरकलायाः समृद्धिं सूचयति। राक्षसदस्यूनां हननं वृत्रवधः शत्रुक्षयः विजयप्राप्तिः यज्ञरक्षा राष्ट्ररक्षा इत्यादीनां युद्धसम्बन्धतत्त्वानां परिवर्णनमृग्यजुरथर्वसंहितासु दृश्यते। इन्द्ररुद्रौ युद्धदेवते इति मन्त्रवर्णनासु वक्तुं शक्यते। अग्निः वायुः वरुणः अश्विनौ अपि शत्रुपीडकाः युद्धसहायकाः भूत्वा स्तोतॄन् परिरक्षन्तीति वर्णनमवाप्यते। अस्मिन् शोधपत्रे वैदिकसंहितासु (क) समरकलायाः (ख) तत्र व्यवहृतानां शस्त्रास्त्राणां (ग) विविधास्त्रैः सह देवतासम्बन्धस्य (घ) युद्धे वर्णितानां रथाश्वादीनां (ङ) प्रत्यक्षपरोक्षयुद्धविद्यायाश्च चित्रोपस्थापनाय नम्रः प्रयासः क्रियते।

## 93

# औपनिषदिक काव्यतत्व–विमर्श

**सुश्री पूजा सिंह**

शोधच्छात्रा, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email- poo.jnu@gmail.com*

भारतीय ज्ञान परम्परा में उपनिषदों का विशेष स्थान है। उपनिषद् वेदों का अन्तिम भाग होने से 'वेदान्त' कहलाते हैं। उपनिषदों में मुख्य रूप से जीवन के दार्शनिक पक्षों का विशेष उल्लेख प्राप्त होता है। सूक्ष्म रूप से अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि उपनिषदों में गम्भीर एवं उदात्त विचारों की अभिव्यक्ति कलात्मक ढ़ंग से की गयी है। यद्यपि उपनिषद् के वाक्य प्रभुसम्मित माने गये हैं तथापि उसमें काव्यसौन्दर्य स्वरूप अलङ्कार, रस, गुण, रीति, वक्रोक्ति एवं ध्वनि तत्त्व परिलक्षित होते हैं। उपनिषदों का काव्य रहस्यात्मक तथा नैतिक विचारों से परिपूर्ण है। ऋषियों द्वारा अभिव्यक्ति की शैली ने उपनिषद् विचार को काव्यत्व रूप प्रदान किया। यही काव्यतत्त्व परवर्ती साहित्यकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी।  मात्र वेद ही नहीं अपितु सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड ही ईश्वर का काव्य है। ईश्वर अपनी सर्जनशक्ति के द्वारा इस सम्पूर्ण संसार का तथा वेदों का स्रष्टा माना जाता है। अतः ईश्वर तथा उसकी सृष्टि के गूढ़ रहस्य का प्रकाशन करने वाले उपनिषदों में काव्यतत्त्व का अभाव संभव नहीं हो सकता है। यही कारण है कि भरतमुनि ने नाट्य के सभी अङ्गों अर्थात् संवाद, गान, अभिनय तथा रस की उत्पत्ति क्रमशः ऋक्, साम, यजुष् तथा अथर्व वेद से मानी है।

उपनिषदों में वर्णित काव्य जीवन के 'सत्य' एवं 'शिव' (कल्याण) पक्ष से सम्बन्धित है। इसमें प्रकृति एवं प्रेम सम्बन्धी तत्त्वों का वर्णन प्राप्त नहीं होता है। ऋषियों ने जिस गूढ़तत्त्व के रहस्य को जाना उसका कथन उन्होंने काव्यात्मक ढ़ंग से किया और उनकी यही अभिव्यक्ति रस, अलङ्कार, रीति, ध्वनि तथा गुणादि रूप में प्रस्फुटित हुई। **'हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्'** (ईशावास्योपनिषद्, मन्त्र-१५) इस स्थल में ऋषि ने उपमेय का उल्लेख नहीं किया है मात्र उपमान (हिरण्मय पात्र) ही उल्लिखित है। यहाँ रूपक अलङ्कार का प्रयोग किया गया है। इसी प्रकार उपनिषद् में ऐसे अनेक स्थल हैं जहाँ काव्य के तत्त्वों का स्पष्ट रूप परिलक्षित होता है। अतः उपनिषद् को सहज काव्य कहना उचित ही होगा, जिसमें कृत्रिमता का सर्वथा अभाव है।

## 94

# ऋग्वेद में काव्यस्वरूप

**सुश्री रक्षिता**

शोधच्छात्रा, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*E-mail: saurabhkumar.om@gmail.com*

*"कवे: कर्म काव्यम्" "कवनीयम् काव्यम्"* इत्यादि निर्वचनों के अनुसार कवियों के रस और भाव से युक्त रमणीय शब्दार्थ योजना को काव्य कहा गया है। प्रकृति के नियमों के अनुसार ही संसार का प्रत्येक कार्य होता है, जैसे-पुष्पों में सुगंध या धार्मिक विश्वासों के अनुसार शरीर को त्याग कर ही स्वर्ग प्राप्ति होती है, किन्तु काव्य जगत् की सृष्टि इससे विलक्षण है। यह प्रकृति के अटल नियमों से बंधी हुई नहीं है। कवियों के इस अनूठे संसार में इसी शरीर से स्वर्ग प्राप्ति भी संभव है- *"स्वर्गप्राप्तिरनेनैव देहेन वरवर्णिनी"*। सृष्टि के आदि में ऋग्वेद के आदि कवि ने

जीवनदायिनी, ज्ञानप्रेरक शक्ति का स्मरण किया -"*अग्निमीडे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् । होतारं रत्नधातमम्"* ।

आदि कवि ने "*उपह्वरे गिरीणाम् संगमे च नदीनाम्*" कहकर प्रकृति सौंदर्य को अपने हृदय में अनुभव किया और "*सूर्यो देवीमुषस रोचमानां मर्या च योषामभ्येति*" कहकर अपने हृदय के कोमल भावो को उजागर किया। ऋग्वेद की अनेक ऋचाओं में कवि के उपदेश सरल एवं स्पष्ट शब्दों के माध्यम से दिए गए हैं, जिनमें अभिधा शब्दशक्ति का प्रयोग है। लक्षणा का प्रयोग भी अनेक स्थानों पर मिलता है - *"य आत्मदा बलदा यस्य"* । ऋग्वेद में व्यंजना का प्रयोग भी अनेक स्थानों पर मिलता है, जैसे-*"नासदासीन्नोसदासीत्तदानीम्"* । यहाँ व्यंजनाशक्ति से यह रहस्योद्भावन होता है कि यह जगत् नश्वर और क्षणभंगुर है।

# 95

# शुक्लयजुर्वेदीय दयानन्दभाष्य में शिल्पकला : एक अध्ययन

**डॉ. रञ्जन लता**

सहायक आचार्य, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,

गोरखपुर, उत्तर प्रदेश

*E-mail: ranjanjnu13@gmail.com*

'सर्वज्ञानमयो हि सः' वेद की सर्वज्ञानमयता को सार्थक करता हुआ मनु महाराज का यह वचन आज भी प्रासङ्गिक है। आज विश्व के समस्त विद्वान् वैज्ञानिक, दार्शनिक, योगिजन इस तथ्य को हृदयतः स्वीकार करते हैं। वैदिक परिप्रेक्ष्य में जब भारतीय भारतीय कलाओं की बात की जाय तो हम पाते हैं कि कहीं न कहीं सभी कलाओं के मूल बिन्दु भी वेदों में अनुस्यूत हैं। मेरा शोधपत्र इस दिशा में शुक्लयजुर्वेदीय दयानन्दभाष्य के आलोक में शिल्पकला के बीजानुसन्धान का प्रयास है। इस शोधपत्र में शिल्पकला के किस स्वरूप को वेद प्रतिपादित करता है, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषदों में शिल्पकला का आकार प्रकार क्या है? शुक्लयजुर्वेदीय दयानन्दभाष्य में शिल्पकला का क्या स्वरूप है, सायण, उव्वट, महीधर के भाष्यों में शिल्पकला को किस रूप में देखा गया है? कैसे उससे लाभान्वित हुआ जा सकता है तथा क्या यह जाति आधारित है या कर्माधारित? इन विषयों के उत्तर स्वरूप स्थाली पुलाकन्याय से वेद, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषदों को लिया जाएगा तथा इस शोधपत्र में मुख्यतः शुक्लयजुर्वेदीय दयानन्दभाष्य आधार स्वरूप रहेगा।

# 96

# वैदिकसंहितासु वास्तुकला

**डॉ. रणजित बेहेरा**

एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृतविभागः, दिल्ली-विश्वविद्यालयः, दिल्ली

*E-mail: ranjit1213@rediffmail.com*

प्राणिनः यत्र निवसन्ति तत् वास्त्वीत्यभिधीयते। 'गृह' इति पदस्य कृते भूमि-पदं प्रयुक्तममरकोशकारेण, तद्यथा–वेश्मभूर्वास्तुस्त्रियाम्। विविधेषु कोशग्रन्थेषु वास्तु-पदाय 'वास-योग्य-भूमिः' इति स्वीकृतम्। ऋग्वेदे वास्तु-शब्दः मुख्य-निवास-योग्य-स्थानरूपेण प्रयुक्तः – ता वां वास्तून्युश्मसि गमध्यै यत्र गावो भूरिशृङ्गा अयासः

(ऋ. 1.154.06)। परं वास्तुशास्त्रीयग्रन्थेषु वास्तुपदस्याभिप्रायो व्यापक इति परिलक्ष्यते। आचार्यविश्वकर्मानुसारं यत्र देव-मनुष्य-गज-गौ-अश्वादयो निवसन्ति तत् वास्तु इति –

देवतानां नराणाञ्च गजगोवाजिनामपि।
निवासभूमिश्शल्पज्ञैर्वास्तुसंज्ञमुदीरितम्॥ (विश्वकर्मवास्तुशास्त्रम् ७.१)

वास्तुकलाया अवधारणाऽत्यन्तं प्राचीना एव। सामान्यतः वास्तुसम्बन्धिनी कला वास्तुकलेति। मानवानां कृते किमपि स्थानं निवासयोग्यनिर्माणे या कला समपेक्षिता सैव वास्तुकला। एतदन्तर्गते भवनस्य विन्यासः, आकलनं, संरचना, आवश्यकतासम्पूर्तिरित्यादयः समायान्ति। वैदिकवाङ्मयानुशीलनेनेनत्प्रतीयते यत् भवननिर्माणस्याधाराः न केवलं काष्ठा आसन् अपि तु मृत्तिकाः, ईष्टिकाः ग्रावाणश्चापि प्रयुञ्जन्ते स्म।

ऋग्वेदे वास्तोष्पति-पदस्योल्लेखो वर्तते यस्यार्थो भवति 'वास्तोः पतिः/स्वामी' इति। पदस्यास्य व्याख्या विविधैर्बुधैः भिन्न-भिन्न-रीत्या विहिता। वैदिकवाङ्मये भवननिर्माणस्य यज्ञ-वेदिनिर्माणस्य च विविधा निर्देशाः सम्प्राप्यन्ते। शोधपत्रमिदं वैदिकवास्तुकलाविषये सम्यक् विश्लेषणं विधास्यति।

# 97
# वैदिक कृषि कला

**सुश्री रेखा कुमारी**
शोधच्छात्रा, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: therekha19k@gmail.com*

भारत प्राचीनकाल से ही कृषि प्रधान देश रहा है जिसके प्रणाम सिंधुघाटी की सभ्यता से मिलने शुरु होते हैं। आर्यों की धारणा थी कि मानवों के कल्याण के लिये सर्वप्रथम देवताओं ने खेती का कार्य प्रारम्भ किया था। ऋग्वेद के अनुसार सर्वप्रथम अश्विन देवों ने आर्यो को हल के द्वारा बीज बोने की कला सिखाई थी। अतः यह स्पष्ट है कि वेदों मे कृषि को एक कला के रूप में समझा जाता है।

वैदिक संस्कृति को समझने के लिये वेद के पास प्रत्येक प्रकार की दृष्टि है। गृह्यसूत्रों में कृषि के प्रकारों का उल्लेख किया गया है। हल, कुदाल, दरात तथा कुल्हाड़ी आदि का प्रयोग कृषि के लिये ही होता था। सिंचाई के साधन, कृषि उपकरणों का प्रयोग, प्रमुख फसलें एवं खाद का प्रयोग इत्यादि कृषि कला के अन्तर्गत ही आते हैं। वैदिक ग्रन्थों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उस काल में लोगों का जीवन विविध कलाओं से पूर्ण था। वैदिक कालीन आर्थिक व्यवस्था में कृषि का अत्यधिक महत्त्व था जिसे लोग व्यवसाय तो मानते ही थे साथ ही एक कला भी मानते थे। कृषि को कला के रूप में स्वीकार भी किया गया है। कृषि से सम्बन्धित भूमि सूक्त तथा अक्ष सूक्त के अतिरिक्त अन्य वैदिक सूक्त भी उपयोगी हैं। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से यह प्रतिपादित करने का प्रयास किया जा रहा है कि मनुष्य के जीवन में कई कलायें इस प्रकार की हैं जो मानव को वेदों से ही प्राप्त हुयी है। वेद के ऋषि ने वेदों में काव्यकला, नृत्यकला, वाद्यकला, संगीतकला, आभूषण कला, युद्ध कला का विशेष रूप से वर्णन किया है वहीं वैदिक कृषि कला पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला है।

पत्र में कृषि की प्राचीनता, महत्त्व, प्रयोजन, उपकरण, विविध विधियां, सिंचाई, खाद तथा कृषि नाशक तत्वों पर भी विशेष रुप से प्रकाश डालते हुए वैदिक कृषि कला के अत्यन्त महत्वपूर्ण स्वरूप को वैदिक कला की दृष्टि से प्रस्तुत किया जायेगा।

# 98

## सामगान के क्रुष्टादि स्वरों तथा सांगीतिक स्वरों में सम्बन्ध

### (नारदीयशिक्षा तथा कौथुम शाखा की गुर्जर पद्धति के विशेष सन्दर्भ में)


**डॉ. ऋषिराज पाठक**

तदर्थ सहायकाचार्य, संस्कृत विभाग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, दिल्ली

*E-mail: rishiraj.pathak.sanskrit@gmail.com*



सामगान में अधिकतम सात तथा न्यूनतम पाँच स्वर प्रचलित हैं। ये क्रमशः हैं – क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र तथा अतिस्वार्य। नारदीयशिक्षा में इन स्वरों की तुलना संगीत के षड्जादि स्वरों से की गयी है। नारदीयशिक्षा के अनुसार सामगानों का प्रथम स्वर वेणु का मध्यम स्वर है, द्वितीय स्वर गान्धार स्वर है, तृतीय स्वर ऋषभ स्वर है, चतुर्थ स्वर षड्ज स्वर है, पञ्चम स्वर धैवत स्वर है, षष्ठ स्वर निषाद स्वर है तथा सप्तम स्वर पञ्चम स्वर है। उल्लेखनीय है कि नारदीय शिक्षा में क्रुष्ट आदि के स्थान पर प्रथम, द्वितीय आदि संख्यात्मक नाम प्रयुक्त हुए हैं। सामस्वर तथा गान्धर्वस्वर, दोनों की तुलना से स्पष्ट होता है कि सामगान के स्वर आरोहात्मक न होकर अवरोहात्मक थे। साम के वर्तमान गानों में भी यही स्वर क्रम प्रचलित है। षड्ज के बाद निषाद के स्थान पर धैवत का उल्लेख होने से सूचित होता है कि नारदीय शिक्षा के काल में सामगान का वक्रग्राम प्रचलित था। साम के क्रुष्ट आदि स्वरों की एक अन्य विशेषता यह भी है कि ये अन्वर्थक हैं अर्थात् इनके नामों के आधार पर इनकी विकासयात्रा को रेखांकित किया जा सकता है। इसी तरह इनकी संज्ञाओं से इनके सप्तकगत स्थान भी द्योतित होते हैं। उल्लेखनीय है कि नारद मुनि के अतिरिक्त आचार्य सायण, श्रीनिवास ऐयंगर तथा श्री लक्ष्मण शंकर भट्ट द्रविड ने भी प्रचलित स्वरों के साथ सामस्वरों का सामंजस्य स्थापित किया है। प्रसंगवश यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि जिस प्रकार षड्जादि स्वरों में बाईस श्रुतियाँ अवस्थित हैं, उसी प्रकार क्रुष्ट आदि स्वरों में दीप्ता आदि पाँच श्रुतिजातियाँ अवस्थित हैं। सामस्वर तथा गान्धर्व स्वरों की सैद्धान्तिक तथा प्रायोगिक व्याख्या करना इस शोधपत्र का उद्देश्य है।


# 99

## ऋग्वेद में आभूषण कला


प्रो० शशि तिवारी

अध्यक्ष, वेव्स

*E-mail: shashitiwari_98@yahoo.com*



ऋग्वेदिक मंत्रों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि आर्य जनों के परिधान और आभूषण उनके कलात्मक पक्ष के प्रमाण हैं। यहां पूषन् देवता वस्त्र बनाने के लिए प्रशंसनीय हैं, तो दूसरे कई देवता स्वर्ण से अलंकृत परिधान धारण करने वाले बताए गए हैं। सभी वैदिक जन वेशभूषा के समान अलंकरण के प्रेमी थे। अलंकरण की प्रवृत्ति के समान होने पर भी स्त्री और पुरुषों के आभूषणों में पर्याप्त अंतर था। ऋग्वेद में आभूषणों की सामान्य चर्चा के अतिरिक्त कुछ विशेष आभूषणों के नाम ही प्राप्त होते हैं। साधारणतया स्वर्ण तथा स्वर्ण के अलंकारों के हेतु 'हिरण्यै" शब्द प्रयुक्त हुआ है। यह आभूषण कैसे बनते थे, इसके संकेत का मंत्रों में अभाव है । स्वर्ण, हिरण्य के आतिरिक्त रजत  शब्द भी धातुविशेष का वाचक है। स्तूप, शिप्र, कुरीर, ओपश शब्दों से प्राय: सिर के आभूषणों का उल्लेख किया गया है। कर्ण-शोभना  कानों के आभूषणों का वाचक है। गले में धारण किए जाने वाले  मणिग्रीव एवम्

निष्कग्रीव विशेषण पदों से स्पष्ट होता है कि इनको पुरुष भी समान रुप से धारण करते थे। 'खादि' शब्द हाथ के आभूषणों के लिए है, तो न्योचनी, वरुणपाश, हिरण्य-वर्तनी कटि के आभूषणों के द्योतक हैं। आभूषणों के प्रयोगों से वैदिक जनों की अलंकार प्रियता तो ज्ञात होती ही है, साथ ही सौंदर्य के प्रति उनकी दृष्टि का भी ज्ञान होता है।

# 100

# वेद मंत्रों में संगीतकला व सस्वर पाठ के द्वारा विभिन्न रोगों की चिकित्सा का वैज्ञानिक चिन्तन

**डॉ. श्वेत केतु शर्मा**

१०/१२,केलाबाग सावित्री सदन, बरेली, उत्तर प्रदेश

*E-mail: shellu.research@gmail.com*

वेदों में संगीत कला के विभिन्न रुपों गायन, वादन, उच्चारण, पाठ आदि का चिंतन शारिरिक मानसिक तनाव व विभिन्न रोगों की चिकित्सा के संदर्भ में ऋग्वेद, अथर्ववेद व सामवेद में मिलता है, जहां एक ओर अथर्ववेद में सम्पूर्ण चिकित्सा विज्ञान का विषद चित्रण है वहीं संगीत कला के गायन वादन उच्चारण पाठ का भी शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकता है। वेद मंत्रों से अनेकों रोगों का उपचार, निदान सफल है। केवल अपने अनुकूल प्रभावशाली मंत्रों को चुनने वाले तथा उसके शुद्ध उच्चारण से मनन गुनन करने की आवश्यकता है। वेद मंत्रों का सस्वर उच्चारण गायन वादन उच्चारण पाठ उठते-बैठते, सोते जागते, सत्य शुद्ध उच्चारण या पाठ करते रहने से शरीर में स्फूर्ति और ताजगी, स्वास्थ्य लाभ में चमत्कारिक रूप से अन्दर अन्तर दिखना शुरू हो जाता है।

वेद मंत्रों में उसकी शक्ति का सार गायन वादन पाठ व विशुद्ध उच्चारण में भी निहित है, इसका उच्चारण एक निश्चित लय व ताल से करना होता है। उदाहरणार्थ एक विन्दु के तीन अलग-अलग उच्चारण हैं: - गंगा शव्द ङ प्रधान है। गन्दा शव्द न प्रधान है। गंभीर शव्द म प्रधान है। अर्थात् इसमें क्रमशः ङ, न और म का उच्चारण हो रहा है। शुद्ध उच्चारण में सस्वर पाठ भेद के उपरांत तीन स्वर के अन्तर को स्पष्ट किए बिना गायन, पाठ व उच्चारण संभव नहीं है। शुद्ध उच्चारण से एक निश्चित् ताल व लय के द्वारा नाड़ियों में स्पंदन होने से शारीरिक स्वास्थ्य व विभिन्न रोगों के निदान के लिए उपयोग संभव है। प्रस्तुत शोध में वेद मंत्रों के वर्णास्वर के द्वारा उसको गायन वादन उच्चारण के सस्वर पाठ से विभिन्न रोगों को दूर करने का वर्णन किया है जैसे :- ईशावास्यमिदं सर्वं यद् किञ्चित् जगत्यां जगत् ------- का सस्वर उच्चारण या पाठ शरीर की रक्त वाहिनियों में रक्त संचार को व्यवस्थित कर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास करता है। विभिन्न मंत्रों के अर्थों के साथ उसके शारीरिक रोगों का भी संवन्ध है,यदि अर्थों के साथ उस मंत्र का सस्वर उच्चारण या पाठ किया जाये तो उस रोग को भी दूर किया जा सकता है। इस प्रकार विभिन्न मंत्रों के द्वारा विभिन्न रोगों को दूर करने में सहायता मिलती है। इसमें वैज्ञानिकों ने जो अनुसंधान किए गए हैं उसका भी वर्णन किया है।

इस प्रकार शोध पत्र में सामान्य वेद पाठ, सस्वर उच्चारण व वेदपाठ, वेद मंत्रों की ध्वनियां, वैदिक पुरुष सूक्त का सस्वर पाठ, सामवेद सस्वर पाठ, रूद्राभिषेक सस्वर पाठ आदि के पाठ का वी डि ओ को भी स्वास्थ्य के

लिए के लिए संलग्न किया है। अन्त में आज कल प्रदूषण, चकाचौंध जीवन में शरीर विभिन्न वायरल वैक्टेरियल इन्फेक्शन से विभिन्न रोगों से ग्रस्त हो रहा है, ऐसे में हमें भारतीय ऋषि मुनियों के वैदिक चिन्तन को अपने जीवन में अवतरित करना पड़ेगा, तभी शरीर को विभिन्न रोगों से स्वस्थ्य रखने पायेंगे।उन्हीं में वेद मंत्रों से स्वास्थ्य लाभ महत्वपूर्ण है,जो वेद मंत्रों के गायन वादन उच्चारण पाठ से संभव है। प्रस्तुत शोध पत्र में निम्नलिखित विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए विषय का प्रतिपादन किया गया है:-(१) प्रस्तावना (२) वेदों में संगीत कला (३) अथर्ववेद व सामवेद में संगीत गायन का चिकित्सा पक्ष(४) वैदिक कालीन वाद्य यंत्र (५) वेद मंत्रों में स्वर चिंतन (६) वेद मंत्रों के गायन वादन उच्चारण व पाठ से विभिन्न रोगों की चिकित्सा (७) वेद मंत्रों पर वैज्ञानिक अनुसंधान (८) विभिन्न सस्वर वेद पाठ की वी डि ओ एवं (९) उपसंहार।

## 101

## भारतीय स्थापत्य कला का अध्ययन: वैदिक स्थापत्य एवं बौद्ध स्थापत्य के विशेष सन्दर्भ में

**सुश्री सोनल बैरवा**
शोधच्छात्रा, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: sonalsirohi90@gmail.com*

कला सिर्फ एक शब्द नहीं है। इसकी अर्थ व्यापकता के अनेक क्षेत्र हैं। भाषा संस्कृति, इतिहास और समाज में यह अनेक रूपों में स्थापित है। इसका प्रयोग विभिन्न अर्थों में किया जाता रहा है। जहाँ संस्कृत में यह शब्द अलंकरण और शोभा से सम्बन्धित है, वहीं इतिहास व संस्कृति में इसे सौन्दर्य अथवा आनन्द से परिभाषित किया गया है, साथ ही प्राचीन भारत में इसे साहित्य और संगीत के समकक्ष माना गया है। कला के अन्तर्गत स्थापत्य कला का स्थान है। भवनों के विन्यास, आकल्पन और रचना की परिवर्तनशील समय, तकनीक और रुचि के अनुसार स्थानों के तर्कसंगत एवं बुद्धिसंगत निर्माण की कला जिसमें विज्ञान एवं तकनीक का सम्मिश्रण हो, उसे स्थापत्य कला कहते हैं। प्रकृति, बुद्धि एवं रुचि द्वारा निर्धारित और नियमित कतिपय सिद्धान्तों और अनुपातों के अनुसार रचना करना इस कला का सम्बद्ध अङ्ग है। युगों के द्रुत विकासक्रम में स्थापत्य कला विकसित हुई और मानव की परिवर्तनशील आवश्यकताओं के अनुरूप बनी।

वैदिक साहित्य के अन्तर्गत स्थापत्य कला के अनेक सन्दर्भ प्राप्त होते हैं। यजुर्वेद के मन्त्रों में मानव तथा ब्रह्माण्ड के सम्बन्ध का सन्दर्भ प्राप्त होता है जो कि आगे चलकर मन्दिर स्थापत्य के रूप में दिखाई दिया। मठ, शिक्षा के केन्द्र, विश्राम गृह इत्यादि के रूप में दिखाई देते थे। सिन्धु घाटी सभ्यता के समय नगर स्थापत्य कला के साक्ष्य प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार बौद्ध स्थापत्य का भी भारतीय संस्कृति में विशिष्ट स्थान है। बौद्ध वास्तुकला से तात्पर्य स्थापत्य के उन अवयवों से है जिनका निर्माण बौद्ध धर्म से प्रभावित होकर किया गया है। इसमें मुख्य रूप से चैत्य, विहार, गुफा तथा स्तम्भ आदि शामिल हैं।

प्रस्तुत शोधपत्र में भारतीय स्थापत्य कला के अन्तर्गत विशिष्ट स्थान रखने वाली वैदिक स्थापत्य कला तथा बौद्ध स्थापत्य कला का विवेचन किया जाएगा, वर्तमान समय में इनका अध्ययन ऐतिहासिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से अति महत्त्वपूर्ण है।

## 102

# स्थापत्योपवेदे आचार्यविश्वकर्मणा विरचितस्य शिल्पवास्तुशास्त्रस्य राजकीयनिर्माण-परियोजना : एकं विश्लेषणात्मकमध्ययनम्

**श्री सुजन महापात्रः**

शोधच्छात्रः, असमविश्वविद्यालयः, सिलचरम्, असमः

*E-mail: sujanbandhu123@gmail.com*

वेदानां सम्यग्रूपेणावबोधनार्थं वेदाङ्गानां महत्वपूर्णं स्थानमस्ति। वेदाङ्गानि विना वेदानां यथार्थमभीष्टं ज्ञानञ्च भवितुं नार्हति। एतद्विहाय प्रत्येकं वेदस्य उपवेदोऽपि प्राप्यते। उपवेदेतिनाम्ना बोध्यते 'व्यावहारिकज्ञानम्', यत्ज्ञानस्य उत्सः संश्लिष्टवेदः। ऋग्वेदस्य उपवेदः- धनुर्वेदः, सामवेदस्य् गान्धर्ववेदः, यजुर्वेदस्य स्थापत्यवेदः अथर्ववेदस्य आयुर्वेदश्च। स्थापत्योपवेदे विविधानि निर्माणानि विषये विस्तृतालोचना परिलक्ष्यते। स्थापत्योपवेदस्य अन्तर्गतविषयाः यथा- वास्तुः, भास्कर्यः, चित्रकला इत्यादयः। भारतीय- स्थापत्यस्यकलायाः पृथक् भागद्वयमस्ति- (क) नागरः तथा उत्तरभारतीयः (ख) द्राविडः तथा दक्षिणभारतीयश्च। एतस्य भागद्वयस्य उल्लेखयोग्यानि साहित्यिकनिदर्शनानि—

(क) नागरः तथा उत्तरभारतीय-साहित्यिकनिदर्शनानि, तद्यथा – विश्वकर्मशिल्पवास्तुशास्त्रम्, समराङ्गण-सूत्रधारः, अपराजितपृच्छा, विश्वकर्मापुराणम्, विश्वकर्माप्रकाशः, विश्वकर्मीयम्, विश्वकर्मीयशिल्पशास्त्रम्, वास्तुप्रकाशः, जयसंहिता, ज्ञानप्रकाशदीपार्णवः प्रभृतीनि। (ख) द्राविडः तथा दक्षिणभारतीय-साहित्यिकनिदर्शनानि, तद्यथा – मयमतम्, मानसारः, शिल्परत्नम्, मनुष्यालयचन्द्रिका, काश्यपशिल्पम्, सकलाधिकारः, मयशास्त्रम्, मयदीपिका, मयसंग्रहम् प्रभृतीनि।

संस्कृवाङ्मये सन्ति वहवः वैज्ञानिकग्रन्थाः यत्र विज्ञानविषयणी कथा वादजल्पादिमाध्यमेन अस्माभिः प्राप्यन्ते। वैदिकवाङ्मयादाराभ्य आधुनिकसंस्कृतग्रन्थेषु नानाविधविज्ञानं प्राप्यते। तत्र वास्तुविज्ञानस्यापि अस्ति महत्त्वम्। जीवनस्य प्रत्येकस्मिन् क्षणे क्षेत्रे च वास्तुविज्ञानस्य प्रभावः दृश्यते। वास्तुविद्यापरम्परायाः प्रवर्तकाचार्यः विश्वकर्मा बभूव इति पण्डितैः स्वीक्रियते। प्रस्तुत-शोधपत्रे आचार्यविश्वाकर्मणा विरचिते शिल्पवास्तुशास्त्रे राजकीयवास्तुनिर्माणपरियोजनेति विषये किञ्चिदालोकसम्पातस्य प्रयासः विहितः। विश्कर्मशिल्पवास्तुशास्त्रे राज्ञां कृते वास्तुनिर्माणं कथं भवेत् इत्येतद्विषयकं वर्णनं प्राप्यते।

## 103

# नारदीयशिक्षायां संगीतकलायाः स्थानम् : अध्ययनमेकम्

**सुश्री सुजाता घोष**

शोधच्छात्रा, संस्कृतविभागः, असमविश्वविद्यालयः, शिलचरः, असमः

*E-mail: sujata.mphil@gmail.com*

संस्कृतसाहित्ये वेदानां स्थानं सर्वप्रथमोऽस्ति। ऋक्-साम-यजुः-अथर्वभेदेन चत्वारः वेदाः सन्ति। तन्मध्ये सामवेदः अन्यतमोऽस्ति। सामवेदस्य बहुशाखानां मध्ये तिस्रः शाखाः अधुना समुपलभ्यन्ते। ताश्च यथाक्रमेण राणायणीय-कौथुम-जैमिनीयशाखाश्चेत्यादयः। सामवेदः गीतात्मकः। "गीतिषु सामाख्या" इत्युच्यते। गीतम् अथवा

गानम् इति सामशब्दस्योऽर्थो भवति। सामशब्दस्य 'सा' इत्यनेन ऋक्-मन्त्राः, 'अम' इत्यनेन गान्धारादयः सप्तस्वराः वोद्धव्याः। अतः सामशब्दस्यार्थो भवति मन्त्रेण सह स्वरप्रधानगानम्। सामवेदे गानं ग्रामगेयगानम् अरण्यगेयगानम्, उहगानम् उह्यगानं चेति चतुर्धा विभक्तम्। सामवेदस्य विभिन्नाः ब्राह्मण-आरण्यक-उपनिषद्-शिक्षाग्रन्थाः सन्ति। एते ग्रन्थाः संगीतस्य उत्सग्रन्थत्वेन गृह्यन्ते।

सामवेदस्य शिक्षाग्रन्थः नारदीयशिक्षा संगीतकलायाः मुख्यः स्तोत्रग्रन्थः। सामवेदस्य शिक्षाग्रन्थानुसारेण तथा नारदीयशिक्षानुसारेण विभिन्नपशु-पक्षिणां ध्वनितः सप्तस्वरस्योत्पत्तिर्भवति। नारदीयशिक्षा स्वरशास्त्रम्, एतद्विषये शिक्षाग्रन्थस्य प्रथमश्लोके स्पष्टतया दृश्यते। सामगानस्य सप्तस्वराः यथा- क्रुष्ट-प्रथम-द्वितीय-तृतीय-चतुर्थ-मन्द्रातिसर्यख्याः इति। सम्प्रतिकाले लौकिकसप्तस्वरस्य प्रथमाक्षरं तथा सा,रे,गा,मा,पा,धा,नि चेत्यादयः सप्तस्वराः अस्मिन् नारदीयशिक्षाग्रन्थे उपलब्धाः। ग्रन्थेऽस्मिन् गानस्य तान-राग-स्वर-ग्राम-मूर्छना तथा गानस्य दोष-गुणेत्यादिविषये स्पष्टतया वर्णना अस्ति। अनेन ग्रन्थानुसारेण गानस्य सप्तस्वराणां माध्यमेन यथाक्रमेण देवता-ऋषि-गान्धार-पितृ-यक्ष-भुतप्रेतादयः सन्तुष्टाः भवेयुः। गानस्य सप्तस्वराणां उत्पत्तिस्थानं तथा अधिष्ठात्रि-देवताविषयेऽपि अस्मिन् ग्रन्थे स्पष्टतया उपलभ्यते। गानस्य अपरिहार्यं वस्तु अस्ति वाद्ययन्त्रम्। अस्मिन् ग्रन्थे दारवी तथा गात्र वीणादि विषये वर्णणा अस्ति। वाद्येन सह गानस्य कतिपय नियमाः विषयेऽस्मिन् ग्रन्थे वर्णिताः सन्ति। सामवेदान्तर्गतः नारदीयशिक्षाग्रन्थे सामगानानां सप्तस्वरमण्डलानां वेणोः सप्तस्वरेण सह लौकिकसंगीतस्यस्वरेण सह सादृश्यं प्रदर्शिताऽस्ति।

# 104

# वैदिक युद्ध एवं सैन्य शिक्षण कला

**डॉ. सुमन शर्मा**
पी.डी.एफ्., संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*E-mail: suman.du04@gmail.com*

समाज की रक्षा, स्वराज्य विस्तार के लिये और पीड़ित एवं शोषित राष्ट्र को दुःख निवृत कर सुखी करने के लिये युद्ध आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय जीवन का प्रमुख अंग है। वैदिक साहित्य में युद्ध के शाश्वत प्रतीकों को इंद्र, रुद्र, मरुत् आदि नामों से संबोधित किया गया है। धनुर्विद्या, अस्त्र-शस्त्र युक्त सेना, कवच, सैन्य विभाग इत्यादि अद्भुत कलाओं में ही युद्ध की शक्ति निहित है। हमारी सेना के शूरवीर कैसे हों इसके बारे में वेद ने उपदेश किया- *अश्मा भवतु नस्तुनः* अर्थात् हमारे शरीर पत्थर के सदृश दृढ़ हों क्योंकि वे ही वीर शत्रुओं के आघातों को सह सकेंगे और उन पर प्रहार भी कर सकेंगे। सेना के पास ऐसे सूक्ष्म निरीक्षक एवं दुरवीक्षक यंत्र होने चाहिये जिनकी दर्शन-शक्ति सामान्य दर्शनशक्ति से सहस्त्रगुनी अधिक हो, जिससे दूर से दूर और परोक्ष देशों के गुप्त रहस्यों का पता लग सके। द्युस्थानीय, अन्तरिक्षस्थानीय एवं पृथ्विस्थानीय सेनाओं के कार्य युद्ध एवं रक्षण तो हैं ही परन्तु इनके और भी विशेष कार्यों का वर्णन यजुर्वेद के सोलहवें अध्याय में मिलता है। सेना के शिक्षण हेतु गायत्र-त्रिष्टुभ-जगतेन दलो की छंदों के मान से अनेक संख्या एवं पंक्तियों के निर्माण की प्रेरणा वेद से प्राप्त होती है। वेदों में शकट, विमान, चित्ररथ, देवरथ, वरुथी, सुपर्ण आदि वाहन यान-विमानों का उयोग, अनेक सैन्य एवं युद्ध में प्रधानतया से प्राप्त होता है। वैदिक प्रेरणा द्वारा मनुष्य अपने बौद्धिक एवं शारीरिक सामर्थ्य से आवश्यकता अनुसार विकास एवं आविष्कार कर सकता है।

# 105
# भारतीय संगीत की वैदिक पृष्ठभूमि

**डॉ. सुप्रिया संजु झा**
एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा, उत्तर प्रदेश
*E-mail: supriyasanju@gamil.com*

जन्म- मरण के चक्रों में फंस कर मानव सांसारिक दुखों में उलझता जाता है। उन दुखी हृदय की गाँठ तभी खुलती है और शोक तथा संशय तभी दूर होता है जब हृदय में कला का संचार होता है। वैदिक ग्रंथों में चौसठ कलाओं की चर्चा है जिनमें संगीत को सर्वोच्य कला के रूप में माना जाता है। संगीत रत्नाकर के अनुसार गीत वाद्य और नृत्य - इन तीनों का समुच्चय ही संगीत है। परन्तु भारतीय संगीत का अध्ययन करने पर यह आभास होता है कि इन तीनों में गीत की ही प्रधानता रही है तथा वाद्य और नृत्य गीत के अनुगामी रहे हैं। एक अन्य परिभाषा के अनुसार सम्यक् प्रकार से जिसे गाया जा सके वही संगीत है। अन्य शब्दों में स्वर ताल शुद्ध आचरण हाव-भाव और शुद्ध मुद्रा के गेय विषय ही संगीत है। वास्तव में स्वर और लय ही संगीत का अर्थात् गीत, वाद्य और नृत्य का आधार है।

भारतीय संगीत अपनी मधुरता लयबद्धता तथा विविधता के लिए जाना जाता है। वर्तमान भारतीय संगीत का जो रूप दृष्टिगत होता है वह आधुनिक युग की प्रस्तुति नहीं है बल्कि यह भारतीय इतिहास के प्रारम्भ के साथ ही जुड़ा हुआ है। वैदिक काल में ही भारतीय संगीत के बीज पड़ चुके थे। सामवेद उन वैदिक ऋचाओं का संग्रह मात्र है जो गेय हैं। प्राचीन काल से ही ईश्वर आराधना हेतु भजनों के प्रयोग की परम्परा रही है। यहाँ तक की यज्ञादि के अवसर पर भी समूहगान होते थे। ध्यान देने की बात है कि प्राचीन काल की अन्य कलाओं के समान ही भारतीय कला भी धर्म से प्रभावित थी। वास्तव में भारतीय संगीत की उत्पत्ति धार्मिक प्रेरणा से ही हुई है। परन्तु धीरे-धीरे यह धर्म को तोड़कर लौकिक जीवन से संबन्धित होती गई और इसी के साथ नृत्य कला वाद्य तथा गीतों के नये-नये रूपों का आविष्कार होता गया। कालांतर में नाट्य भी संगीत का एक हिस्सा बन गया। समय के साथ संगीत की विभिन्न धाराएँ विकसित होती गई तथा नये-नये राग नये-नये वाद्य यंत्र और नये-नये कलाकार उत्पन्न होते गये।

# 106
# काव्यसौन्दर्यदृष्ट्या ऋग्वेदसंहिता : एका पर्यालोचना

डॉ. तन्मयपोदारः
सहायकाचार्यः, मालदा-महिला-महाविद्यालयः, पश्चिमबङ्गः
*E-mail: tanmaypodder88@gmail.com*

ऋग्वेदसंहिता न केवलं भारतीयसाहित्यस्य प्राचीनतमं निदर्शनमपि तु इन्दो-युरोपीय-भाषापरिवारान्तर्गतस्य सर्वासां भाषाणां प्राचीनतमं साहित्यमिति स्वीक्रियते। मैक्डोनाल्डमहोदयेनोक्तं यत् - *"The Ṛgveda is undoubtedly the oldest liter`ary monument of the Indo-European languages (A Vedic Reader for students)."* ऋग्वेदसंहितायाः कतिपयेषु सूक्तेषु विविधान् देवान्नुद्दिश्य रचितेषु मन्त्रेषु काव्यसौन्दर्यस्यापूर्वमालेख्यं प्राप्यते। ऋग्वेदीयकतिपयसूक्तानामर्थगाम्भीर्यं तथा काव्यसौन्दर्यं निम्नोक्तमन्त्रे द्रष्टुं शक्यते, तद्यथा –

रथीव कशयाश्वाँ अभिक्षिपन्नाविर्दूतान्कृणुते वर्ष्याँ अह ।
दूरात्सिंहस्य स्तनथा उदीरते यत्पर्जन्य कृणुते वर्ष्यं नभ॥ (ऋग्वेदसंहिता- ५.८३.३)

मन्त्रेऽस्मिन्नुपमालंकारस्य सार्थकः प्रयोगः दृश्यते। प्रथममण्डलान्तर्गते प्रथमे सूक्तेऽप्युपमालंकारस्य अन्यदेकमुदाहरणं परिलक्ष्यते, यथा – स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव। सचस्वा नः स्वस्तये (ऋग्वेदसंहिता- १.१.९)। मन्त्रेऽस्मिन् अग्निर्देवः उपमेयः, पिता उपमानः। यथा पिता पुत्रेभ्यः प्रायेण समवेतो भवति तथैव अग्निर्देवः शोभनप्राप्तियुक्तो भवतु इत्याशयः। पिता इत्युपमानेन सह अग्नेर्देवस्य तुल्यत्वादत्र उपमालंकारः द्योत्यत एव।

पुनः ऋग्वेदसंहितायां विंशत्यधिकानि सूक्तानि प्राप्यन्ते यत्र देवस्तुतिं विहाय देवतानां मध्ये पारस्परिकं कथोपकथनं संदृश्यते। उक्तिप्रत्युक्त्या विरचितानि सूक्तानीमानि संवादसूक्तानीत्युच्यन्ते। सूक्तेष्वेषु प्रमुखाः वर्तन्ते – पुरुरवा-उर्वशी-संवादः, यम-यमी-संवादः, सरमा-पणि-संवादश्च। ओल्डेनवार्ग-महोदयेन संवादसूक्तमाख्यान-सूक्तमिति कथ्यते। शोधपत्रेऽस्मिन् काव्यसौन्दर्यदृष्ट्या ऋग्वेदसंहितायाः समुचित-पर्यालोचनं विधास्यते।

## 107

## वैदिक ऋचाओं में निहित काव्य-सौन्दर्य

**डॉ. विश्वजीत विद्यालंकार**

असिस्टैंट प्रोफ़ेसर, संस्कृत विभाग, कालिन्दी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*E-mail: v.jeetverma@gmail.com*

वेद सब सत्य विद्या एवं ज्ञान-विज्ञान का भण्डार है। पुनश्च इसमें कितनी ज्ञानराशि है, इस सन्दर्भ में सुनिश्चित निर्णय करना सर्वथा असम्भव है। यह अनन्त काल से गाया गया और "श्रुति' नाम से सुना गया ईश्वरीय संगीत है। इसकी मधुर स्वर-लहरी जिन कानों में प्रविष्ट हो गई, वे अन्य सांसारिक संगीत के प्रति तनिक भी अभिरुचि नहीं रखते और इस वैदिक काव्य का अर्थ भी जिसने ग्रहण कर लिया हो उसे तो लोकेषणा में या तो परम कुशलता प्राप्त हो जाती है अथवा इसके प्रति अनासक्ति की भावना से आप्लावित होकर परमानन्द को प्राप्त कर लेता है। वैदिक ऋचाओं को कवियों के कवि परमात्मा का काव्य कहा जाता है—*अथर्ववेदः १०-८-३२* । वेद परमात्मा का अजर-अमर काव्य है। परमात्मा के इस काव्य को देखो, यह न मरता है न जीर्ण होता है। महाप्रलय के पश्चात् जब प्रवाह रूप से अनादि सृष्टि का पुनर्विकास होता है, अव्यक्त जगत् व्यक्त होने लगता है, उसी समय परमात्मा द्वारा प्रदत्त इस महान् एवं अजर-अमर काव्य का उच्चारण पवित्र आत्माओं द्वारा मानव के कल्याण के लिए हुआ था। रस, छन्द, अलंकार, पद-लालित्य, ध्वनि, गति, यति आदि काव्य के सभी अंग वेद में विद्यमान हैं। भारतीय परम्परा में यह सर्वसम्मति से स्वीकार किया जाता है कि निश्चित रूप से लौकिक काव्य का सृजन वेद से ही हुआ है।

**स पर्यागाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्।**
**कविर्मनीषि परिभूः स्वयम्भूर्यथातथ्यतोऽर्थान् शाश्वतीभ्यः समाभ्यः॥**

ऋग्वेदीय अक्ष-सूक्त जैसे शतशः सूक्त हैं जिनमें काव्य के दृश्य अर्थात् नाट्य सौन्दर्य का दर्शन जीवन्तता एवं सजीवता से वेदों में उपस्थित हैं। उक्त सभी तथ्यों के आधार पर वेदों में निहित काव्य-सौन्दर्य को अभिव्यञ्जित करना ही मेरे शोध पत्र का उद्देश्य है।

# 108
# भारतीय तथा जापानी संस्कृति में ललितकलाओं का साम्य

**श्री योगेन्द्र भारद्वाज**
शोधच्छात्रा, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
*E-mail: yogend1993@gmail.com*

प्रस्तुत शोधपत्र में भारतीय संस्कृति और जापानी संस्कृति में विद्यमान ललितकलाओं का विस्तार से विवेचन किया जाएगा। दोनों संस्कृति की ललित कलाओं का विवेचन कर उनका साम्य स्थापित कर दोनों देशों के मध्य परस्पर बन्धुत्व एवं प्रेमभाव की उत्पत्ति इस शोधपत्र के माध्यम से सम्भव है। चूंकि, जापानी संस्कृति से पूर्व में भारतीय संस्कृति का विस्तार हो चुका था और संस्कृति का मुख्य तत्त्व "धर्म" होता है, जिसका समावेश जापान में भारत के द्वारा ही किया गया। जापान की युद्धकला में समुराई का जो स्थान है, वह भारत में वैदिक काल से ही क्षत्रियों का रहा है। ऋग्वेद का पुरुष सूक्त इस तथ्य का स्पष्ट उदाहरण है। युद्धकला के क्षेत्र में भारत की "कलरीपयट्टू" नामक मार्शल आर्ट का ही संशोधित रूप जापानी मार्शल आर्ट है। भगवान परशुराम को कलरीपयट्टू मार्शल आर्ट का जनक माना जाता है। युद्धकला में खड्ग, धनुष, आदि शस्त्रास्त्रों का प्रयोग भारत सदृश ही है। भारतीय संगीतकला में (कर्नाटक शास्त्रीय संगीत) में जो सुर, लय, ताल, मृदंग, वीणा आदि वाद्ययन्त्रों का प्रयोग किया जाता है, उसी प्रकार जापानी नाटक तथा अन्य शास्त्रीय संगीत कार्यक्रमों में इन यन्त्रों का उपयोग किया जाता है, जिसका विवेचन शोधपत्र में विस्तार से किया जाएगा। जापानी संगीत कला को गगाकू संगीत "Gagaku Music" के नाम से जाना जाता है। अनेक नाटकों तथा संगीत कार्यक्रमों में पहने जाने वाले वस्त्रविन्यास (Dresses) भी भारतीय वस्त्र-विन्यास का अनुसरण करते प्रतीत होते हैं। बौद्धधर्म का उद्भव भारत में हुआ और यह भिक्षुकों द्वारा जापान ले जाया गया एवं सम्प्रति फल-फूल रहा है। वेद, समाज को सम्मान की भावना रखने का उपदेश देता है। इसीलिए लोक में श्रीमान्, श्रीमती आदि कहकर परस्पर एक-दूसरे को सम्बोधित करते हैं। जापानी संस्कृति में भी स्वयं से वरिष्ठ व्यक्ति को सम्मानपूर्वक "सान" "शी" "चान" या "सामा" (San, Shi, Chan or Sama) कहकर सम्बोधित किया जाता है। भारतीय संस्कृति में पैर छूकर स्वयं से वरिष्ठ अथवा श्रेष्ठजनों को आदर-सत्कार करते हैं, तत्सदृश जापानी संस्कृति में भी स्वयं को घुटनों तक झुकाकर परस्पर अभिवादन का नियम है, जिससे आदर-सम्मान का भाव प्रकट हो। दोनों ही संस्कृति का परलोक में विश्वास प्राप्त होता है। जहां भारत में आत्मा को ले जाने के लिए यम अथवा यमदूत आते हैं, जापानी संस्कृति में "Enma/Enma Dai-Ō" कहकर यमदूत सदृश व्यक्ति को सम्बोधित किया जाता है।  यह स्वर्ग या नरक की जिम्मेदारी रखता है। अवतार से सम्बन्धित पौराणिक कथाओं की उपलब्धता जापानी संस्कृति में विद्यमान है। यहां तक कि भारत में विष्णु के चतुर्भुज रूप को जापानी वास्तुकला भगवान बुद्ध के चतुर्भुज अवतार में अनुसरण किया गया है। जापानी मन्दिरों (Shrine) में चित्रकला, वास्तुकला व स्थापत्यकला (तोरण, गर्भगृह आदि) में वैदिक ललितकलाओं का स्वरूप देखा जा सकता है। सती प्रथा या जौहर की भांति "ओइबारा" (Oibara) नामक प्रथा जापान में भी विद्यमान थी, जो अब लगभग समाप्त सी है।

❖—❖ —❖